कॉफ़ी बोर्ड, बेंगलूरु

Coffee Board, Bengaluru

84वीं वार्षिक रिपोर्ट

84th ANNUAL REPORT

2023-24

WORLD COFFEE CONFERENCE & EXPO 2023
BENGALURU

विषय-वस्तु

	अध्याय	पृष्ठ सं.
	2023 - 24 एक परिदृश्य	1
I	कार्यकारी सारांश	6
II	बोर्ड का गठन एवं कार्य	13
III	प्रशासन एवं स्थापना	17
III (क)	दिव्यांग कर्मियों का विवरण	25
IV	कॉफ़ी अनुसंधान	26
V	विस्तार एवं विकास	38
VI	बाज़ार विकास एवं संसाधन हेतु समर्थन	48
VII	निर्यात प्रोन्नयन	52
VIII	बाज़ार अनुसंधान एवं आसूचना	66
IX	लेखा एवं वित्त	70

प्रस्तुत रिपोर्ट मूलत: अंग्रेज़ी में लिखित वार्षिक रिपोर्ट का हिंदी अनुवाद है।
यदि इस रिपोर्ट में कोई विसंगति परिलक्षित होती है, तो अंग्रेज़ी में लिखित रिपोर्ट मान्य होगा।

2023-24 एक परिदृश्य

वर्ष 2023-2024 की कॉफ़ी बोर्ड की 84वीं वार्षिक रिपोर्ट सौंपते हुए हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

कॉफ़ी व्यापक रूप से एक उष्णकटिबंधीय व्यापारिक उत्पाद है। लगभग 25 मिलियन तक किसान परिवार कॉफ़ी कृषि कार्य पर निर्भर हैं। विकासशील देशों में उत्पादन केंद्रित किया गया है, जो कॉफ़ी निर्यात आय का बड़ा हिस्सा बन कर किसान परिवारों के लिए आजीविका का प्रमुख स्रोत बन जाते हैं। सबसे बड़े कॉफ़ी उत्पादक देश ब्राज़ील (39%) और वियतनाम (17%) हैं, जो वैश्विक कॉफ़ी उत्पादन की लगभग 56% हिस्सेदारी है। वैश्विक कॉफ़ी उत्पादन में लगभग 3.50% हिस्सेदारी भारत की है जो विश्व में कॉफ़ी का 7वां सबसे बड़ा उत्पादक है। उत्पादक देशों के लिए कॉफ़ी, मुख्य रूप से निर्यातोन्मुख वस्तु है। विश्व में कॉफ़ी का 5वां सबसे बड़ा निर्यातक भारत है, जिसकी वैश्विक कॉफ़ी निर्यात में हिस्सेदारी लगभग 5.20% है।

विश्व में सर्वाधिक पिए जाने वाले पेय पदार्थों में से कॉफ़ी एक है। हर दिन लगभग 3 बिलियन लोग कॉफ़ी का आनंद लेते हैं। यूरोपीय संघ (27%), संयुक्त राज्य अमेरिका (17%) वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े उपभोक्ता और आयातक बाजार हैं, जो वैश्विक कॉफ़ी उपभोग का करीब 43% की हिस्सेदारी रखते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत भले अग्रणी न हो, किन्तु भारत विश्व में सर्वश्रेष्ठ कॉफ़ी का उत्पादन करता है। भारतीय उच्च गुणवत्ता वाली कॉफ़ी ने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में उच्च प्रीमियम की अर्जन सहित अपने लिए एक विशिष्ट स्थान स्थापित किया है, विशेष रूप से रोबस्टा कॉफ़ी, जिसे अच्छी मिश्रण गुणवत्ता के लिए अत्यधिक पसंद की जाती है।

वैश्विक कॉफ़ी उत्पादन और उपभोग

अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन के अनुसार, कॉफ़ी वर्ष 2023-24 के लिए वैश्विक उत्पादन 178 मिलियन बैग्स होने का अनुमान है, जो 2022-23 के 168 मिलियन बैग्स से 5.9% अधिक है। कॉफ़ी वर्ष 2023-24 के लिए वैश्विक उपभोग 177 मिलियन बैग्स होने का अनुमान है, जो कॉफ़ी वर्ष 2022-23 के 173 मिलियन बैग्स के स्तर से 2.3% अधिक है।



स्रोत: अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन

अंतर्राष्ट्रीय मूल्य

कॉफ़ी के मूल्य, इंटरनेशलन कमोडिटी एक्सचेंजों जैसे, अरेबिका के लिए इंटरकॉन्टिनेंटल एक्सचेंज (आईसीई), न्यूयॉर्क और रोबस्टा के लिए आईसीई, यूरोप के मूल्यों से अधिक प्रभावित होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन (आईसीओ), लंदन ने प्रत्यक्ष व्यापार के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आईसीओ सम्मिश्र संकेतक मूल्यों की घोषणा करता है। कॉफ़ी का मूल्य मुख्य रूप से वैश्विक आपूर्ति, मांग और स्टॉक में उतार-चढ़ाव जैसे प्रमुख कारकों द्वारा निर्धारित किया जाता

है। कॉफ़ी फ्यूचर्स बाजारों में विनिमय दरों के उतार-चढ़ाव और व्यापारिक गतिविधियों जैसे अप्रधान कारक मूल्य अस्थिरता को बढ़ा सकते हैं। यह जानकर खुशी होती है कि वर्ष 2023-24 के दौरान रोबस्टा कॉफ़ी (भारत के कॉफ़ी उत्पादन का 70% से अधिक हिस्से वाली) के मूल्यों में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गयी। आईसीओ के अनुसार, वर्ष 2022-23 के दौरान 181.61 यूएस सेन्ट्स/पौंड के वार्षिक औसत सम्मिश्र संकेतक मूल्य की तुलना में वर्ष 2023-24 में वार्षिक औसत आईसीओ सम्मिश्र संकेतक मूल्य 7.06% घटकर 168.79 यूएस सेन्ट्स/पौंड हो गया।

अरेबिका के अन्य मृदु (इस श्रेणी में भारतीय अरेबिका को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में वर्गीकृत किया जाता है) के मूल्यों में कमी दिखाई दी। वर्ष के दौरान, अन्य मृदु के आईसीओ संकेतक मूल्य 183.52 यूएस सेन्ट्स/पौंड से लेकर 229.56 यूएस सेन्ट्स/पौंड तक रहे, जिसका औसत 202.77 यूएस सेन्ट्स/पौंड रहा, जो पिछले वर्ष (2022-23) के औसत मूल्य 242.86 यूएस सेन्ट्स/पौंड से लगभग 16.51% कम है। जबकि, इसी अवधि के दौरान रोबस्टा के मूल्य 115.70 यूएस सेन्ट्स/पौंड से लेकर 165.84 यूएस सेन्ट्स/पौंड तक रहे, जिसका औसत 132.55 यूएस सेन्ट्स/पौंड रहा, जो पिछले वर्ष के मूल्य (102.35 यूएस सेन्ट्स/पौंड) से लगभग 29.50% अधिक है।



भारतीय परिदृश्य

वर्ष 2023 के दौरान, गृष्म ऋतु में मौसम शुष्क और तापमान उच्च रहा। पुष्पण और समर्थन फुहार देर से होने के बावजूद पारंपरिक क्षेत्रों के कॉफ़ी उपजाने वाले सभी प्रदेशों में अधिक प्रभाव नहीं पड़ा। इसके बाद की अवधि में मौजूदा सामान्य मौसम की स्थिति ने कॉफ़ी बागानों में नए पौधों का रोपण और मृदा में पर्याप्त नमीयता बनाए रखने में सहायता की। जहाँ भी उपजकर्ताओं के पास ऊपरी सिंचाई की सुविधा थी, उन्होंने रोबस्टा के फसल लग जाने के लिए पुष्पण और समर्थन सिंचाई की। दक्षिण-पश्चिम मानसून जून 2023 के पहले पखवाड़े में रिमझिम बरसात के साथ दस्तक दी। जुलाई में बादल घुमड कर बरसे ज़बकि सितंबर महीने के दौरान रुक-रुक कर वर्षा हुई। पारंपरिक क्षेत्रों में वर्ष 2022 के मानसून अवधि की तुलना में वर्तमान मानसून अवधि में वर्षा प्राय: 30% कम है। हालांकि, जुलाई महीने में वर्षा ने तालाब, जलधारा और बोरवेल भराव में मदद की। कुल मिलाकर, मानसून ने मृदा की नमीयता और

वानस्पतिक वृद्धि में मदद की। रिपोर्टिंग वर्ष में कोई भी फसल हानि, बाढ़ और भूस्खलन का उल्लेख नहीं है ।

अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में उत्तर-पूर्वी मानसून का प्रवेश हुआ। मध्यम से तेज़ हवा के साथ पूरे मौसम सक्रिय रहा। इसके अलावा, दिसम्बर के महीने में हुई वर्षा से कॉफ़ी की कटाई और प्रसंस्करण को बाधा पहुँची, कुछ हद तक गुणवत्ता भी प्रभावित हुई। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 के दौरान मौसमी परिस्थितियाँ पौधों और फसल के सामान्य स्वास्थ्य और ओज के लिए अनुकूल थीं।

उत्पादन और निर्यात

अरेबिका के 1,00,000 मीट्रिक टन और रोबस्टा के 2,52,000 मीट्रिक टन को शामिल कर पिछले वर्ष (2022-23) की 3,52,000 मीट्रिक टन उत्पादन की तुलना में वर्ष 2023-2024 में 2.41% की वृद्धि के साथ कॉफ़ी का अंतिम उत्पादन 3,60,500 मीट्रिक टन प्राक्कलित किया गया है, जो उल्लेखनीय उत्पादन है जिसमें अरेबिका के 1,01,500 मीट्रिक टन और रोबस्टा के 2,59,000 मीट्रिक टन को शामिल किया गया है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, 1,10,367 मीट्रिक टन पुनर्निर्यात कॉफ़ी सहित 3,83,653 मीट्रिक टन कॉफ़ी के निर्यात के लिए 10,380 करोड़ रुपये (1,254 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है) मूल्य के निर्यात परमिट जारी किए गए। इसमें प्रति मीट्रिक टन के लिए इकाई मूल्य प्राप्ति 2,70,557 रुपये है जो प्रति मीट्रिक टन के लिए 3,269 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। वर्ष 2022-23 के दौरान, (98,057 मीट्रिक टन पुनर्निर्यात सहित) 3,96,386 मीट्रिक टन कॉफ़ी के निर्यात के लिए 8,985 करोड़ रुपये (1,120 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है) मूल्य के निर्यात परमिट जारी किए गए। इसमें प्रति मीट्रिक टन के लिए इकाई मूल्य प्राप्ति 2,99,301 रुपये है जो प्रति मीट्रिक टन के लिए 2,826 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है।

पिछले वर्ष में 118 देशों को जारी किए गए निर्यात परमिट की तुलना में वर्ष 2023-24 के दौरान, 113 देशों को कॉफ़ी के निर्यात के लिए निर्यात परमिट जारी किए गए जिनमें से इटली, जर्मनी, रूसी संघ, संयुक्त अरब अमीरात और बेल्जियम पांच अग्रणी आयातक देश थे।

घरेलू मूल्य

कॉफ़ी के घरेलू बाजार भारतीय कॉफ़ी व्यापारी संघ (आईसीटीए) द्वारा संचालित नीलामी में प्रचलित मूल्यों के अनुसार, अरेबिका (प्लान्टेशन ए') का औसत मूल्य पिछले वर्ष रु.399/कि.ग्रा. की तुलना में 9.94% घट कर रिपोर्टाधीन वर्ष में औसत मूल्य ₹359/कि.ग्रा. के साथ रु.267/कि.ग्रा. से रु.401/कि.ग्रा. तक के श्रेणी में रहा जबकि रोबस्टा (चेरी 'एबी') का औसत मूल्य पिछले वर्ष ₹185/कि.ग्रा. की तुलना में 39.56% बढ़ कर रिपोर्टाधीन वर्ष में औसत मूल्य ₹258/कि.ग्रा.के साथ ₹239/कि.ग्रा. से ₹304/कि.ग्रा. तक के श्रेणी में रहा।

नीलामी मूल्य - आईसीटीए (बेंगलूरु) में प्राप्त औसत मूल्य (₹/कि.ग्रा.)

वित्त वर्ष	2019-20	2020-2021	2021-22	2022-23	2023-24
प्लान्टेशन 'ए'	236	282	352	399	359
रोबस्टा चेरी 'एबी'	139	131	147	185	258

घरेलू उपभोग

वर्ष 2000 के बाद घरेलू कॉफ़ी के उपभोग में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। परंपरागत रूप से, कॉफ़ी का सेवन मुख्य रूप से दक्षिण भारतीय राज्यों में किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, कॉफ़ी एक पारंपरिक पेय से बदलकर युवाओं में अत्यधिक लोकप्रिय व शौकिन पेय चलन बन गई है। राष्ट्रीय स्तर पर इसे कई रूपों व खुदरा रूपों में सेवन किया जाता है। बड़ी संख्या में कॉफ़ी-बार और कैफ़े खुलने के कारण, उपभोक्ताओं में कॉफ़ी की चलन महसूस होने लगी है और कॉफ़ी की लोकप्रियता बढ़ने लगी है। साथ ही, सामाजिक और सामाजिक परिवेशों में पेय के रूप में कॉफ़ी की ओर रुचि बढ़ी है। भारत में कैफ़े की सफलता का मुख्य कारण जनसंख्या विस्फोट, बढ़ते शहरीकरण और अधिक प्रयोज्य आय स्तर है। घरेलू कॉफ़ी उपभोग का अनुमान लगाने के लिए, कॉफ़ी बोर्ड ने कॉफ़ी मूल्य श्रृंखला के सभी हितधारकों की एक समिति गठित कर वर्ष 2023 के दौरान एक प्रतिष्ठित बाज़ार अनुसंधान एजेंसी मेसर्स क्रिसिल को अध्ययन कार्य सौंपा। अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2023 में घरेलू कॉफ़ी उपभोग 91,000 मीट्रिक टन होगी।

निर्यात प्रोन्नयन

निर्यात प्रोन्नयन के लिए वर्ष 2023-24 के दौरान, कॉफ़ी बोर्ड ने हितधारकों के साथ इटली, ऑस्ट्रेलिया, रूस, दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख कॉफ़ी आयातक देशों में पांच प्रतिष्ठित खाद्य और पेय पदार्थ विशिष्ट कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके अलावा, भारतीय कॉफ़ीस पर कॉफ़ी स्वादन सत्र, आभासी कॉफ़ी उत्सवों में भागीदारी और आभासी क्रेता-विक्रेता बैठकें जैसे प्रोन्नयन कार्यक्रमों की आयोजन द्वारा कॉफ़ी बोर्ड ने आयातक देशों में भारतीय कॉफ़ी को बढ़ावा देने हेतु विदेशों में भारतीय मिशनों के सहयोग देने का व्यवस्थित प्रयास किया। सभी विदेशी कार्यक्रमों में कॉफ़ी बोर्ड ने भारतीय कॉफ़ी निर्यातकों और स्पेशाल्टी कॉफ़ी उपजकर्ताओं की बड़े पैमाने पर भागीदारी के लिए प्रयास किया। इसके अलावा, भारतीय कॉफ़ी के प्रचार को बढ़ावा देने के लिए, कॉफ़ी बोर्ड ने सभी विदेशी आयोजनों में वीआईपी और गणमान्य व्यक्तियों को उपहार के रूप में उच्च गुणता वाली जीआई और अन्य क्षेत्रीय स्पेशाल्टी कॉफ़ी युक्त कॉर्पोरेट उपहार बॉक्स पेश किए और प्रमुख आयातक देशों में भारतीय मिशनों के माध्यम से प्रचार किया। कॉफ़ी बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष भारतीय कॉफ़ी की विशिष्टता दर्शाने के लिए जी20 आयोजनों में कॉफ़ी अनुभव क्षेत्र भी स्थापित किया।

कॉफ़ी बोर्ड ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉफ़ी निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न हितधारकों के मुद्दों के समाधान हेतु कॉफ़ी निर्यातकों और निर्यातक संघ/स्पेशाल्टी कॉफ़ी संघ और संबंधित विभागों के साथ बैठकें आयोजित की। इसके अलावा, कॉफ़ी बोर्ड ने समुचित हस्तक्षेप और समर्थन के लिए मंत्रालय और संबंधित विभागों के साथ बैठकों के दौरान कॉफ़ी निर्यातकों द्वारा उठाए गए सभी प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा की।

कॉफ़ी अनुसंधान

कॉफ़ी बोर्ड के अनुसंधान विभाग ने वर्ष 2023-24 के दौरान 'संधारणीय कॉफ़ी उत्पादन और प्रौद्योगिकी के अंतरण के लिए अनुसंधान एवं विकास' कार्यक्रम के अंतर्गत कई अनुसंधान कार्यक्रम क्रियान्वित किया है। अनुसंधान परियोजनाओं को चेट्टल्ली (कोडगु, कर्नाटक), चुंडेल (वायनाड, केरल), तांडिगुडी (पलनीस तमिलनाडु), आर.वी.नगर (अल्लुरी सीतारामराजु जिला, आन्ध्र प्रदेश) और दीफू (कर्बी आंगलांग जिला, असम), पादप ऊतक संवर्धन व जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (मैसूरु) तथा कॉफ़ी गुणता मूल्यांकन प्रभाग (बेंगलूरु) में स्थित केन्द्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान (सीसीआरआई) के अनुसंधान केन्द्रों व प्रभागों के नेटवर्क के जरिए क्रियान्वित किए गए।

परियोजनाओं को मेसर्स नेस्ले आर एण्ड डी फ्रांस और वर्ल्ड कॉफ़ी रिसर्च, यूएसए जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों और कृषि

विज्ञान विश्वविद्यालय, बेंगलूरु, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बत्तूर, राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीपीजीआर), नई दिल्ली और पीपीवी और एफआरए प्राधिकरण, नई दिल्ली जैसे राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से भी कार्यान्वित किया गया है। सीसीआरआई के पास जैन इरिगेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, जलगांव, महाराष्ट्र जैसे निजी उद्यमियों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम भी हैं।

कॉफ़ी बोर्ड के कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, कॉफ़ी बोर्ड ने मध्यमावधि ढांचे में "एकीकृत कॉफ़ी विकास परियोजना" योजना का कार्यान्वयन जारी रखा जिसमें अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी का अंतरण, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, हितधारकों को विकास सहायता जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में कॉफ़ी के लिए विकास सहायता, गैर-पारंपरिक क्षेत्रों (एनटीए) में कॉफ़ी के लिए विकास सहायता, पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में कॉफ़ी के लिए विकास सहायता, श्रमिकों के बच्चों को कल्याण सहायता, निर्यात प्रोन्नयन और कॉफ़ी के उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता में सुधार और समग्र मूल्य प्राप्ति में वृद्धि के लिए मूल्य संवर्धन हेतु सहायता जैसे प्रमुख गतिविधियों को शामिल किया गया है।

नई पहल

- कॉफ़ी बोर्ड ने कॉफ़ी क्षेत्र के हितधारकों को एकल मंच पर सभी सेवाएं, उत्पाद और सूचना प्रदान करने हेतु वन स्टॉप मोबाइल ऐप 'इंडिया कॉफ़ी ऐप' विकसित किया है।
- कॉफ़ी बोर्ड ने कॉफ़ी बोर्ड मुख्यालय में ई-ऑफिस कार्यान्वित किया है।
- कॉफ़ी बोर्ड ने वनों की कटाई से यूरोपिय संघ निर्वनीकरण-मुक्त विनियमन (ईयूडीआर) के प्रभावों की जांच करने और ईयूडीआर का अनुपालन करने हेतु व्यावहारिक समाधान सुझाने के लिए भारतीय बागान प्रबंधन संस्थान (आईआईपीएम) को अध्ययन कार्य सौंपा है। कॉफ़ी बोर्ड ने वनों की कटाई से मुक्त कॉफ़ी मूल्य श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए उत्पाद ट्रेसेबिलिटी के साथ-साथ कॉफ़ी एस्टेट सीमाओं के जीपीएस निर्देशांक का उपयोग करके बहुभुज/भौगोलिक स्थानों का पता लगाने के लिए "इण्डिया कॉफ़ी ऐप" में प्रणाली विकसित करने पर कार्य आरंभ कर दिया है।
- कॉफ़ी बोर्ड ने कॉफ़ी मूल्य श्रृंखला के सभी हितधारकों को शामिल करते हुए समिति गठित करके वर्ष 2023 के दौरान एक प्रतिष्ठित बाजार अनुसंधान एजेंसी मेसर्स क्रिसिल को अध्ययन का कार्य सौंपा है। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2023 में घरेलू कॉफ़ी का उपभोग 91,000 मीट्रिक टन होगी।
- कॉफ़ी बोर्ड ने सितम्बर 2023 के महीने में "चक्रिय अर्थव्यवस्था और पुनर्योजी कृषि के माध्यम से स्थिरता" विषय के साथ 5वें विश्व कॉफ़ी सम्मेलन-2023 का आयोजन किया, जिसमें 2,609 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें से 323 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि, 253 प्रदर्शनी प्रदर्शक, 17,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुक, 347 बी2बी बैठकें शामिल थीं।

दिसंबर, 2024
बेंगलूरु

डॉ. के. जी. जगदीश, भा.प्र.से.
मु. का. अ. एवं सचिव, कॉफ़ी बोर्ड

*****

अध्याय - I

कार्यकारी सारांश

उत्पादन

- पिछले वर्ष (2022-23) में 3,52,000 मीट्रिक टन का उत्पादन था जिसमें अरेबिका का 1,00000 मीट्रिक टन और रोबस्टा का 2,52,000 मीट्रिक टन शामिल था जिसकी तुलना में वर्ष 2023-24 के दौरान 2.41% रिकार्ड दर की वृद्धि के साथ अंतिम आकलन 3,60,500 मीट्रिक टन रखा गया है जिसमें अरेबिका का 1,01,500 मीट्रिक टन और रोबस्टा का 2,59,000 मीट्रिक टन को शामिल किया गया है।
- कॉफ़ी का कुल रोपित क्षेत्र लगभग 4.90 लाख हेक्टेयर था, जिसमें से कुल फलन क्षेत्र लगभग 4.43 लाख हेक्टेयर था।
- देश में लगभग 4.41 लाख हेक्टेयर कॉफ़ी जोत है जिनमें से लगभग 4.38 छोटी जोत है, जिनका जोत विस्तार 10 हेक्टेयर से कम है, जो कुल जोत का 99% है।

निर्यात

- वर्ष 2023-24 में कॉफ़ी बोर्ड द्वारा जारी निर्यात परमिट के अनुसार, 44,582 मीट्रिक टन अरेबिका, 1,91,141 मीट्रिक टन का रोबस्टा, 1,47,481 मीट्रिक टन के इंस्टैंट कॉफ़ी, 447 मीट्रिक टन के भुने कॉफ़ी बीन्स और भुने व पिसे कॉफ़ी शामिल कर कुल 3,83,653 कॉफ़ी (जिसमें 1,10,367 मीट्रिक टन पुनर्नियातित कॉफ़ी भी शामिल) जिसका मूल्य 10,380 करोड़ रुपए, जिसका मूल्य 1,254 यूएस $ मिलियन के समतुल्य था, को 113 देशों में निर्यातित किया गया।
- इटली, जर्मनी, रुसी संघ, संयुक्त अरब अमीरात और बेल्जियम भारतीय कॉफ़ी के अग्रणी पाँच निर्यात गंतव्य हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान निर्यातित सभी प्रकार की कॉफ़ी का समष्टिक इकाई मूल्य प्रति टन के लिए ₹2,70,557 था।
- इस वर्ष में कॉफ़ी बोर्ड के पंजीकृत निर्यातकों की कुल संख्या 2,265 है, (वर्ष 2023-24 में 231 नए पंजीकरण और 123 नवीनीकरण को शामिल कर) जो पिछले वर्ष 1,911 थी।
- पिछले वर्ष के दौरान जारी किए गए 12,470 निर्यात परमिटों की तुलना में वर्तमान वर्ष में 12,984 (10,376 भारतीय मूल की कॉफ़ी और 2608 पुनर्नियातित कॉफ़ी को शामिल कर) निर्यात परमिट और अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन (आईसीओ) का मूल प्रमाण पत्र, कुल 308 पंजीकृत कॉफ़ी निर्यातकों को जारी किया गया।

अनुसंधान

- चंद्रगिरी में कॉफ़ी के सफेद तना छेदक (सीडब्ल्यूएसबी) विशेषक के प्रति सह्यता लाने के लिए, एस.4595 और चंद्रगिरी (अरेबिका के आशाजनक किस्म) के बीच प्रत्यक्ष और पारस्परिक प्रसंकर कर पौदों को उत्पन्न किया गया।
- सफेद तना छेदक (डब्ल्यूएसबी) के सह्य वंशक्रम (एस.4595) के मूल्यांकन के तहत, 27 स्थानों पर ऊतक संवर्धन पौधों का मूल्यांकन किया गया। पौधों में वानस्पतिक ओज और डब्ल्यूएसबी का ग्रसन को समय-समय पर निगरानी की जा रही है।
- लक्षण-विशिष्ट रोबस्टा की कृंतकीय किस्मों के विकास के प्रति, पाँच चरणों (2019-2024) में कूर्ग, चिक्कमगलूरु और वायनाड क्षेत्रों के 100 एस्टेटों में से 476 सर्वोत्कृष्ट

मातृ पौधों की पहचान की गई। प्रथम चरण में 106 पौधों का चयन किया गया, संकर संगतता, उपज, गुणवत्ता के आधार पर 15 प्रत्याशित रोबस्टा मातृ पौधों की लघुसूची बनाई गई।

- विश्व कॉफ़ी अनुसंधान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोगात्मक परियोजना के तहत परीक्षण की जा रही 28 अरेबिका किस्मों में से, ईसी-16 और कैटिगुआ एमजी-2 ने कॉफ़ी पर्ण किट्ट के प्रति उच्च क्षेत्र सह्यता प्रदर्शित की। आईएमएलवीटी परीक्षण में ईसी-16 की उपज और कप गुणवत्ता अन्य सार्चिमोर व्युत्पन्नों के बराबर पाई गई।
- 12,328.25 किलोग्राम अरेबिका, 3,379.5 किलोग्राम रोबस्टा और विभिन्न पेड़ कॉफ़ी जातियों से 90.5 किलोग्राम बीजों को शामिल कर कुल 15,798.25 किलोग्राम बीज कॉफ़ी तैयार की गई, जिन्हें कॉफ़ी उपजकर्ताओं में वितरित किया गया।
- कुल 52,970 जड़ित कृंतकों को 357 कॉफ़ी उपजकर्ताओं में वितरित किए गए।
- "लक्षण-विशिष्ट रोबस्टा की कृंतकीय किस्मों के विकास" के तहत 11 लक्षण-विशिष्ट रोबस्टा मातृ पौधों में सफल रुप से कायिक भ्रूणजनन उत्प्रेरित किया गया।
- सीडब्ल्यूएसबी की भिन्न रूप से अभिव्यक्त जीनों की पहचान में लुप्तांगता व्यवकलनी संकरण (एसएसएच) पहुँच के माध्यम से सीडब्ल्यूएसबी संक्रमण के दौरान भिन्न रूप से अभिव्यक्त जीनों की पहचान की गई थी। आगे इन जीनों के गतिशीलता को पहचाना गया और नियंत्रण में पाया गया और पौधों में इनका उपचार किया गया।
- 11 जीनों की अनुक्रम परिवर्तनशीलता का अध्ययन किया गया। इन जीन-विशिष्ट प्रथमकों की पीसीआर प्रवर्धन स्थितियों को अनुकूलित किया गया और सभी जीनों को 14 कॉफ़ी जीनप्ररूपों के संजीनीय डीएनए नमूनों से प्रवर्धित किए गए। इन जीनों का अभिव्यक्ति विश्लेषण कार्य चल रहा है।
- बहु-स्थानीय क्षेत्र परीक्षण में अरेबिका और रोबस्टा कॉफ़ी पर **क्रॉपटेक** एन24 एन20, बेन्सल्फ सुपरफास्ट और पुष्पण विशेष मिश्रण छिड़काने से उपज में 10.5% की वृद्धि हुई।
- अरेबिका और रोबस्टा में, एकमात्र आरडीएफ की तुलना में पर्णीय छिड़काव के जरिए अमोनियम पॉलीबोरेट (500 ग्राम प्रति एकड़ की दर से) के छिड़काव से उपज में 10% की वृद्धि हुई है।
- मृदा, पर्ण, कृषि रसायन विश्लेषण एवं परामर्श सेवाओं के अंतर्गत 4109 कॉफ़ी लाभार्थियों से प्राप्त कुल 9,918 मृदा, 16 पर्ण और 792 कृषि रसायन नमूनों का विश्लेषण किया गया और रिपोर्ट भेजी गईं।
- कुल 69 ऑन-स्पॉट मोबाइल मृदा परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 1,991 कॉफ़ी उपजकर्ताओं ने भाग लिया। कुल 3,477 मृदा नमूनों का पीएच के लिए विश्लेषण किया गया और ऑन-स्पॉट सिफारिश की गई।
- सूखा संवेदनशील रोबस्टा कृष्य किस्मों को विकसित करने के लिए कलम बांधने की विधि (ग्राफ्टिंग) के अध्ययन से एसएलएन.9/एस.274, एस.3399/एस.274 और एसएलएन.5बी/एस.274 ने पैतृक वंशक्रम की तुलना में अधिक कार्यिकीय पाया गया।
- सूखा सुधारक छिड़काव के साथ कैल्सीकेयर (एक वाणिज्यिक स्वामित्व सूत्रीकरण) का छिड़काव करने पर अरेबिका और रोबस्टा दोनों कॉफ़ी के उपज में क्रमश: 12.18% और 9.52% की वृद्धि हुई।

- आंतरिक अभिसूत्रण पोषक के क्षेत्र मूल्यांकन में यह पाया गया कि नियंत्रण ब्लॉक की तुलना में आंतरिक अभिसूत्रण पोषक छिड़काए ब्लॉक में 15.4% की उपज वृद्धि देखी गई।
- कॉफ़ी पर्ण किट्ट (सीएलआर) की प्रजाति, विभेदक/ किट्ट प्रजातियों के पौधों को क्षेत्रीय कॉफ़ी अनुसंधान क्षेत्र (आरसीआरएस) तांडिगुडी, तमिलनाडु में अनुरक्षित की जा रही है।
- अरेबिका किस्म में कॉफ़ी पर्ण किट्ट (सीएलआर) रोग प्रबंधन की दिशा में नए कवकनाशकों की खोज में यह पाया गया कि, हेक्साकोनाज़ोल 75% डब्ल्यूजी + फ्लक्सापायरोक्सैड 167 ग्राम/लीटर + पाइराक्लोस्ट्रोबिन 333 ग्राम / लीटर एससी, का मिश्रण अनुशंसित कावकनाश हेक्साकोनाज़ोल 0.5% ईसी के समकक्ष था।
- अरेबिका किस्मों में पर्ण किट्ट रोगों के प्रबंधन में क्यूप्रोफिक्स की परीक्षण (कॉपर सल्फेट 47.15% + मैन्कोजेब 30% डब्ल्यूडीजी) में की गई सांद्रताओं में से 6.25 ग्राम/लीटर की दर वाली सांद्रता में न्यूनतम रोग आपतन दर्ज की गई जो मानक बोर्डो मिश्रण के सांख्यिकीय रूप से बराबर थी।
- दक्षिण भारत के विभिन्न कॉफ़ी क्षेत्रों में कॉफ़ी राइजोस्फीयर मृदा से पृथक किए गए बैसिलस के 50 संवर्धन, स्यूडोमोनास के 42 संवर्धन और ट्राइकोडर्मा के 22 संवर्धन को संग्रहित किए गए।
- मृदा जनित कॉफ़ी के रोगों के प्रबंधन के लिए कुल 490 किलोग्राम जैव नियंत्रण कारक (ट्राइकोडर्मा हरजियानम प्रारंभक संवर्धन) को 14 रोपणकर्ताओं को आपूर्ति की गई ।
- राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड से "कॉफ़ी के उत्पादन और गुणवत्ता सुधार पर मधुमक्खियों के प्रभाव" विषयक परियोजना के तहत, वर्ष 2023-24 के पुष्पण अवधि में अरेबिका और रोबस्टा में सबसे अधिक बार प्रवेश करने वाली मधुमक्खी के बारे में अध्ययन में यह पाया गया कि एपिस सेराना और टेट्रागोनुला ट्रावनकोरिका सबसे अधिक बार प्रवेश करने वाले थे।
- कॉफ़ी सफेद तना छेदक (सीडब्ल्यूएसबी) के प्रबंधन के लिए कर्नाटक में 8 रोपणकर्ताओं को प्रलोभन सहित कुल 450 क्रॉस वेन फेरोमोन जाल की आपूर्ति की गई।
- सीबीबी के प्रबंधन के लिए प्रलोभन सहित 34,899 ब्रोका जाल और 1419.5 लीटर के केवल प्रलोभन, एसएचबी के प्रबंधन के लिए प्रलोभन सहित 14,775 जाइकॉम जाल और 95 लीटर के केवल जाइकॉम प्रलोभन को कुल 744 उपजकर्ताओं में आपूर्ति की गई।
- कॉफ़ी बेरी बोरर (सीबीबी) के प्रबंधन के लिए कर्नाटक और तमिलनाडु के 9 उपजकर्ताओं को कुल 281 किलोग्राम ब्यूवेरिया बासियाना की आपूर्ति की गई।
- मिलीबग ग्रसन के प्रबंधन के लिए पारि-अनुकूल उपाय के रूप में केरल और कर्नाटक के 27 उपजकर्ताओं को 64,500 पारजीव्याभों (लैप्टोमैटिक्स डेक्टिलोपी) की आपूर्ति की गई।
- बहु स्थानीय क्षेत्रों में तीन सौर सुरंग ड्रायर (एसटीडी) लगाए गए थे, जिनमें से एक केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान (सीसीआरआई) और दूसरा कर्नाटक राज्य के मूडिगेरे और सकलेशपुरा क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टीईसी) में रखा गया था। बहु-स्थानीय परिणामों ने संकेत दिया कि पारंपरिक धूप में कॉफ़ी को सुखाने की तुलना में एसटीडी का उपयोग करने से सुखाने के दिनों को 40% से 50% तक कम किया जा सकता है। एसटीडी में सुखाए गए नमूनों की कप गुणता ने, धूप में सुखाने और एसटीडी में सुखाने के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं दिखाया गया।

- बायोचार का (चेरी भूसी और पार्चमेंट भूसी से निर्मित कार्बन युक्त पदार्थ) पौधों की वृद्धि, पोषक तत्वों का ग्रहण, मुदा में जल धारण क्षमता और कॉफ़ी के नर्सरी में उत्पन्न विभिन्न रोगों के आपतन कम करने पर सकारात्मक प्रभाव है।
- कॉफ़ी उगाने वाले विभिन्न क्षेत्रों से संग्रहित मृदा स्तर के नमूनों के मानचित्रण ने संकेत दिया कि चार पौधों के बीच में से संग्रहित मृदा की तुलना में ड्रिप-सर्किल-ज़ोन से संग्रहित मृदा नमूनों का पीएच/(बैक्टिरिया/कवक/एक्टिनामाइसेट्स) मृदा अभिक्रिया अधिक आम्लीय पाई गई।
- विभन्न पारिस्थितिकी तंत्र (अरेबिका/रोबस्टा/जंगल/धान) से संग्रहित मृदा के नमूनों के सूक्ष्मजीवी मानचित्रण (बैक्टिरिया/कवक/एक्टिनामाइसेट्स) से पता चला कि अरेबिका पारिस्थितिकी तंत्र से एक्टिनोमाइसेट्स और फॉस्फेट विलयकारी की संख्या उच्च थी, जबकि धान परिस्थितिकी तंत्र में बैक्टिरिया और नाइट्रोजन फिक्सर की संख्या अधिक उपयोग पायी गयी। रोबस्टा परिस्थितिकी तंत्र में कवक की उच्च संख्या पायी गयी।
- कॉफ़ी बोर्ड ने सीसीआरआई में कॉफ़ी क्वालिटी इंस्टीट्यूट (सीक्यूआई, यूएसए) के साथ संयुक्त रुप से दिनांक 12 से 17 फरवरी 2024 तक "रोबस्टा (क्यूपी-2) का क्यू-प्रोसेसिंग" नामक एक अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में चौबीस प्रशिक्षुओं (कॉफ़ी बोर्ड से अठारह और कॉफ़ी उद्योग से छह हितधारक) ने भाग लिया और गुणता कॉफ़ी संसाधक की योजना प्राप्त किया। इसके अलावा, सीक्यूआई द्वारा क्यू-प्रोसेसिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सीसीआरआई को एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है।

एआईसी-सीसीआरआई-सीईडी, कॉफ़ी बोर्ड

एआईसी-सीसीआरआई-सीईडी (अटल इनक्यूबेशन सेंटर -केन्द्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान - उद्यमिता विकास केंद्र) कॉफ़ी बोर्ड, बेंगलूरु स्थित मुख्यालय में स्थापित प्रौद्योगिकी व्यवसाय प्रशिक्षण केंद्र है, जो कॉफ़ी क्षेत्र में स्टार्टअप्स को समर्थन देने और विकसित करने के लिए केन्द्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान (सीसीआरआई) और अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) के सहयोग से स्थापित किया गया है।

2023-24 के दौरान उद्यमशीलता विकास के साथ-साथ क्षमता निर्माण कार्यक्रम को आयोजित किए गए, जैसे कि वार्त्तारम्भा, विक्रयम, आरोहण, कैफे कॉन्सेप्टर, आदि।

5वां विश्व कॉफ़ी सम्मेलन

विश्व कॉफ़ी सम्मेलन (डब्ल्यूसीसी) का यह 5वाँ संस्करण बेंगलूरु 25-28 सितंबर, 2023 तक "चक्रिया अर्थव्यवस्था और पुनर्योजी कृषि के माध्यम से स्थिरता" विषय के तहत अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन (आईसीओ) के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह पहली बार था जब भारत में ऐसा ऐतिहासिक आयोजन हुआ। सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर 11 विषयगत सत्र आयोजित किए गए और भारत तथा विदेशों से आए वक्ताओं तथा पैनलिस्टों को कॉफ़ी के संपूर्ण परिदृश्य पर समृद्ध चर्चा में भाग लेने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। साथ ही, सम्मेलन के दौरान तकनीकी कार्यशालाएं, उत्पादक सम्मेलन, प्रतियोगिताएं तथा विश्व कॉफ़ी एक्सपो का आयोजन किया गया। इसके अलावा, कार्यक्रम के दौरान 347 बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) बैठकें आयोजित की गईं।

विस्तार एवं विकास

क. परंपरागत क्षेत्र

- विस्तार कर्मियों ने 1,185 क्षेत्रीय निदर्शन किए, कॉफ़ी कृषि के विभिन्न पहलुओं पर उपजकर्ताओं को शिक्षित

करने के लिए प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक/सोशल मीडिया के माध्यम से, 1,090 सलाह जारी की गई, 150 ग्राम स्तरीय बैठकें, कॉफ़ी कृषि पर 59 प्रशिक्षण कार्यक्रम, 13 एक्सपोज़र दौरे, 14 व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम और 11 संगोष्ठियाँ आयोजित की गईं।

- रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, विस्तार इकाईयों ने पुनर्रोपण के लिए 1,370 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की जिससे 853.39 हेक्टेयर क्षेत्र लाभान्वित हुआ, 4,329 जल आवर्धन इकाइयों से 3,968 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की जिससे 8,224.62 हेक्टेयर को लाभ पहुँचा और 766 इकाइयों के 712 लाभार्थियों को गुणता उन्नयन इकाइयों के सहायता प्रदान की जिससे 614.73 हेक्टेयर को लाभ पहुँचा।

ख. गैर पारंपरागत क्षेत्र

- विस्तार कर्मियों ने जनजातीय कॉफ़ी उपजकर्ताओं को लाभ पहुंचाने हेतु 1180 पद्धति निदर्शन, 39 एक्सपोज़र दौरे, 190 ग्राम स्तरीय कार्यशाला और 25 गुणता उन्नयन कार्यक्रम और 30 क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए।
- कॉफ़ी विस्तारण के तहत 6,823.90 हेक्टेयर और कॉफ़ी समेकन के तहत 5,199.60 हेक्टेयर से क्रमशः 15,609 तथा 12,871 लाभार्थी लाभान्वित हुए। कॉफ़ी गुणता सुधारने के उद्देश्य से 1,395 सीमेंट ड्रैइंग यार्ड का निर्माण और 144 बेबी पल्पर इकाइयों की खरीद के लिए समर्थन बढ़ाया गया।

ग. उत्तर पूर्वी क्षेत्र

- विस्तार कर्मियों ने कॉफ़ी कृषि के विभिन्न पहलुओं पर कॉफ़ी उपजकर्ताओं को शिक्षित करने हेतु 2,616 क्षेत्र निदर्शन, 236 समूह बैठकें, 64 प्रक्षेत्रगत प्रशिक्षण कार्यक्रम और 31 गुणता जागरुकता अभियान चलाए गए।
- 447.15 हेक्टेयर के कॉफ़ी विस्तार और समेकन के तहत, 154 ड्रैइंग यार्डों का निर्माण हेतु, 116 जल आवर्धन इकाइयों को और 11 समूह नर्सरियों को समर्थन दिया गया।

क्षमता निर्माण कार्यक्रम

कापी शास्त्र प्रशिक्षण कार्यक्रम: एक अनूठा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य, उन लागों को सीखने का एक बड़ा अवसर प्रदान करना है जो कॉफ़ी के शौकीन हैं और उन व्यक्तियों को जो कॉफ़ी के व्यवसाय में इच्छुक हैं। इस कार्यक्रम को मुख्यालय, बेंगलूरु और भारत के विभिन्न शहरों में भी आयोजित किया जाता है। सामान्य तौर पर, पाँच दिनों की अवधि के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें कॉफ़ी पर एवं भारत की कॉफियों के बारे में आधारिक परिचय, भूनने की प्रौद्योगिकि, ब्रूईंग एवं उसके विभिन्न तरीके, कॉफ़ी की खुदरा बिक्री, कॉफ़ी पैकेजिंग और कॉफ़ी की गुणता और मूल्यांकन शामिल है। कार्यक्रम में भुनाई इकाइयों के दौरे सहित सैद्धांतिक और प्रायोगिक दोनों सत्र शामिल हैं।

वर्ष 2023-24 के दौरान, मुख्य कार्यालय, बेंगलूरु में कॉफ़ी भूनने और ब्रूईंग तकनीक पर तीन कापी शास्त्र प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससें 65 प्रतिभागियों को लाभ हुआ।

बरिस्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम: कॉफ़ी बोर्ड, कॉफ़ी बनाने और कैफे प्रबंधन में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए अपने बरिस्ता कौशल को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन शिक्षण मंच प्रस्तुत करता है। वर्ष 2023-24 के दौरान, देश के विभिन्न हिस्सों में ग्यारह बरिस्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जैसे कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, ओड़िशा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, गुजरात और गोवा, जिसमें 124 प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

कॉफ़ी गुणता प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

वर्ष 2022-23 में प्रवेश लिए 15 विद्यार्थियों के बैच ने अपने

दूसरे त्रैमासिक सत्र को पूर्ण किया। वर्ष 2023-24 में प्रवेश प्राप्त 15 विद्यार्थी अपनी पहली त्रैमासिक सत्र केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान, बालेहोन्नूरु में अध्ययनरत हैं।

नो योर कापी (केवाईके) - स्पेशल कप कॉफ़ी गुणता मूल्यांकन कार्यक्रम

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपजकर्ताओं को उनकी कॉफ़ी की गुणता की बारीकियों को समझने और उस पर गहराई से विचार करने में मदद करना है।

बाज़ार अनुसंधान एवं आसूचना

- विश्व व्यापार संघ (डब्ल्यूटीओ) के व्यापार नीति और कॉफ़ी से संबंधित मामलों पर आर्थक एवं विश्लेषणात्मक समर्थन प्रदान किया गया। वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 216 दैनिक बाज़ार रिपोर्टों को तैयार कर प्रसार की गई।
- एकक द्वारा भारतीय एवं वैश्विक स्तर पर विस्तृत कॉफ़ी सांख्यिकी को शामिल करते हुए समग्र रूप से "कॉफ़ी पर डाटाबेस" प्रकाशित किया जाता है, जो नीति निर्माताओं और हितधारकों के लिए बहुत उपयोगी है।
- मौसम 2023-24 के लिए विभिन्न श्रेणी के जोत और कॉफ़ी ज़ोन/क्षेत्रों में अनियमित प्रतिचयन के स्तरीकृत तकनीक का उपयोग करके फसल प्राक्कलन किया गया था।
- एकक ने कॉफ़ी क्षेत्र के सभी हितधारकों को एकल मंच पर सभी सेवाएं, उत्पाद और जानकारी प्रदान करने के लिए एक वन स्टॉप मोबाइल एप्लिकेशन 'इंडिया कॉफ़ी एप' का विकास किया।
- इकाई द्वारा कॉफी बोर्ड, मुख्यालय में ई-ऑफिस के कार्यान्वयन से संबंधित गतिविधियों का समन्वय किया गया।
- कॉफ़ी बोर्ड ने 2023 के दौरान कॉफ़ी मूल्य श्रृंखला के सभी हितधारकों की एक समिति का गठन कर एक प्रतिष्ठित बाजार अनुसंधान एजेंसी, मेसर्स क्रिसिल को एक अध्ययन कार्य सौंपा है। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2023 में घरेलू कॉफी का उपभोग 91,000 मीट्रिक टन होगी।
- एकक ने बिना किसी बिचौलिए के सीधे निर्यात के लिए कॉफ़ी उपजकर्ताओं और उद्यमियों को एक मंच प्रदान करने हेतु 'विक्रयम' प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रोन्नयन

- कॉफ़ी बोर्ड ने भारतीय कॉफ़ी के प्रोन्नयन के लिए 5 समुद्रपार कॉफ़ी केंद्रित कार्यक्रमों में भाग लिया। कॉफ़ी बोर्ड ने भारतीय हितधारकों और कुछ भारतीय दूतावासों की सक्रिय भागीदारी के साथ 3 क्रेता-विक्रेता बैठक/ कॉफ़ी स्वादन सत्र/ कॉफ़ी मॉकटेल सत्र भी आयोजित किया है।
- कॉफ़ी बोर्ड द्वारा थाईलैण्ड में स्थित भारतीय दूतावास के सहयोग से आभासी माध्याम से क्रेता विक्रेता बैठक आयोजित की गई।
- वर्ष के दौरान, घरेलू कॉफ़ी उपभोग में प्रोन्नयन के उद्देश्य से कॉफ़ी बोर्ड ने 24 खाद्य और पेय/एग्री एक्सपो में भाग लिया।
- भारत के विभिन्न जगहों पर स्थित ("इंडिया कॉफ़ी हाउस", "इंडिया कॉफ़ी डिपो" आदि) कॉफ़ी के 11 प्रोन्नयन एककों के माध्यम से जनता को परिशुद्ध भारतीय कॉफ़ी सुलभ कराते हुए घरेलू कॉफ़ी उपभोग के प्रोन्नयन पर प्रयास किया जा रहा है।

प्रशासन

- वर्ष 2023-24 में 26 जून, 21 सितंबर और 29 नवंबर, 2023 को बोर्ड की तीन बैठकें आयोजित की गईं।

- वर्ष के दौरान, संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रगतन स्कीम (एमएसीपीएस) के तहत 24 अधिकारियों/कर्मचारियों को वित्तीय उन्नयन प्रदान किया गया।
- वर्ष के दौरान, 23 कनिष्ठ स्तर के वैज्ञानिक अधिकारियों को करियर सुधार योजना के तहत अगला उन्नत श्रेणी प्रदान किया गया।
- वर्ष के दौरान, 45 अधिकारियों/कर्मचारियों को विभिन्न "वैज्ञानिक", "तकनीकि" और "अनुसचिवीय" संवर्ग के पदों पर पदोन्नत किया गया।
- 31.03.2024 को कॉफ़ी बोर्ड के कर्मचारियों की संख्या 453 थी जिसमें 65 समूह 'क' अधिकारी, 118 समूह 'ख' अधिकारी और 270 समूह 'ग' अधिकारी शामिल थे।

सतर्कता और विधिक

- सतर्कता प्रभाग ने 30 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह आयोजित किया।
- 75 न्यायालयीन मामलों में से 02 मुकदमे का निपटान किया गया तथा दिनांक 31.3.2024 को यथास्थिति 73 न्यायालयीन मुकदमे लम्बित हैं।

सूचना का अधिकार (आर टी आई)

- सूचना का अधिकार (आर टी आई) के तहत, वर्ष के दौरान 51 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 47 आवेदनों का निपटान किया गया।
- वर्ष के दौरान, 4 अपील प्राप्त किया गया था जिसमें 4 अपीलों का निपटाना किया गया।

अभियांत्रिकी एकक :

अभियांत्रिकी एकक, अवसंरचनात्मक विकास के तहत बोर्ड के परिसंपत्तियों के सृजन और स्वच्छ भारत के अंतर्गत भवनों का अनुरक्षण कार्य करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, भवनों के अनुरक्षण कार्य के लिए ₹4,23,01,298/- की राशि व्यय की गई है।

राजभाषा स्कन्ध

हिन्दी के प्रयोग के लिए वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में उल्लिखित हिन्दी में पत्राचार (ई-मेल सहित) एवं हिन्दी टिप्पण के लिए लक्ष्य क्रमशः 55% और 30% प्राप्त किया गया। राजभाषा नीति के पूर्णतः अनुपालन के क्रम में निम्नलिखित कार्य निष्पादित किए गए:

- राजभाषा नियम, 1976
- हिन्दी में टिप्पण एवं मूल पत्राचार
- राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) के अनुसार 14,775 दस्तावेज द्विभाषी हैं
- हिन्दी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना
- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट का ऑनलाइन प्रेषण
- हिन्दी कार्यशाला का अयोजन
- राजभाषा प्रगति संबंधी निरीक्षण
- हिन्दी माह 2023 एवं संयुक्त हिन्दी दिवस का आयोजन
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति में प्रतिभागिता
- "ई-मासिक सलाह" एवं "ई-समाचार पत्रिका" का हिन्दी अनुवाद
- क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन, बेंगलूरु में छमाही राजभाषा पत्रिका "कॉफी संवाद" अंक 2 का विमोचन एवं राजभाषा प्रदर्शनी लगाना।

*****

अध्याय - II

बोर्ड का गठन एवं कार्य

कॉफ़ी बोर्ड, संसद द्वारा अधिनियमित कॉफ़ी अधिनियम 1942 के अधीन गठित वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन एक सांविधिक संगठन है।

बोर्ड में, अध्यक्ष, सचिव (जो कॉफ़ी बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी है) सहित 33 सदस्य हैं तथा संसद के दोनों सदनों के सांसदों, कॉफ़ी उद्योग के विभिन्न हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों को शामिल कर सदस्यों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।

31 सदस्यों को शामिल कर 09 सितम्बर 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है। वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के दिनांक. 09.09.2022 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, बोर्ड में 31 सदस्यों को नियुक्त किया गया, यथा, अध्यक्ष, सचिव (पदेन सदस्य के रुप में) ; दो सांसद (लोक सभा) ; एक सासंद (राज्य सभा); कॉफ़ी उगाने वाले प्रमुख राज्यों (तमिलनाडु, कर्नाटक केरल और आन्ध्र प्रदेश) के चार प्रतिनिधि; असम व नगालैण्ड जैसे अन्य कॉफ़ी उगानेवाले राज्यों के दो प्रतिनिधि, बृहत कॉफ़ी उपजकर्ताओं के तीन प्रतिनिधि, लघु कॉफ़ी उपजकर्ताओं के सात प्रतिनिधि, कॉफ़ी व्यापार हितों के तीन प्रतिनिधि, कॉफ़ी क्यूरिंग स्थापना के दो प्रतिनिधि, श्रमिक हितों के दो प्रतिनिधि, इंस्टैंट कॉफ़ी विनिर्माताओं से एक प्रतिनिधि, उपभोक्ताओं के हितों के दो प्रतिनिधि और अनुसंधान संस्थान अथवा कृषि विश्वविद्यलय से एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रतिनिधि।

इसके अलावा वाणिज्य विभाग वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, के दिनांक 06.11.2023 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार श्री एम. जे. दिनेश को कॉफ़ी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है।

वर्ष 2023-24 के लिए कॉफ़ी बोर्ड के सदस्यों की सूची

क्र. सं.	श्रेणी	कॉफ़ी नियमावली 2016 (संशोधन) के अधीन नियुक्ति	सदस्यों की संख्या	नाम
1	अध्यक्ष	नियम 3 (1)	1	(1) श्री जे.एम.दिनेश
2	सांसद (लोकसभा) सांसद (राज्यसभा)	नियम 3 (1) नियम 3 (1)	2 1	(1) श्रीमती गोड्डेत्ती माधवी (2) श्री प्रताप सिंहा (3) श्री एन. चंद्रशेखरन

क्र. सं.	श्रेणी	कॉफ़ी नियमावली 2016 (संशोधन) के अधीन नियुक्ति	सदस्यों की संख्या	नाम
3	कॉफ़ी उगाने वाले प्रमुख राज्यों के सरकारी प्रतिनिधि सदस्य	नियम 3 (2) (क)	4	(1) श्री सी.समयमूर्ति, भा.प्र.से., कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सरकार के प्रधान सचिव, तमिलनाडु सरकार (2) डॉ. शामला इकबाल, भा.प्र.से., सरकार के सचिव, बागवानी और रेशमकीट पालन विभाग,कर्नाटक सरकार (3) श्री ए.पी.एम. मोहम्मद हनीश भा.प्र.से., प्रधान सचिव एवं वाणिज्य विभाग, केरल सरकार (4) श्री कान्तिलाल दाण्डे, भा.प्र.से., सरकार के सचिव, आन्ध्र प्रदेश सरकार
4	वृहत कॉफ़ी उपजकर्ताओं के प्रतिनिधि	नियम 3 (2) (ख)	3	1) श्री शाखेर नागराजन (2) डॉ. एच एस कृष्णानंद (3) श्री आर पी एम रविचंद्रन
5.	लघु कॉफ़ी उपजकर्ताओं के प्रतिनिधि	नियम 3 (2) (ख)	7	(1) श्री टी.ए. किशोर कुमार (2) श्री जी.के.कुमार (3) श्री एन.बी.उदयकुमार (4) श्री एस. मणिगुण्डन (5) श्री ई. उण्णिकृष्णन (6) श्री विश्वनाधम (7) श्री कुरुसा उमामहेश्वर राव
6.	कॉफ़ी व्यापार हितों के प्रतिनिधि	नियम 3 (2) (ग)	3	(1) श्री बी.एच.वी.प्रदीप पाई (2) श्री के. के. मनोज कुमार (3) श्री प्रभाकर राव जंयतु
7	क्यूरिंग स्थापना के हितों के प्रतिनिधि	नियम 3 (2) (ग)	2	(1) श्री डी.एम.शंकर (2) श्री ए.जी.डिविन राज
8	श्रमिक हितों के प्रतिनिधि	नियम 3 (2) (ग)	3	(1) श्री श्री एन. भास्कर (2) श्री सिबी वर्गीस (3) - रिक्त -

क्र. सं.	श्रेणी	कॉफ़ी नियमावली 2016 (संशोधन) के अधीन नियुक्ति	सदस्यों की संख्या	नाम
9	पदेन सदस्य	नियम 3 (2) (ग)	1	(1) डॉ. के.जी. जगदीश, भा.प्र.से., मुख्य कार्यकारी अधिकारी व सचिव कॉफ़ी बोर्ड, बेंगलूरु
10	कॉफ़ी उगाने वाले प्रमुख राज्यों के अलावा कॉफ़ी उगाने वाले अन्य राज्यों के प्रतिनिधि	नियम 3 (2) (ग)	2	(1) डॉ. लक्ष्मणन एस., भा.प्र.से., सरकार के सचिव, उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय विभाग, असम सरकार (2) श्री विकेई केन्या, भा.प्र.से., सरकार के सचिव, नगालैण्ड सरकार
11	उपभोक्ता के हितों के प्रतिनिधि	नियम 3 (2) (ग)	2	(1) श्री मनोज कुमार दुबे (2) श्री शिरीश वासुदेव देशपाण्डे
12	इंस्टैंट कॉफ़ी विनिर्माताओं के प्रतिनिधि	नियम 3 (2) (ग)	1	(1) श्री चल्ला श्रीशांत
13	कॉफ़ी के प्रोन्नयन/ प्रबंधन/ विपणन/ अनुसंधान के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व	नियम 3 (2) (ग)	1	(1) श्री जी.एस. महाबला, कॉफ़ी प्रोन्नयन में प्रसिद्ध व्यक्तित्व

बोर्ड के कार्य

बोर्ड को सौंपे गए प्रमुख कार्य इस प्रकार हैं :

1. कॉफ़ी उद्योग के हित में कृषि एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान का प्रोन्नयन।
2. कॉफ़ी एस्टेटों के विकास हेतु सहायता।
3. भारत में तथा विदेश में कॉफ़ी का विक्रय एवं उपभोग का प्रोन्नयन।
4. कॉफ़ी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अन्य प्रचालनों का प्रबंधन।

इसके अलावा, कॉफ़ी बोर्ड, कॉफ़ी उद्योग से संबंधित सांख्यिकीय और अन्य संगत आंकडे संग्रहीत करते हुए उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में जानकारी प्रसार करता है; बोर्ड, कॉफ़ी उद्योग की ओर से, सरकार, मीडिया, व्यापार तथा आम जनता के लिए अधिकृत प्रवक्ता के रूप में कार्य करता है; कॉफ़ी उद्योग के समग्र वृद्धि तथा विकास के लिए मार्गदर्शन देता है।

कॉफ़ी बोर्ड, अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन, अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान संगठन, स्पेशालिटी कॉफ़ी संघों जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारतीय कॉफ़ी उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है तथा कॉफ़ी उद्योग के हित में उनके साथ कार्यरत है।

स्थायी समितियाँ

बोर्ड प्रत्येक वर्ष निम्नलिखित स्थाई समितियों को नियुक्त करता है।

क्र.सं.	समिति का नाम	कार्य
1.	कार्यकारी समिति	कॉफ़ी नियमावली के अधीन विशेषतया सौंपे गए कार्य निपटाती है। इसके अतिरिक्त, प्रोन्नयन, विपणन, अनुसंधान या बोर्ड द्वारा गठित किसी अन्य समितियों को विशेष रूप से न सौंपे गए कार्य निपटाती है।
2.	प्रचार समिति	भारत में तथा अन्यत्र उत्पादित कॉफ़ी के विक्रय का प्रोन्नयन तथा उपभोग के प्रोन्नयन से संबंधित मामले निपटाती है।
3.	विपणन समिति	कॉफ़ी अधिनियम तथा नियमावली में निर्धारित कॉफ़ी विपणन योजना के अनुसार कार्य करती है।
4.	अनुसंधान समिति	भारत में कॉफ़ी उद्योग के हित में कृषि एवं प्रौद्योगिकीय अनुसंधान के प्रोन्नयन से संबंधित कार्य करती है।
5.	विकास समिति	कॉफ़ी एस्टेट के विकास हेतु किए गए उपायों से संबंधित कार्य करती है।
6.	गुणता समिति	भारत में उत्पादित कॉफ़ी की गुणता में सुधार से संबंधित सभी कार्य निपटाती है।

01.04.2023 से 31.03.2024 तक की अवधि के दौरान सम्पन्न बोर्ड तथा स्थाई समितियों की बैठकों का विवरण

बोर्ड की बैठकें	26 जून, 2023 को बोर्ड की 213वीं बैठक 21 सितबर 2023 को बोर्ड की 214वीं बैठक 29 नवंबर 2023 को बोर्ड की 215वीं बैठक
स्थाई समितियाँ	बनी/गठित नहीं हैं।

*****

अध्याय-III

प्रशासन एवं स्थापना

कॉफ़ी बोर्ड, कॉफ़ी अधिनियम, 1942 (1942 का अधिनियम) के अंतर्गत गठित एक सांविधिक निकाय है जिसका निरंतर उत्तराधिकार तथा सामान्य मोहर है, जिसको अपनी संपत्ति के ग्रहण तथा उसका स्वामित्व, संविदाकरण, मुकदमा चलाने एवं मुकदमा चलाए जाने का अधिकार प्राप्त है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव
डॉ. के.जी. जीगदीश, भा.प्र.से.

विभागाध्यक्ष

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, निम्नलिखित विभागों के प्रधान उनके नामों के सामने दर्शाए गए पदों पर कार्यरत थे।

1. श्री. एन.एन. नरेंद्र, भा.आ.नि.से., वित्त निदेशक
2. डॉ. एम. सेंथिलकुमार, अनुसंधान निदेशक

विभिन्न विभागों एवं स्कंधों को सौंपे गए उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

1. सचिवालय विभाग

सचिवालय विभाग सभी प्रशासनिक (कर्मचारी तथा कार्यालय स्थापना) तथा सतर्कता मामले, बोर्ड के विभिन्न प्रभागों/एककों में कार्य आबंटन एवं सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना प्रस्तुत करने के अनुपालन के अनुवीक्षण के लिए उत्तरदायी है। इस विभाग द्वारा श्रम कल्याण उपाय संबंधी के अनुवीक्षण के अलावा, बोर्ड तथा सांविधिक समितियों की बैठकें आयोजित करने का कार्य भी किया जाता है:

सचिवालय विभाग संबद्ध छः एकक निम्नानुसार हैं

i) प्रशासन एकक
ii) राजभाषा एकक
iii) सतर्कता एकक
iv) विधि एकक
v) अभियांत्रिकी एकक तथा
vi) सूचना का अधिकार एवं शिकायत एकक

प्रशासन एकक

(क) भर्ती

वर्ष के दौरान, कॉफ़ी बोर्ड (संवर्ग और भर्ती) नियमों के अनुसार पदोन्नति / सीधी भर्ती द्वारा "वैज्ञानिक", "तकनीकी" व "अनुसचीवीय" संवर्ग के पदों में रिक्तियों को भरने के लिए कार्रवाई शुरू की गई है।

(ख) पदोन्नतियाँ

वर्ष के दौरान, कॉफ़ी बोर्ड की सेवाओं के "वैज्ञानिक" "तकनीकी" और "अनुसचीवीय" संवर्ग में 45 अधिकारियों की पदोन्नति की गयी।

(ग) संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रगतन स्कीम (एमएसीपीएस)

वर्ष के दौरान, संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रगतन स्कीम (एमएसीपीएस) के अंतर्गत 24 अधिकारियों/कर्मचारियों को वित्तीय उन्नयन प्रदान किया गया।

(घ) संशोधित नम्य पूरक योजना (एमएफसीएस)

संशोधित नम्य पूरक योजना (एमएफसीएस) के अंतर्गत बोर्ड के किसी वैज्ञानिक को पदोन्नति प्रदान नहीं की गई है।

(ड़) करियर सुधार योजना (सीआईएस)

वर्ष के दौरान, कॉफ़ी बोर्ड की कैरियर सुधार योजना (सी आई एस) के अंतर्गत 23 कनिष्ठ स्तर के वैज्ञानिक अधिकारियों को करियर सुधार योजना के तहत अगला उच्च श्रेणी प्रदान किया गया।

(ङ) स्थानांतरण तथा तैनाती

वर्ष 2023-24 के दौरान, सामान्य स्थानांतरण मार्गदर्शनों के आधार पर कुल 59 अधिकारियों/कर्मचारियों को स्थानांतरित किया गया। इसका विवरण इस प्रकार है :

क्र.सं.	संवर्ग/श्रेणी	स्थानांतरित अधिकारियों/ कर्मचारियों की सं.
1.	समूह 'क'	14
2.	समूह 'ख'	14
3.	समूह 'ग'	31
	कुल	**59**

31.03.2024 को यथास्थिति कॉफ़ी बोर्ड के कर्मचारियों की संख्या

दिनांक 31.03.2024 को यथास्थिति समूहवार कर्मचारियों की संख्या, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की संख्या और कॉफ़ी बोर्ड की महिला कर्मचारियों की संख्या का विवरण नीचे संक्षेप में दिया गया है:

क्र. सं.	कुल		अ.जा./ अ.ज.जा.				महिला	
	वर्गीकरण	कर्मचारियों की संख्या	अ.जा.	अ.ज.ज.	प्रतिनिधित्व के प्रतिशत		महिला कर्मचारियों की संख्या	महिला प्रतिनिधियों का प्रतिशत
					अ.जा.	अ.ज.ज.		
(1)	समूह 'क'	65	6	3	9.23	4.62	13	20.00
(2)	समूह 'ख'	118	22	8	18.64	6.78	42	35.59
(3)	समूह 'ग'	270	42	11	15.56	4.07	63	23.33
कुल:		**453**	**70**	**22**	**15.45**	**4.86**	**118**	**26.05**

कर्मचारी कल्याण उपाय :

(01.04.2023 से 31.03.2024 तक)

i) रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, किसी को भी वाहन खरीद अग्रिम मंजूर नहीं किया गया।

ii) रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, किसी को भी वैयक्तिक कंप्यूटर अग्रिम मंजूर नहीं किया गया।

iii) रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, किसी को भी भवन निर्माण अग्रिम मंजूर नहीं किया गया।

iv) बोर्ड, भारतीय जीवन बीमा निगम के सहयोग से 'सामूहिक बचत संबद्ध बीमा योजना' संचालित करता है। मार्च, 2024 की समाप्ति पर, स्कीम में विभिन्न वर्ग/समूह के 361 अधिकारी/कर्मचारी सदस्य के रूप में नामांकित हैं तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 42 सदस्यों को ₹20,27,643/- की राशि का निपटान किया गया।

श्रम कल्याण उपाय

कार्यक्रम के तहत कॉफ़ी बागानों और क्यूरिंग प्रतिष्ठानों में काम करने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मजदूरों के बच्चों को सहायता प्रदान की गई।

(क) **शैक्षणिक छात्रवृत्ति** :- शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में एसएसएलसी परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों तथा एसएसएलसी के पश्चात प्रथम वर्ष पी.यू.सी., पॉलीटेकनीक / व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे उच्च अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को ₹2,250/- प्रति विद्यार्थी की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

(ख) **प्रोत्साहन पुरस्कार:-** शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में एसएसएलसी परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करते हुए आगे के अध्ययन जारी रखने के लिए एक छात्रा एवं एक छात्र को क्रमश: ₹1,500/- तथा ₹1,000/- का प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

(ग) **वित्तीय सहायता :-** वर्ष 2023-24 के दौरान XIIवीं कक्षा उत्तीर्ण होने के बाद स्नातक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

वित्तीय सहायता का विवरण निम्नानुसार है :-

विवरण	(₹) प्रति छात्र/छात्रा	
वित्तीय सहायता	**अ.जा.**	**अ.ज.जा.**
क) स्नातक (कला, विज्ञान व वाणिज्य)	3,750/-	3,750/-
ख) स्नातकोत्तर	7,500/-	7,500/-
व्यावसायिक पाठ्यक्रम हेतु वित्तीय सहायता		
चिकित्सा विज्ञान, कृषि एवं संबद्ध विज्ञान पशुपालन/ अभियांत्रिकी/फार्मेसी/नर्सिंग तथा अन्य समकक्ष उपाधि	7,500/-	7,500/-

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निधि की उपयोगिता

विवरण	लाभार्थियों की सं.	राशि (₹) में
शैक्षणिक छात्रवृत्ति	3441	77,42,250
प्रोत्साहन पुरस्कार	16	20,000
वित्तीय सहायता		
(i) स्नातक	5690	2,13,37,500
(ii) स्नातकोत्तर	781	58,57,500
(iii) व्यावसायिक पाठ्यक्रम	1660	1,24,50,000
कुल जोड़	**11588**	**4,74,07,250**
अनुसूचित जाति	3823	1,53,45,500
अनुसूचित जनजाति	7765	3,20,61,750
कुल जोड़	**11588**	**4,74,07,250**

वर्ष **2023-24** के दौरान, श्रम कल्याण उपाय के अंतर्गत **11,588** लाभार्थियों को ₹ **4,74,07,250/-** की राशि प्रदान की गई।

राजभाषा स्कंध

वर्ष 2023-24 के दौरान, राजभाषा स्कंध की गतिविधियाँ :

- हिन्दी के प्रयोग के लिए वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में उल्लिखित हिन्दी पत्राचार (ई-मेल सहित) एवं हिन्दी टिप्पण के लक्ष्य क्रमश: 55% और 30% प्राप्त किया गया।।

- राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 के अनुपालन में हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में ही दिया गया।
- राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) के अंतर्गत दस्तावेजों जैसे सामान्य आदेश, सूचना, अनुज्ञा पत्र, अनुज्ञप्ति आदि के 14,775 दस्तावेजों को द्विभाषी (हिन्दी-अंग्रेजी) में जारी किया गया।
- हिन्दी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया।
- राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य का शत-प्रतिशत अनुपालन के क्रम में कॉफ़ी बोर्ड, मुख्यालय एवं समस्त उप-कार्यालयों के अधिकारियों के ईमेल हस्ताक्षर (पूरा नाम व पता) पूर्णत: द्विभाषी किए गए।
- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठक (अप्रैल-जून तिमाही: 27.06.2023, जुलाई-सितम्बर तिमाही: 29.08.2023, अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही: 19.12.2023, जनवरी-मार्च तिमाही: 29.03.2024) आयोजित की गई।
- कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग में वृद्धि करने के उद्देश्य से प्रत्येक तिमाही में कर्मचारियों को हिन्दी कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इसमें राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा नीति, संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली, हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरने के साथ-साथ हिन्दी में कार्य करने में सुलभता लाने के लिए 'प्रौद्योगिकी के प्रयोग' पर विस्तृत चर्चा-परिचर्चा की गई।
- राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण बिंदु के अनुपालन के क्रम में कॉफ़ी बोर्ड मुख्यालय के 11 अनुभागों/एककों का निरीक्षण किया गया। दिनांक 30.10.2023 को कॉफ़ी बोर्ड उप-कार्यालय पाडेरु, अरकू वैली, आन्ध्र प्रदेश एवं दिनांक 31.10.2023 को कोरापुट, ओड़िशा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत सभी दस्तावेजों की द्विभाषिकता, राजभाषा नियम, 1976 के नियम 11 के अंतर्गत नामपट्ट, बोर्ड, विजिटिंग कार्ड में त्रिभाषी सूत्र के प्रयोग के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही, राजभाषा कार्यान्वयन को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार, कॉफ़ी बोर्ड मुख्यालय की तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही में ऑनलाइन प्रेषित की गई। यह रिपोर्ट क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण-बेंगलूरु) एवं संबंधित मंत्रालय को प्रेषित की गई।
- दिनांक 29.08.2023 को उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, बेंगलूरु द्वारा राजभाषा नीति/कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण किया गया।
- भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में, कर्मचारियों में हिन्दी के प्रति रुचि एवं उत्साह का संचार कर कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग में वृद्धि करने के उद्देश्य से हिन्दी माह 2023 का आयोजन किया गया। इस माह का शुभारंभ हिन्दी कवि सम्मेलन से किया गया। इस दौरान कर्मचारियों के लिए रचनात्मक हिन्दी प्रतियोगिता जैसे टिप्पण व आलेखन, समाचार वाचन, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया। इस माह के मध्य में, बेंगलूरु के तीन प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए "हिन्दी में रोजगार की सम्भावनाएँ" विषयक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कुल 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। हिन्दी दिवस 14 सितम्बर 2023 के अवसर पर कार्यालय प्रमुख द्वारा हिन्दी दिवस पर एक अपील जारी की गई, जो कॉफ़ी बोर्ड के उप-कार्यालयों में परिचालित की गई एवं वेबसाइट पर भी प्रसारित की गई। माह के अंत में हिन्दी समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉफ़ी बोर्ड

की छमाही राजभाषा गृह पत्रिका "**कॉफ़ी सम्वाद**" की प्रथम अंक का विमोचन किया गया। भारत सरकार के माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री जी के "हिन्दी दिवस" संदेश का वाचन किया गया एवं हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। अंत में, सांस्कृतिक कार्यक्रम से समारोह संपन्न हुआ।

- दिनांक 14 व 15 सितम्बर 2023 को पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित हिन्दी दिवस 2023 एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में वरिष्ठ राजभाषा कर्मी ने प्रतिभागिता की।
- राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), बेंगलूरु को छमाही रिपोर्ट प्रेषित की गई। छमाही बैठक में सक्रिय प्रतिभागिता की गई एवं इस समिति के निहित उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए नवाचार के प्रयोग के लिए सुझाव दिया गया।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), बेंगलूरु के तत्वावधान में कॉफ़ी बोर्ड, मुख्यालय में संयुक्त हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें राजभाषा संबंधी आधुनिक टूल्स के प्रयोग एवं हिन्दी में टिप्पण व आलेखन की भाषा एवं नई शैली व स्वरूप पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की गई। साथ ही, कर्मचारियों में रोचकता एवं रचनात्मकता की दृष्टि से "तसवीर देखें कहानी लिखें" तथा "अनुवाद" प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- राजभाषा विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार को वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन 2023 प्रेषित किया गया।
- सीसीआरआई द्वारा प्रकाशित "ई-मासिक सलाह" एवं अटल इन्क्यूबेशन केन्द्र, कॉफ़ी बोर्ड, मुख्यालय की "ई-समाचार पत्रिका" का निरंतर हिन्दी अनुवाद किया गया/किया जा रहा है।

दिनांक 19.01.2024 को एचएएल प्रबन्धन अकादमी, बेंगलूरु में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में छमाही राजभाषा पत्रिका **"कॉफ़ी सम्वाद"** के द्वितीय अंक का लोकार्पण मुख्य अतिथि व भारत सरकार के माननीय केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री जी; सचिव, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली और मुख्य कार्यकारी अधिकारी व सचिव, कॉफ़ी बोर्ड, बेंगलूरु सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। सम्मेलन में राजभाषा स्कन्ध की विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों/प्रकाशनों की राजभाषा प्रदर्शनी एवं भारतीय कॉफ़ी बोर्ड का कॉफ़ी स्टॉल लगाया गया।

सतर्कता एकक

सतर्कता एकक को निम्नलिखित कार्यों का दायित्व दिया गया है:-

1. शिकायतें प्राप्त कर उन पर कार्रवाई करना।
2. बोर्ड की सेवा में भर्ती किए गए उम्मीदवारों के चरित्र तथा पूर्ववृत्त का सत्यापन। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार और केंद्रीय सतर्कता आयोग को प्रेषित करने के लिए आवधिक विवरणी तैयार करना।
3. कॉफ़ी बोर्ड के अधिकारियों/कर्मचारियों को भिन्न उद्देश्य के लिए सतर्कता निर्बाधता जारी करना।
4. बोर्ड के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा चल एवं अचल संपत्तियो को अर्जित करने के लिए अनुमति प्राप्त करने की आवेदन पर कार्रवाई करना और समूह "क" एवं समूह "ख" अधिकारियों की अचल संपत्ति विवरणी की संवीक्षा करना।
5. मुख्यालय के विभिन्न अनुभागों/उप-कार्यालयों की औचक सतर्कता जाँच करना।
6. अनुशासनात्मक कार्यवाई से संबंधित फ़ाइलों पर कार्रवाई करना।
7. इनके अलावा, वर्ष 2023-24 के दौरान, 30 अक्टूबर 2023 से 05 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन।

सतर्कता मामलों का विवरण

1)	दि.01.04.2023 को यथास्थिति लंबित अनुशासनिक मामले	03
2)	दि. 01.04.2023 से दि. 31.03.2024 तक के दौरान जोड़े गए अनुशासनिक मामले	शून्य
3)	दि. 01.04.2023 से दि. 31.03.2024 तक के दौरान निपटाए गए अनुशासनिक मामले	03
4)	दि. 31.03.2024 को यथास्थिति लंबित अनुशासनिक मामले	शून्य

विधि प्रकोष्ठ

विधि प्रकोष्ठ निम्नलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी है:

- सेवा मामले, विपणन, कराधान तथा बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), बागान श्रम आदि से संबंधित बोर्ड के सभी विधि विषयों को देखना।
- उच्चतम न्यायालय, संबंधित राज्यों के उच्च न्यायालय, श्रम न्यायालय, निचला न्यायालय, आईपीआर अधिकरण और विक्रय कर अपीली फोरम जैसे विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लंबित मुकदमेबाजी को देखना।
- वादपत्र/प्रतिवाद तैयार करने और तर्क के लिए बोर्ड के अधिवक्ताओं को संगत रिकार्ड देते हुए समन्वयन एवं सहायता प्रदान करना।
- कॉफ़ी अधिनियम के संशोधन से संबंधित पत्राचार करना तथा विधि मामलों पर वाणिज्य मंत्रालय से पत्राचार करना।
- निर्यात, पेंशन, अभियांत्रिकी, प्रशासन आदि विभिन्न अनुभागों द्वारा संदर्भित फाइलों पर विधि अभिमत प्रदान करना

न्यायालय के विचाराधीन मामलों की स्थिति

वर्षारंभ में 63 मामले लंबित थे। वर्ष के दौरान 12 नए मामले दर्ज किए गए हैं। 75 मामलों में 02 मामले को निपटाया गया जबकि दिनांक 31.03.2024 को 73 मामले लंबित हैं।

कर विवाद की स्थिति :

क. केरल सरकार

माननीय केरल उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 29.8.2008 के अधीन वर्ष 1984/85 से 1990/91 तथा 1994/95 से 1996/97 तक के लिए केंद्रीय विक्रय करारोपण की पुष्टि में एसटीएटी द्वारा जारी किए गए आदेश रद्द कर दिया तथा नियमानुसार मामले की पुन: जाँच करने के लिए कर निर्धारण अधिकारी को प्रतिप्रेषित कर दिया। इसी तरह, सीएसटी के अधीन वर्ष 1991/92 से 1993/94 तक एवं 2000/01 और केजीएसटी के अधीन वर्ष 1991/92 से 1993/94 तक, 1996/97 एवं 1997/98 से संबंधित अपीलों को एसटीएटी ने अपने दिनांक 26.9.2012 के आदेश के अधीन मामले को कर निर्धारण अधिकारी को प्रतिप्रेषित कर दिया। बोर्ड ने 'मांग की छूट' के लिए उपलब्ध संगत रिकार्ड प्रस्तुत किया। फिर भी, कर निर्धारण अधिकारी ने वर्ष 1984/85 से 1990/91 तक, 1994/95 एवं 1995/96 के लिए केंद्रीय विक्रय करारोपण की पुष्टि करते हुए दिनांक 11.3.2013 को आदेश जारी किया और ₹34.53 करोड की सी.एस.टी. मांग और ₹174.09 करोड़ का ब्याज को शामिल कर कुल ₹208.62 करोड़ की मांग की। बोर्ड ने एसटीएटी, पालक्काड, केरल के समक्ष प्रथम तथा द्वितीय अपीलें प्रस्तुत की। मामले की विस्तृत सुनवाई के बाद एसटीएटी ने 20.05.2016 क़ो एक आदेश पारित करते हुए कर निर्धारण अधिकारी को निदेश दिया है कि रिकार्ड प्रस्तुत करने तथा व्यक्तिगत रुप से सुनवाई के लिए कॉफ़ी बोर्ड को अवसर दें। हालाँकि, केरल राज्य ने

माननीय केरल उच्च न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर की, जिसे 6 महीने की अवधि के भीतर मूल्यांकन पूरा करने के निर्देश के साथ खारिज कर दिया गया है। निर्णय के अनुसार, निर्धारण प्राधिकारी, राज्य कर अधिकारी, केरल जीएसटी विभाग, चावक्कड़ ने रिकॉर्ड पेश करने का आदेश जारी किया है। तदनुसार, कॉफी बोर्ड ने मूल मूल्यांकन के समय प्रस्तुत किए गए रिकॉर्ड के अलावा दावों को प्रमाणित करने के लिए और रिकॉर्ड प्रस्तुत किए। निर्धारण प्राधिकारी ने उन्हें इस आधार पर स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि परिवहन रसीदें/चालान/बिल ऑफ लैडिंग आदि के उत्पादन पर ही न्यायाधिकरण के निर्देशों के अनुसार विचार किया जाएगा और ₹241,66,24,328/- के भुगतान के आदेश पारित किए। कॉफी बोर्ड ने कर विशेषज्ञों और बोर्ड के अधिवक्ता के साथ परामर्श के बाद, जो माननीय उच्च न्यायालय में उपस्थित हुए, केरल कर विभाग, त्रिशूर के उपायुक्त (अपील) के समक्ष अपील तैयार की और दायर की और स्थगन आदेश आवेदन भी दायर किए। उपायुक्त (अपील) ने कॉफ़ी बोर्ड द्वारा दायर अपीलों और स्थगन आदेशों पर विचार करने के लिए विवादित राशि (2.41 करोड़) का 1% वापस करने का नोटिस जारी किया। बोर्ड ने माननीय केरल उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की और माननीय न्यायालय ने नोटिस के लिए अंतरिम स्थगन जारी किया और यह मामला अंतिम आदेशों के लिए लंबित है।

अभियांत्रिकी एकक

देश भर में विभिन्न स्थानों पर कॉफ़ी बोर्ड के स्वामित्व का कार्यालय भवन यथा, बेंगलूरु, मैसूरु, चिक्कमगलूरु और हासन (कर्नाटक); चेन्नई एवं बोदिनायक्कनूर (तमिलनाडु); गुवाहाटी व सिलचर (असम); चिंतपल्ली, अरकू वैली (आंध्र प्रदेश) तथा नई दिल्ली, बेंगलूरु, हासन (कर्नाटक); बोदिनायकनूर (तमिलनाडु); गुवाहाटी, सिलचर (असम); चिन्तपल्ली, अरकू वैली (आंध्र प्रदेश) में आवासीय फ्लैट्स हैं।

इसके अलावा, कर्नाटक के चिक्कमगलूरु जिले में केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान चेट्टल्ली में (मडिकेरी के पास) कॉफ़ी अनुसंधान उप-केंद्र, केरल के चुंडेल, तमिलनाडु के तांडिगुडी, आंध्र प्रदेश के आर.वी.नगर तथा असम के दिफू में क्षेत्रीय कॉफ़ी अनुसंधान केंद्रो में आवासीय क्वार्टर्स हैं। कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा राज्य तथा भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र अर्थात असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा एवं मिज़ोरम, राज्यों में विस्तार विभाग द्वारा प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्रों का अनुरक्षित किया जाता है। बेंगलूरु के इंडिया कॉफ़ी हाउस तथा भोपाल के इंडिया कॉफ़ी सेंटर (अब बंद है) का स्वामित्व व अनुरक्षण भी कॉफ़ी बोर्ड द्वारा किया जाता है।

व्यय का विवरण

अभियांत्रिकी एकक, अवसंरचना विकास के तहत बोर्ड के भवनों का अनुरक्षण कार्य करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, अनुरक्षण कार्य के लिए ₹4,23,01,298/- की राशि खर्च की गई है।

सूचना का अधिकार (आरटीआई) एवं शिकायत एकक

सूचना का अधिकार

सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अधीन वर्ष 2023-24 के दौरान, भारत के नागरिकों से सूचना/दस्तावेज की माँग करते हुए 51 आवेदन कॉफ़ी बोर्ड को प्राप्त हुए जिसमें 47 आवेदन निपटाया गया और 4 लंबित हैं। कॉफ़ी बोर्ड ने 04 अपीलें प्राप्त की और 04 अपीलों का निपटान किया और कोई भी लंबित नहीं है। कॉफ़ी बोर्ड ने 02 शिकायतें प्राप्त की और 02 शिकायतों को भी निपटान किया गया तथा कोई भी आवेदन लंबित नहीं है।

2023-24 के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआई)आवेदन संबंधी विवरण

क्र.सं.	विवरण	स्थिति
1	अथ शेष	शून्य
2	वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ	51
3	कुल	51
4	वर्ष के दौरान निपटान	47
5	31.03.2024 के दौरान अंत शेष	04

2023-24 के लिए सूचना का अधिकार के तहत अपील संबंधी विवरण

क्र.सं.	विवरण	स्थिति
1	अथ शेष	शून्य
2	वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ	04
3	कुल	04
4	वर्ष के दौरान निपटान	04
5	31.03.2024 के दौरान या अंत शेष	शून्य

2023-24 के लिए सूचना का अधिकार शिकायत संबंधी विवरण

क्र.सं.	विवरण	स्थिति
1	अथ शेष	शून्य
2	वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ	02
3	कुल	02
4	वर्ष के दौरान निपटान	02
5	31.03.2024 के दौरान अंत शेष	शून्य

*****

अध्याय III (क)

दिव्यांग कर्मियों का विवरण

हालाँकि, दिनांक 31.03.2024 के अवधि के दौरान कॉफ़ी बोर्ड में कुल 15 बेंचमार्क विकलांगता वाले कार्मिक कार्यरत हैं। उनका संवर्गवार विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	संवर्ग	समूह	वर्तमान संख्या	दिव्यांग व्यक्तियों की संख्या		श्रेणीवार दिव्यांग कर्मचारी		
				सं	दिव्यांग प्रतिनिधित्व का कुल %	अना	अ.जा.	अ.ज.जा.
1	उप निदेशक (अनुसंधान)	क	5	1	20.00	1	--	--
2	वरिष्ठ संपर्क अधिकारी	क	22	1	4.55	1	--	--
3	अनुसंधान सहायक श्रेणी-I	ख	19	3	15.79	3	--	--
4	कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक	ख	2	1	50.00	1	--	--
5	विस्तार निरीक्षक	ग	66	2	3.03	2	--	--
6	कनिष्ठ सहायक	ग	7	6	85.71	6	--	--
7	बहु-कार्य कर्मचारी	ग	143	1	0.70	1	--	--
		कुल	**264**	**15**	**5.68**	**15**	**--**	**--**

*****

अध्याय - IV

कॉफ़ी अनुसंधान

कॉफ़ी बोर्ड अनुसंधान विभाग ने समेकीकृत कॉफ़ी विकास कार्यक्रम (आईसीडीपी) योजना के तहत कई अनुसंधान परियोजनाओं को लागू किया है। इन परियोजनाओं को चेट्टल्ली (कोडागु, कर्नाटक), चुंडेल (वायनाड, केरल), तंडिगुडी (पलनीस, तमिलनाडु), आर.वी. नगर (अल्लूरी सीतारामराजू जिला, आंध्र प्रदेश) और दीफू (कार्बी आंगलोंग जिला, असम), में स्थित केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान (सीसीआरआई) के अनुसंधान स्टेशनों पौधा ऊतक संवर्धन व जैव प्रौद्योगिकी केंद्र, (मैसूरु) तथा कॉफ़ी गुणता प्रभाग, (बेंगलूरु) के नेटवर्क के माध्यम से लागू किया गया था। इसके अलावा, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों जैसे विभिन्न कॉफ़ी कीटों के प्रबंधन के लिए नैनो-फॉर्मूलेशन विकसित करना (तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय), कॉफ़ी हार्वेस्टर का विकास, (आईआईटी, रुड़की) विश्व कॉफ़ी अनुसंधान (डब्ल्यू.सी.आर) परियोजना के अंतर्राष्ट्रीय बहु-स्थानिक किस्म परीक्षण (आईएमएलवीटी) के तहत अरेबिका किस्मों का मूल्यांकन तथा मेसर्स नेस्ले टूर्स से आयातित रोबस्टा जीनप्रारूप के मूल्यांकन के साथ सहयोगी अनुसंधान कार्यक्रम भी प्रारम्भ किए गए थे।

वर्ष 2023-24 के दौरान किए गए विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं तथा अन्य संबद्ध गतिविधियों की मुख्य उपलब्धियाँ निम्नवत हैं:

योजना: समेकीकृत कॉफ़ी विकास परियोजना

घटक 1: संधारणीय कॉफ़ी उत्पादन के लिए अनुसंधान एवं विकास

उप-घटक 1.1: टिकाऊ प्रतिरोध तथा अधिक उत्पादकता हेतु पारंपरिक प्रजनन व जैव प्रौद्योगिकी दृष्टिकोणों के माध्यम से पौधे का सुधार।

पौधा प्रजनन एवं आनुवंशिकी प्रभाग

चंद्रगिरि (अरेबिका की विशेष किस्म) में कॉफ़ी सफेद तना छेदक (सीडब्ल्यूएसबी) के प्रति संवेदनशीलता लाने के लिए मार्च 2023 के दौरान एस.4595 तथा चंद्रगिरि के बीच प्रत्यक्ष और पारस्परिक संकर कर पौदों को उत्पन्न किया गया। मेसर्स जैन इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड (जेआईएसएल), जलगांव, के सहयोग के तहत चिन्हित किए गए तीन प्रत्याशित अरेबिका एफ$_1$ संकर (एस.5059, एस.5085 व एस.5086) ऊतक संवर्धन तकनीक के माध्यम से बड़े पैमाने पर सूक्ष्म प्रवर्धन के लिए प्रयोग में लाए गए।

सीडब्ल्यूएसबी संवेदनशील अरेबिका वंशक्रम (एस.4595) के मूल्यांकन पर किए गए दीर्घकालिक कार्यक्रम के तहत, विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों के 27 स्थानों पर एस.4595 के ऊतक संवर्धन पौधों का मूल्यांकन किया गया। पौधों में सीडब्ल्यूएसबी का नगण्य ग्रसन के साथ अच्छी वनस्पति ओज पाया गया।

उत्कृष्ट रोबस्टा की कुंतकीय किस्मों के विकास की दिशा में, पाँच चरणों (2019-2024) में कूर्ग, चिक्कमगलूरु तथा वायनाड क्षेत्रों में 100 एस्टेटों में से 476 सर्वोत्कृष्ट मातृ पौधों की पहचान की गई। कुल 15 प्रत्याशित रोबस्टा मातृ पौधों की लघुसूची बना दी गई। इनका बहुगुणन के लिए पत्ते नमूने एवं कुंतकीय पौदों को पौधा ऊतक संवर्धन व जैव प्रौद्योगिकी प्रभाग, कॉफ़ी बोर्ड (मैसूरु) को प्रेषित किया गया।

कम उपयोग की जाने वाली कॉफ़ी प्रजातियों को उपयोग में लाने के लिए वर्ष 2024 के दौरान अंतरा एवं अंत: विशिष्ट संगतता की जांच करने के लिए, कॉफ़िया कंगेंसिस, सी. क्विलोन, सी. कैनेफोरा, सी. लॉरेंटी, सी. स्टेनोफिला, सी. डेवेरेई और सी. कैनेफोरा (सीxआर व एस.274 किस्म) का उपयोग करके सोलह ऐसे प्रसंकर किए गए।

विश्व कॉफ़ी अनुसंधान परियोजना के आईएमएलवीटी के तहत 28 अरेबिका किस्मों का परीक्षण किया गया, जिसमें ईसी-16 तथा कैटिगुआ एमजी-2 किस्मों ने कॉफ़ी पर्ण किट्ट के प्रति उच्च क्षेत्र सह्यता प्रदर्शित की। ईसी-16 की उपज व कप गुणता अन्य सर्चिमोर व्युत्पन्नों के बराबर पाई गई।

कॉफ़ी बोर्ड एवं नेस्ले आर एण्ड डी, फ्रांस के बीच वर्ष 2018 में शुरु की गई सहयोगात्मक पहल में, भारत के विभिन्न कॉफ़ी उगाने वाले क्षेत्रों में छह रोबस्टा किस्मों और एक अरेबिका किस्म के क्षेत्र प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। अलग-अलग तीन स्थानों पर मूल्यांकन किए गए रोबस्टा की पाँच चयनित किस्मों में पहली उपज ने एफआरटी 101 में (767 किलोग्राम स्वच्छ कॉफ़ी/हेक्टेयर) की उच्चतम उपज का संकेत दिया।

उद्योग सहायता गतिविधि के तहत, 12,328.25 किलोग्राम अरेबिका, 3,379.5 किलोग्राम रोबस्टा और विभिन्न पेड़-कॉफ़ी प्रजातियों के 90.5 किलोग्राम बीजों को शामिल कर कुल 15,798.25 किलोग्राम बीज कॉफ़ी, कॉफ़ी उपजकर्ताओं को वितरित किया गया। इसके अलावा, पहचाने गए सीxआर रोबस्टा किस्म के कुल 52,970 जड़ित कुंतकों को 357 कॉफ़ी उपजकर्ताओं को वितरित किया गया।

ऊतक संवर्धन व जैव प्रौद्योगिकी प्रभाग, मैसूरु

लक्षण-विशिष्ट रोबस्टा जीनप्रारूप के अंत: गुणन तथा पुनर्जीवित पौधों के आनुवंशिक विश्लेषण के तहत, पंद्रह लक्षण-विशिष्ट रोबस्टा मातृ पौधों में किण संवर्धन करने तथा उच्च-आवृत्ति कायिक भ्रूणजनन उत्प्रेरित करने के लिए अध्ययन शुरु की गई थी। पाँच सीxआर पौधों, तीन एस.274 पौधों और तीन पुराने रोबस्टा पौधों से एकत्र किए गए कुल 2,500 पर्ण कर्तांतकों को किण उत्प्रेरण मीडिया में संरोपित किया गया। सभी जीनप्रारूप में उच्च-आवृत्ति कायिक भ्रूणजनन उत्प्रेरित पाया गया। आणविक मार्करों और अनुक्रमण कार्यनीति का उपयोग करके एकरूपी मातृ पौधों से प्राप्त कायिक भ्रूण-व्युत्पन्न तथा बीज-व्युत्पन्न पौधों की तुलनात्मक आनुवंशिक समरूपता का विश्लेषण किया गया। इसके अलावा, सभी अंत: पुनर्जीवित पौधों की आनुवंशिक समरूपता का आकलन करने के लिए उपयुक्त मार्करों और कोडिंग क्षेत्रों की पहचान की गई।

कॉफ़ी सफेद तना छेदक (सीडब्ल्यूएसबी) का प्रतिरोध को विकसित करने के लिए संजीनिकी और पराजीनिकी दृष्टिकोणों के अनुप्रयोग के तहत, सीडब्ल्यूएसबी के प्रति संवेदनशीलता दर्शानेवाले जीन की पहचान करने हेतु अनुक्रम लक्षण वर्णन तथा अभिव्यक्ति विश्लेषण के लिए अध्ययन किया गया था। प्रारंभ में, लुप्तांगता व्यवकलनी संकरण (एसएसएच) दृष्टिकोण के माध्यम से सीडब्ल्यूएसबी संक्रमण के दौरान अलग-अलग रूप से अभिव्यक्त जीनों को पहचाना गया था। कॉफ़ी की 21 विभिन्न प्रजातियों में इन जीनों के प्रवर्धन और अनुक्रम लक्षण वर्णन ने एस एन पी एस और प्रविष्टि एवं विलोपन (इन्सर्शन एण्ड डिलीशन) के रूप में जीन अनुक्रम में भिन्नता का संकेत दिया। इसके अतिरिक्त, 14 अरेबिका कॉफ़ी जीनप्रारूप में मन्नान सिंथेस, जिंक फिंगर प्रोटीन, आइसोल्यूसीन मोनोऑक्सीजन, पॉलीगैलेक्टुरोनेज, एक्वापोरिन, पैथोजेनेसिस से संबंधित प्रोटीन, यूडीपी-ग्लाइकोसिलट्रांसफरेज, प्लास्टिड लिपिड-एसोसिएटेड प्रोटीन, साइटोक्रोम पी450 तथा आइसोप्रीन सिंथेस जैसे 11 जीनों की अनुक्रम परिवर्तनशीलता का अध्ययन किया गया। अभिव्यक्ति अध्ययन करने के लिए छह महत्वपूर्ण जीनों में प्रारंभक की रचना की गई। इन जीन-विशिष्ट प्राइमरों के लिए पीसीआर प्रवर्धन स्थितियों को अनुकूलित किया गया था और सभी जीनों को 14 कॉफ़ी जीनप्रारूपों के संजीनीय डीएनए नमूनों से प्रवर्धित किया गया। इन जीनों की अभिव्यक्ति विश्लेषण कार्य प्रगति पर है।

संजीनिकी दृष्टिकोणों का उपयोग करके जलवायु-लचीली रोबस्टा किस्में विकसित करने के लिए, जीन बैंक में उपलब्ध 20 सूखा-संवेदनशील कॉफ़िया कैनेफोरा श्रैणी की संख्या संरचना का विश्लेषण करने और सूखा संवेदनशीलता से जुड़े मार्करों को विकसित करने के लिए अध्ययन किए गए। एसआरएपी तथा

एससीओटी प्रारंभकों के साथ श्रेणियों को जाँचा गया। सूखा संवेदनशील जीनप्ररूपों में से भिन्न रूप से प्रवर्धित अंशों और सीxआर एवं एस.274 जैसे रोबस्टा की कृष्य किस्मों को एससीओटी प्रारंभकों का उपयोग करके प्रवर्धित किया गया और उन्हें निष्कालित किया गया, शुद्ध रूप में लाया गया और अनुक्रमित किया गया। कुल 25 अद्वितीय अंशों को 12 सूखा-संवेदनशील रोबस्टा श्रेणियों से अनुक्रमित किए गए। कुल 25 अनुक्रमों में, कई सार्वजनिक डोमेन डेटाबेस में **ब्लास्ट** (बेसिक लोकल अलाइनमेंट सर्च टूल्स) के खोजने पर, 2-ऑक्सोग्लूटरेट-निर्भर डीऑक्सीजेनेज, आरआरएम-डोमेन, टीजीए-9 लाइक तथा डिटॉक्सिफिकेशन 40-लाइक जैसे पाँच अनुक्रम जीन से मेल खाते थे, जबकि अन्य 20 अनुक्रम "अलाक्षणिक" रूप में मेल खाते हैं। इसके अलावा, 20 सूखा-संवेदनशील कॉफ़िया कैनेफोरा श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 60 डी.आर. रोबस्टा पौधों के पर्ण के नमूनों से संजीनीय डीएनए को अलग किया गया। दो डी.आर. रोबस्टा जीनप्रारूप के पर्ण तथा पुष्प ऊतकों से संपूर्ण आरएनए को अलग किया गया था। सूखा-संवेदनशील रोबस्टा की श्रेणियों से अलग किए गए अजैविक प्रतिबल-अनुक्रियाशील जीनों के लिए नए संश्लेषित प्रारंभकों के साथ दो सूखा-संवेदनशील रोबस्टा की श्रेणियों के संजीनिय डीएनए तथा सीडीएनए को जाँचा गया।

अप्रचलित प्रजनन तकनीकों द्वारा कम उपयोग की गई द्विगुणित जातियों का प्रयोग करके जलवायु-लचीली कॉफ़ी के विकास के तहत, उच्च आवृत्ति वाले कायिक भूणजनन नवाचार के मानकीकरण और प्रजनन कार्यक्रमों में उपयोग के लिए एवं वाणिज्यिक समुपयोजन के लिए सी. एक्सेलसा एवं सी. स्टेनोफिला जैसी द्विगुणित जातियों में बहुगुणित के अंत: उत्प्रेरण का मानकीकरण के लिए अध्ययन शुरु किए गए। सी. एक्सेलसा, सी. स्टेनोफिला और एक चतुर्गुणित नैसर्गिक पेड़ कॉफ़ी प्रसंकर के कुल 1000 पर्ण कर्तोतकों को किण उत्प्रेरण के लिए संरोपित किया गया। सी. एक्सेलसा और सी. स्टेनोफिला दोनों की उच्च आवृत्ति वाले कायिक भ्रूण उत्पत्ति नवाचार का मानकीकृत किया गया था। द्विगुणित प्रजातियों में बहुगुणित के कृत्रिम उत्प्रेरण संबंधी अध्ययन प्रगति पर है।

एक नैसर्गिक चतुर्गुणित अंतराविशिष्ट प्रसंकर ने पर्ण किट्ट के प्रति प्रतिरोध को दर्शाने का संकेत एक निजी एस्टेट से रिकार्ड किया गया। प्रसंकर की गुणन स्तर और संजीन तत्व को प्रवाह कोशिकामिति (फ्लो साइटोमेट्री) और रंध्री लवक गणना (स्टोमाटल प्लास्टिड काउंट्स) द्वारा निर्धारित किया गया था। आणविक मार्कर विश्लेषण का उपयोग करके मूल पौधे के रूप में अरेबिका को पुष्टि की गई। कायिक भ्रूणजनन का उत्प्रेरण तथा पहचाने गए प्रसंकर का गुणन प्रगति पर है।

अंत: पुनर्जीवित अरेबिका एवं रोबस्टा के पराजीनिकी पौधों में अंत: गुणन, पराजीन अभिव्यक्ति की निगरानी तथा पराजीन की वंशगति पैटर्न का परीक्षण प्रगति पर है। चावल चिटिनेस जीन वाहक पराजीनिक सी. अरेबिका की पौधा कॉफ़ी किट्ट के प्रति संवेदनशीलता दर्शाता है तथा तंबाकू ऑस्मोटिन, एसजीएफपी व गुसा-जीन वाहक सी. कैनेफोरा को नियंत्रित स्थितियों में बनाए रखता है।

उप-घटक 1.2: वर्धित मृदा स्वास्थ्य, फसल पालन एवं मशीनीकरण के माध्यम से उत्पादकता में सुधार

कृषि विज्ञान प्रभाग

सीसीआरआई, सीआरएसएस चेट्टल्ली तथा आरसीआरएस तांडिगुडी में, विभिन्न कृषि मशीनरी (मिनी ट्रैक्टर, ट्रेलर, खरपतवार स्लैशर, एमयूटीवी, मिस्ट ब्लोअर-डस्टर, वेस्ट श्रेडर, पिट डिगर, चेन सॉ, ब्रश कटर, फर्टिलाइजर स्प्रेडर और पोल प्रूनर) के मूल्यांकन के लिए एक नए रोपण पैटर्न (या) रोपण विन्यास सहित प्रदर्शन ब्लॉकों को स्थापित किया गया। इसके अलावा, परशुद्ध कॉफ़ी उत्पादन प्रौद्योगिकियों के एक भाग के रूप में, सीसीआरआई में ड्रिप सिंचाई तथा उर्वरीकरण परीक्षण प्लॉट भी शुरु किए गए।

सीसीआरआई, आरसीआरएस आर.वी. नगर तथा कर्नाटक राज्य में पाँच प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टीईसी) (चिक्कमगलूरु, मूडिगेरे, सकलेशपुरा, मडिकेरी और गोनिकोप्पालु) में कॉफ़ी आधारित फसल विविधीकरण प्लॉट स्थापित किए गए हैं।

खरपतवार के नाश पर विभिन्न जैव निम्नीकरणीय पलवार सामग्रियों के प्रभाव पर बहु-स्थानीय परीक्षण के परिणामों ने संकेत दिया कि सभी जैव निम्नीकरणीय पलवार सामग्रियों ने परीक्षण के पहले छह महीनों के दौरान खरपतवार की वृद्धि को 54% से 75% तक नष्ट किया।

कॉफ़ी की मृदा (10 मिली/लीटर की दर से) पर एक वाणिज्यिक जैव-जड़ी-बूटी अर्थात "**वीडआउट**" के मूल्यांकन से संकेत मिलता है कि कॉफ़ी पर किसी भी फाइटोटॉक्सिक प्रभाव के बिना खरपतवार का नाश तुलनात्मक रूप से बेहतर था।

अरेबिका कॉफ़ी में एक स्वामित्विक उत्पाद अर्थात "एच वाई टी बी" (एमिनो अम्ल-आधारित पदार्थ) का मूल्यांकन उपज योगदान करने वाले मापदंडों तथा फसल उपज के संबंध में एक लीटर प्रति एकड़ की दर से दर्ज किया गया।

कृषि रसायन विज्ञान प्रभाग

कॉफ़ी की उपज और गुणता पर "नैनो उर्वरकों (यूरिया/डीएपी) के प्रभाव" पर बहु-स्थानीय क्षेत्र प्रयोग के परिणाम ने यह संकेत दिया कि नैनो उर्वरकों (यूरिया/डीएपी) के अनुप्रयोग के साथ उपज में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं दिखाई देता। दो वर्षों की औसत उपज आँकडा से पता चला कि अरेबिका कॉफ़ी में, नैनो उर्वरकों (यूरिया/डीएपी) के पर्णिय अनुप्रयोग में 5 मिलीलीटर/लीटर तथा 50% की दर से आरडीएफ के अनुप्रयोग (मृदा अनुप्रयोग के रूप में) उपज में 100% आरडीएफ में से 8% से 10% तक उच्चतम उपज दर्ज की गई। जबकि रोबस्टा कॉफ़ी में, नैनो उर्वरकों (यूरिया/डीएपी) के पर्णीय अनुप्रयोग में 5 मिलीलीटर/लीटर तथा 50% आरडीएफ (मृदा अनुप्रयोग के रूप में) की दर से 100% आरडीएफ (नियंत्रण) में से 6% से 8% की उच्चतम उपज दर्ज की गई।

वर्ष 2022 के दौरान सीसीआरआई (अरेबिका एवं रोबस्टा), सीआरएसएस, चेट्टल्ली (अरेबिका) और टीईसी गोनिकोप्पलु (रोबस्टा) में नए रासायनिक सूत्रीकरण जैसे **क्रॉपटेक** (8:21:21:2.1), एन24 (24:24:0), एन20 (20:20:0:13), बेनसल्फ सुपरफास्ट एवं पुष्पण विशेष (9:27:18 + टीई) का मूल्यांकन करने के लिए बहु-स्थानीय क्षेत्र परीक्षण शुरू किए गए। दो वर्ष के उपज डेटा ने नए रासायनिक सूत्रीकरण के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं दिखाया।

वर्ष 2022 के दौरान चिक्कमगलूरु, सीआरएसएस-चेट्टल्ली, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (चिक्कमगलुरु) और मेसर्स देवधानम नामक निजी एस्टेट में अरेबिका एवं रोबस्टा कॉफ़ी की मृदा व पर्ण में पर्ण पोषक तत्व के स्तर, उपज तथा गुणता पर अमोनियम पॉलीबोरेट के मृदा और पर्णीय अनुप्रयोग के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए बहु-स्थानीय क्षेत्र परीक्षण शुरु किए गए।

दो वर्ष के उपज डेटा ने संकेत दिया कि 500 ग्राम प्रति एकड़ की दर से अमोनियम पॉलीबोरेट के पर्णीय अनुप्रयोग ने उपज को 100% आरडीएफ (नियंत्रण उपचार) से 10% तक वृद्धि पायी गयी।

मृदा, पर्ण, कृषि रासायनिक विश्लेषण और सलाह सेवाओं के तहत, 4,109 कॉफ़ी बागानों से प्राप्त कुल 9,918 मृदा 16 पर्ण तथा 792 कृषि रासायनिक नमूनों का विश्लेषण किया गया और चूना तथा उर्वरकों के अनुप्रयोग के लिए सलाह दिया गया। इसके अलावा, कर्नाटक एवं केरल में विभिन्न स्थानों पर 69 ऑन-स्पॉट मोबाइल मृदा परीक्षण अभियान आयोजित किए गए, जिससे 1,991 कॉफ़ी उपजकर्ताओं को लाभ हुआ। अभियानों के दौरान, पीएच के लिए कुल 3,477 मृदा के नमूनों का विश्लेषण किया गया और ऑन-स्पॉट चुना अनुप्रयोग की सिफारिश की गई।

पादप कायिक विज्ञान प्रभाग

सीxआर तथा एस.274 रोबस्टा किस्मों के उपयुक्त प्रकंद पहचान कर सूखा संवेदनशील रोबस्टा कृष्य किस्मों को विकसित करने के लिए कलमबद्ध (ग्राफ्टिंग) अध्ययन किए गए। मूल्यांकन किए गए विभिन्न कलमबद्ध संयोजनों में, एसएलएन. 9/एस.274, एस.3399/एस.274 तथा एसएलएन.5बी/एस.274 ने पैतृक वंशक्रम की तुलना में अधिक कार्यिकीय और जैव रासायनिक मापदंडों को दर्ज किया।

अरेबिका (एसएलएन.9) एवं रोबस्टा (सीxआर) किस्मों की उपज पर कैल्सिकेयर (एक तरल-आधारित स्वामित्व सूत्रीकरण) के पर्णीय अनुप्रयाग से अरेबिका एवं रोबस्टा के उपज में क्रमश: 12.18% तथा 9.52% वृद्धि हुई।

सीसीआरआई तथा दो चयनित निजी एस्टेटों में आंतरिक अभिसूत्रण पोषक छिड़काव का परीक्षण के परिणाम नियंत्रण ब्लॉक की तुलना में आंतरिक अभिसूत्रण पोषक छिड़काए ब्लॉक में 15.4% की उच्च उपज दर्ज की।

सहयोगात्मक कार्यक्रम के तहत, इसरो-आरआरएससी बेंगलूरु के साथ "छाया में उगाए गए कॉफ़ी बागानों से कार्बन उत्सर्जन की निगरानी" चयनित कॉफ़ी ब्लॉकों से कार्बन उत्सर्जन की निगरानी के लिए सीसीआरआई में 30फीट **एडी स्टेशन** स्थापित किया गया था।

पादप रोगविज्ञान प्रभाग

कॉफ़ी पर्ण किट्ट (सीएलआर) रोग प्रबंधन करने के लिए नए फफूंदनाशकों (प्रोपिकोनाजोल 13.9% + डिफेनोकोनाजोल 13.9%, पिकोसिस्ट्रोबिन 6.78% + ट्राइसाइक्लोज़ोल 20.33%, पिकोसिस्ट्रोबिन 7.05% + प्रोपिकोनाजोल 11.71, फ्लुओपाग्राम 17.7 + टेबुकोनाजोल 17.7, फ्लक्सापायरोक्साड 167 ग्राम/लीटर + पाइराक्लोस्ट्रोबिन 333 ग्राम/लीटर और हेक्साकोनाजोल 75%) का क्षेत्र मूल्यांकन किया गया। इससे यह संकेत मिला कि हेक्साकोनाजोल 75% डब्ल्यूजी और फ्लक्सापायरोक्साड 167 ग्राम/लीटर + पाइराक्लोस्ट्रोबिन 333 ग्राम/लीटर एए (0.5 मि.ली./लीटर की दर पर) की प्रभावशीलता वर्तमान में अनुशंसित हेक्साकोनाजोल 5% एससी, के बराबर पाई गई, जो सीएलआर रोग की आपतन को कम करने के वर्तमान में सिफारिश की जा रही है।

कॉफ़ी पर्ण किट्ट (सीएलआर) के प्रबंधन हेतु कॉपर आधारित फफूंदनाशक "क्यूप्रोफिक्स" (कॉपर सल्फेट 47.15% + मैंकोज़ेब 30% डब्ल्यूडीजी) के क्षेत्र मूल्यांकन से यह संकेत देता है कि सीएलआर रोग की आपतन को कम करने के लिए क्यूप्रोफिक्स की 6.25 ग्राम/लीटर की दर पर प्रभावशीलता वर्तमान में अनुशंसित प्रोफिलेक्टिक फफूंदनाशक (0.5% बोर्डो मिश्रण) के बराबर पाई गई।

परिवर्तित जलवायु स्थिति के तहत अरेबिका के सुग्राही एवं सह्य किस्म क्रमश: एसएलएन.3 (एस.275) और एसएलएन.13 पर कॉफ़ी पर्ण किट्ट का रोगजनक हेमीलोया वैस्टेट्रिकस के व्यवहार का अध्ययन किया गया। पाक्षिक अंतराल पर दर्ज किए गए डेटा से सहसंबंधित मौसम मापदंडों के डेटा जैसे दैनिक आधार पर परिवीक्षित अधिकतम तापमान, न्यूनतम तापमान, सापेक्ष आर्द्रता और संग्रहित वर्षा यह दर्शाता है कि अधिकतम तापमान, वर्षा और धूप की अवधि रोग आपतन के लिए सकारात्मक रूप से सहसंबद्ध थे।

कॉफ़ी के विभेदकों के आधार पर कॉफ़ी पर्ण किट्ट की प्रजाति का पृथक्करण, शुद्धिकरण और लक्षणीकरण का कार्य आरसीआरएस, तांडिगुडी में किया गया था। क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशन, तमिलनाडु में विभेदक और किट्ट प्रजातियों को अनुरक्षित की जा रही है।

ब्लैक रोट रोग के प्रबंधन के लिए छ: नए भिन्न सर्वांगी कवकनाशकों को अंत: और क्षेत्र परिस्थितियों में मूल्यांकन किया गया। इनमें से फ्लूओपाइरम 17.7% डब्ल्यू/डब्ल्यू + टेबुकोनाजोल 17.7% एससी (1.5 मि.ली./लीटर की दर पर) तथा फ्लक्सापायरोक्सैड 167 ग्राम/लीटर + पाइराक्लोस्ट्रोबिन

333 ग्राम/लीटर (1 मि.ली./लीटर की दर पर) ने न्यूनतम आपतन दर्शाया।

स्टॉक रोट रोग के प्रबंधन के लिए एकीकृत रोग प्रबंधन विकसित करने की दिशा में, छह फफूंदनाशकों और दो जैव-एजेंटों (बैसिलस सबटिलिस और ट्राइकोडर्मा हरजियानम) का क्षेत्र मूल्यांकन किया गया। पाइराक्लोस्ट्रोबिन 133 ग्राम/लीटर + एपॉक्सिकोनाजोल 50 ग्राम/लीटर (1 मि.ली./लीटर) और बैसिलस सबटिलिस और ट्राइकोडर्मा हरजियानम (10 मि.ली./लीटर) के संयोजन के उपचार से न्यूनतम रोग आपतन देखा गया।

कर्नाटक के कुछ हिस्सों में सुपारी में कोलेटोट्रिकम ग्लिओस्पोरियोइड्स के कारण होने वाले पर्ण धब्बा रोग महामारी के रूप में रिपोर्ट किया गया। पार संक्रमण की संभावना का अध्ययन करते समय, कॉफ़ी और सुपारी से अलग किए गए सी. ग्लिओस्पोरियोइड्स को ग्लासहाउस परिस्थितियों में पार संरोपण किया गया। साठ दिनों के निरंतर अवलोकन के बाद, यह पाया गया कि स्टॉक रोट रोग ग्रसित कॉफ़ी से अलग किए गए सी. ग्लोओस्पोरियोइड्स सुपारी को संक्रमित करने में विफल रहे और इसके विपरीत, दोनों प्रभेद अलग-अलग हैं।

नर्सरी में माइरोथेसियम रोरिडम और सेरकोस्पोरा कॉफ़ीकोला द्वारा उत्पन्न होने वाली पर्ण धब्बे रोगों के प्रति दस नए कवकनाशकों का मूल्यांकन किया गया। भिन्न कवकनाशकों में से फ्लुओपाग्राम 17.7% + टेबुकोनाजोल 17.7% एससी, पिकोसिस्ट्रोबिन 7% + प्रोपिकोनाजोल 12% एससी तथा टेबुकोनाजोल 38.39% एससी ने न्यूनतम रोग आपतन दिखाई।

कॉफ़ी नर्सरी रोगों पर कॉफ़ी बायोचार का प्रभाव समझने के लिए अध्ययन शुरू किया गया। प्रारंभिक परीक्षणों के परिणामों से पता चला कि नर्सरी मिश्रण में 4% कॉफ़ी बायोचार संशोधन ने पर्ण धब्बा रोग की न्यूनतम आपतन दर्ज किया, जबकि 1% कॉफ़ी बायोचार संशोधन ने ब्राउन आई स्पॉट रोग न्यूनतम आपतन दिखाई दिया।

उद्योग के समर्थन में, मृदा जनित कॉफ़ी के रोगों के प्रबंधन के लिए कुल 490 किलोग्राम जैव नियंत्रण कारक ट्राइकोडर्मा हरजियानम प्रारंभक संवर्धन को 14 रोपणकर्ताओं को आपूर्ति की गई।

कीट विज्ञान प्रभाग

वर्ष 2023-24 के पुष्पण अवधि के दौरान, सीसीआरआई के अरेबिका एवं रोबस्टा बागानों में, राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा प्रायोजित"कॉफ़ी उत्पादन एवं गुणता सुधार पर मधुमक्खी का प्रभाव" परियोजना के तहत, मधुमक्खी प्रवेश पर अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में पाया गया कि अरेबिका और रोबस्टा बागानों में सबसे प्रचुर मात्रा में आने वाली एपिस सेराना तथा टेट्रागोनुला ट्रावनकोरिका मधुमक्खियाँ थीं।

तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू), कोयंबत्तूर के सहयोग से प्रयोगशाला तथा कॉफ़ी क्षेत्रों में सीडब्ल्यूएसबी के अंडाणु-विरोधी क्रिया पर नैनो-अभिसूत्रण की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। नैनो-अभिसूत्रण और 4% सेलुलोज़ एसीटेट के छिड़काव के 90 दिनों बाद अंडे देने से रोकने में प्रभावी पाया गया।

सीडब्ल्यूएसबी फेरोमोन प्रलोभन की कार्यक्षमता सुधारने हेतु नैनो-फेरोमोन विकसित करने के लिए सहयोगात्मक अध्ययन शुरू किए गए। इलेक्ट्रो एन्टेनोग्राफिक डिटेक्शन (ईएडी) का उपयोग करके सीडब्ल्यूएसबी के प्रति मेसर्स एटीजीसी, बेंगलूरु द्वारा संश्लेषित नैनो-फेरोमोन की प्रतिक्रिया का अध्ययन एनबीएआईआर, बेंगलूरु में किया गया। विभिन्न क्षेत्रीय स्थानों में नैनो-फेरोमोन की प्रभावी सांद्रता की कार्यक्षमता का अध्ययन करने के लिए नैनोफेरोमोन जाल स्थापित किया गया।

शॉट होल बोरर (एसएचबी) को जाल में प्रभावी रूप से फँसाने के लिए, कॉफ़ी पौधों से कैरोमोन संग्रहित किया गया। जीसी-एमएस के उपयोग कर कैरोमोन की पहचान किया गया और सेमीओ-केमिकल प्रयोगशाला, आईआईएचआर, बेंगलूरु में

एसएचबी के प्रति इलेक्ट्रो एन्टेनोग्राफिक डिटेक्शन (ईएडी) का उपयोग करके उनकी प्रतिक्रिया को रिकार्ड किया गया। पहचाने गए विभिन्न वाष्पशील पदार्थों में से, एसएचबी ने 31 विभिन्न वाष्पशील पदार्थों को प्रतिक्रिया प्रकट की। 2,4-डाइमिथाइल हेप्टेन, α-पिनीन, 3-इथाइलटोल्वीन, इथाइल बेंजोएट, 2-मिथाइलडोडेकेन, 3-हेक्सानाल, 2-हेक्सिल-1-डेकेनॉल, स्टाइरीन, बीटा मायर्सीन, पेंटाडेकेन, डी-लिमोनेन के उपयोग से उल्लेखनीय प्रतिक्रिया देखी गई।

कॉफ़ी उगाने वाले विभिन्न स्थानों से एसएचबी के नैसर्गिक शत्रुओं का पता लगाया और सबसे प्रचुर मात्रा में परजीवी टेट्रास्टिकस जाति (हाइमेनोप्टेरा: यूलोफिडे) को ही पाया गया। इसके अतिरिक्त, एसएचबी के परजीवीकरण का स्तर जनवरी में 1.67% से लेकर 11.67% तक था तथा परजीवीकरण फरवरी (10%) की तुलना मे जनवरी (11.67%) मे अधिक था ।

जाल में फँसे हुए कॉफ़ी बेरी बोरर के प्रति नैनोमैट्रिक्स अनुप्रयोग का मूल्यांकन करने के लिए एनबीएआईआर, बेंगलूरु के सहयोग से प्रारंभिक अध्ययन शुरू किया गया था। नैनो-मैट्रिक्स प्रदेय जाल में कीटों को फँसाने मानक ब्रोका प्रलोभनयुक्त जाल के बराबर था। सभी कॉफ़ी उगाने वाले क्षेत्रों में कॉफ़ी बेरी बोरर की संख्या की नियमित निगरानी की गई और इसके आधार पर, कीटों की प्रभावी प्रबंधन के लिए कॉफ़ी उपजकर्ताओं को समय पर सलाह दी गई।

उद्योग समर्थन गतिविधि के तहत, कॉफ़ी सफेद तना छेदक (सीडब्ल्यूएसबी) के प्रबंधन के लिए कर्नाटक में 8 रोपणकर्ताओं को प्रलोभन सहित कुल 450 क्रॉस वेन फेरोमोन जाल की आपूर्ति की सीबीबी के प्रबंधन के लिए प्रलोभन सहित 34,899 ब्रोका जाल और 1419.5 लीटर के केवल प्रलोभन को क्रमश: 241 व 230 उपजकर्ताओं में आपूर्ति की गई। एसएचबी के प्रबंधन के लिए प्रलोभन सहित 14,775 जाइकॉम जाल और 95 लीटर के केवल जाइकॉम प्रलोभन को क्रमश: 214 और 59 उपजकर्ताओं में आपूर्ति की गई। सीबीबी के प्रबंधन के लिए कर्नाटक और तमिलनाडु के 9 उपजकर्ताओं को कुल 281 किलोग्राम ब्यूवेरिया बासियाना की आपूर्ति की गई।

मीलीबग ग्रसन के प्रबंधन के लिए पारि-अनुकूल उपाय के रूप में केरल तथा कर्नाटक के 27 उपजकर्ताओं को 64,500 परजीव्याभों (लेप्टोमैस्टिक्स डेक्टीलोपी) की आपूर्ति की गई।

उप घटक 1.3: कटाई पश्चात प्रौद्योगिक एवं गुणता सुधार

कटाई पश्चात प्रौद्योगिक प्रभाग

वर्ष 2023-24 में सीसीआरआई में की गई कटाई अवधि के दौरान, एक नई स्टाटिक मैकानिकल ड्रायर (ताइवान निर्मित) का मूल्यांकन किया गया। अनुवीक्षण से पता चला कि अरेबिका पार्चमेंट एवं अरेबिका चेरी को क्रमश: 10% और 11% की वांछित नमी के स्तर तक पहुँचने में लगभग 16 और 40 घंटे का समय लगा। नए मैकानिकल ड्रायर में सुखाए गए नमूनों की कप गुणता 74% से 75% के बीच थी।

कॉफ़ी के नमूनों को सुखाने के लिए इसकी प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान तीन सौर सुरंग ड्रायर (एसटीडी) लगाए गए थे, जिनमें से एक केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान (सीसीआरआई) और दूसरा कर्नाटक राज्य के मुडिगेरे और सकलेशपुरा क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टीईसी) में रखा गया था। बहु-स्थानीय परिणामों ने संकेत दिया कि पारंपरिक धूप में कॉफ़ी को सुखाने की तुलना में एसटीडी का उपयोग करने से सुखाने के दिनों को 40% से 50% तक कम किया जा सकता है। एसटीडी में सुखाए गए नमूनों की कप गुणता ने, धूप में सुखाने (73.75) और एसटीडी में सुखाने (76.75) के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं दिखाई दिया।

सीसीआरआई में कॉफ़ी प्रसंस्करण अपशिष्टों से उत्पन्न बायोचार (चेरी भूसी और पार्चमेंट भूसी से निर्मित कार्बन युक्त पदार्थ) पर किए गए प्रयोगों से पता चला कि पौधों की वृद्धि,

पोषक तत्वों का ग्रहण, मृदा में जल धारण क्षमता तथा विभिन्न कॉफ़ी नर्सरी में उत्पन्न विभिन्न रोगों के आपतन कम करने पर बायोचार सकारात्मक प्रभाव डालता है।

कॉफ़ी उगाने वाले विभिन्न क्षेत्रों से संग्रहित सत्तर मृदा नमूनों के सूक्ष्मजीवी मानचित्रण ने संकेत दिया कि चार पौधों के बीच में से संग्रहित मृदा की तुलना में ड्रिप-सर्किल-ज़ोन से संग्रहित मृदा नमूनों में सूक्ष्मजीवियों की संख्या (बैक्टीरिया/कवक/एक्टिनोमाइसेट्स) अपेक्षाकृत अधिक पाई गई। इसके अलावा, चार पौधों के बीच में से संग्रहित मृदा की तुलना में ड्रिप-सर्किल-. जोन से संग्रहित मृदा नमूनों का पीएच/मृदा अभिक्रिया अधिक अम्लीय पाई गई।

रिपोर्टाधीन अवधि में विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्र (अरेबिका/रोबस्टा/जंगल/धान) से संग्रहित मृदा के नमूनों के सूक्ष्मजीवी मानचित्रण (बैक्टीरिया/कवक/एक्टिनोमाइसेट्स) से पता चला कि अरेबिका पारिस्थितिकी तंत्र में एक्टिनोमाइसेट्स और फॉस्फेट विलेयकारी की संख्या उच्च थी, जबकि धान पारिस्थितिकी तंत्र में बैक्टीरिया और नाइट्रोजन फिक्सर की संख्या अधिक पायी गयी। रोबस्टा पारिस्थितिकी तंत्र में कवक की उच्च संख्या पायी गयी।

कॉफ़ी गुणता विभाग

कॉफ़ी गुणता प्रभाग के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

1. कापी शास्त्र प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कॉफ़ी भूनने, पीसने और पैकेजिंग उद्योग में नवीनतम तकनीकों के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा अच्छी गुणता की कॉफ़ी तैयार करने की तकनीकों को प्रदर्शित करना है। वर्ष 2023-24 के दौरान तीन कार्यक्रम आयोजित किए गए और 65 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

क्र. सं.	स्थान	विवरण	प्रतिभागियों की संख्या
1.	मुख्यालय, बेंगलूरु	03 से 07 जुलाई 2023	26
2.	मुख्यालय, बेंगलूरु	20 से 24 नवम्बर 2023	26
3.	मुख्यालय, बेंगलूरु	18 से 22 दिसम्बर 2023	13
कुल			**65**

2. बरीस्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम

कॉफ़ी बोर्ड द्वारा शुरु किया गया बारीस्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम, कॉफ़ी बनाने, कैफे प्रबंधन तथा बरीस्ता कौशल सुधारने में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफ़ॉर्म है। वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 11 कार्यक्रम आयोजित किए गए और विशाखापट्टणम, ओड़िशा, महाराष्ट्र, कोलकाता, हैदराबाद, गुजरात, तेलंगाना और गोवा जैसे देश के विभिन्न भागों में आयोजित कार्यक्रम में 124 प्रतिभागियों ने भाग लिया विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	स्थान	विवरण	प्रतिभागियों की संख्या
1.	मानसगंगोत्री, मैसूरु	19 से 23 जून 2023	13
2.	गिरिजन को-ऑप कार्पोरेशन लिमिटेड, विशाखापट्टणम	31 जुलाई से 04 अगस्त 2023	19
3.	आईएचएम वीएसएस नगर, भुवनेश्वर	28 अगस्त से 01 सितम्बर 2023	09
4.	मुख्यालय, बेंगलूरु	06 से 10 नवम्बर 2023	11
5.	एबी कॉफ़ी, मुंबई	04 से 08 दिसम्बर 2023	08
6.	टी बोर्ड, कोलकाता	08 से 12 जनवरी 2024	10
7.	जीएआर, बंजारा हिल्स, हैदराबाद	26 से 30 जनवरी 2024	13
8.	शक्ति फाउण्डेशन, कोकोरो बरिस्ता स्कूल के द्वारा, सूरत	29 जनवरी से 02 फरवरी 2024	12

9.	शक्ति फाउण्डेशन, कोकोरो बरिस्ता स्कूल के द्वारा, सूरत	26 फरवरी से 01 मार्च 2024	12
10.	वेंकटरमणा काम्प्लेक्स, हैदराबाद	11 से 15 मार्च 2024	08
11.	फुल ऑफ बीन्स कॉफी, गोवा	11 से 15 मार्च 2024	09
कुल			**124**

3. "नो योर कापी (केवाईके)" - एक विशेष कप गुणता मूल्यांकन कार्यक्रम

कॉफ़ी बोर्ड ने "नो योर कापी (केवाईके)" नामक एक विशेष कप गुणता मूल्यांकन कार्यक्रम शुरू किया, जिसका उद्देश्य उपजकर्ताओं को उनकी कॉफ़ी गुणता की बारीकीयों को समझने और उसमें सुधार करने में मदद करना है। छः विभिन्न श्रेणियों के तहत कप गुणवत्ता मूल्यांकन पूरा होने के बाद, शीर्ष स्कोरिंग को फ्लेवर ऑफ इंडिया द फाइन कप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पुरस्कृत कॉफ़ी नमूनों का विवरण नीचे दिया गया है:

- **अत्युत्तम धुली अरेबिका** - श्रीमती किल्लो अश्विनी, पति का नाम-गसन्ना, आंध्र प्रदेश
- **अत्युत्तम अध-धुली अरेबिका** - श्री संबीत कुमार पंडा, मेसर्स सप्तगिरी प्लांटेशन, कोरापुट
- **अत्युत्तम अरेबिका नैचुरल्स** - मेसर्स कृति कॉफ़ी, किंद्रीगुडा ट्राइबल फार्मर्स ग्रुप, कोरापुट
- **अत्युत्तम धुली रोबस्टा** - श्री जैकब मैमन, मेसर्स बद्रा बालेहोन्नूरु एस्टेट, चिक्कमगलूरु
- **अत्युत्तम अध-धुली रोबस्टा** - श्री श्रीनिवास के.एस. मेसर्स कोव्वली एस्टेट, चिक्कमगलूरु
- **सर्वश्रेष्ठ रोबस्टा नैचुरल्स** - श्री जैकब मैमन, मेसर्स बद्रा बालेहोन्नूरु एस्टेट, चिक्कमगलूरु

वर्ष 2023-24 के लिए दिशा-निर्देशों में संशोधन के साथ "नो योर कापी (केवाईके)" की घोषणा भी की गई है।

4. कॉफ़ी गुणता प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

वर्ष 2022-23 के दौरान 15 छात्रों ने कॉफ़ी गुणता प्रभाग में दूसरा त्रैमासिक सत्र पूर्ण किया। वहीं, वर्ष 2023-24 बैच के लिए 15 छात्रों ने दाखिला लिया है और वे रिपोर्टिंग अवधि के दौरान केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान, बालेहोन्नूरु में अपने पहले त्रैमासिक सत्र में अध्ययनरत हैं।

मूल्यवर्धन के लिए समर्थन

मूल्यवर्धन की दिशा में एक कदम

विश्व कॉफ़ी श्रृंखला में कॉफ़ी की न्यूनतम 40% अर्थव्यवस्था कॉफ़ी उत्पादक देशों की है, जबकि शेष 60% उपभोक्ता देशों की। पिछले कुछ वर्षों में उपभोक्ता देशों ने अंतिम उत्पाद के रूप में कॉफ़ी के प्रसंस्करण, विनिर्माण और विपणन की क्षमताओं में सुधार किया है। कॉफ़ी की मूल्य श्रृंखला और बाजार के सतत विकास के लिए भूनने, पीसने और पैकेजिंग में नवीनतम तकनीकों को अपनाना महत्वपूर्ण है। विशेषकर लघु और मध्यम उद्यमों के माध्यम से रोजगार सृजन के लिए पर्याप्त अवसर घरेलू बाजार द्वारा कॉफ़ी के प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से मिलेंगे। चूंकि कॉफ़ी भूनने, पीसने और पैकेजिंग के क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों में लगाए जाने वाली पूंजी राशि अधिक है, इसलिए यह लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को कॉफ़ी के मूल्यवर्धन गतिविधियों को अपनाने से रोकती है। इसलिए, अच्छी गुणता वाली कॉफ़ी पाउडर की तैयारी तथा पैकेजिंग के लिए उपयुक्त तकनीक हासिल करने के लिए उद्यमियों को समुचित सहायता प्रदान करना आवश्यक पाया गया है।

कॉफ़ी बोर्ड ने बारहवीं योजना एमटीएफ स्कीम घटक 10 मूल्यवर्धन के लिए समर्थन के तहत सहायिकी (सब्सिडी) प्रदान करने द्वारा आर एण्ड जी इकाइयों का समर्थन कर रहा है। इस घटक का मुख्य उद्देश्य कॉफ़ी उत्पाद की गुणता को बढ़ाना और भूनने, पीसने और पैकेजिंग में बेहतर तकनीकों को परिचित कराने के माध्यम से मूल्यवर्धन प्राप्त करना है, जिसके परिणामस्वरूप कॉफ़ी क्षेत्र में घरेलू कॉफ़ी के उपभोग और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। व्यक्तिगत इकाइयों,

साझेदारी फर्मों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी)/उपजकर्ताओं के समूहों को सहायता प्रदान की जा रही है जो कॉफ़ी भूनने वाली इकाइयाँ स्थापित करने में रुचि रखते हैं और साथ ही, वे जो नई स्वचालित/ऊर्जा बचत/पर्यावरण-हितैषी मशीनरी के साथ मौजूदा इकाइयों का आधुनिकीकरण करने का प्रस्ताव रखते हैं।

सहायिकी (सब्सिडी) के लिए पात्र घटक

i. रोस्टिंग यूनिट, 1 किलोग्राम से <10 किलोग्राम/बैच वाली गॉरमेट रोस्टिंग यूनिट और 25 किलोग्राम से कम क्षमता वाली छोटी रोस्टिंग यूनिट, मशीनरी लागत के 40% की सहायिकी (सब्सिडी) के लिए पात्र हैं, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये है।

ii. एसएचजी, महिला उद्यमियों, एससी/एसटी, अल्पसंख्यकों और दिव्यांग लाभार्थियों के लिए सहायिकी (सब्सिडी), मशीनरी लागत के 50% पर है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये है।

गॉरमेट रोस्टिंग इकाइयों को समर्थन से छोटी मात्रा में विशेष मिश्रणों को रोस्ट करना संभव होगा। इससे गैर-पारंपरिक कॉफ़ी पीने वाले क्षेत्रों में बड़ी संख्या में छोटे उपजकर्ताओं/नए उद्यमियों को इस उद्यम को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने में भी सहायता मिल सकती है।

नई इकाइयाँ

निम्नलिखित में से भूनने, पीसने और पैकेजिंग के किसी भी संयोजन में मशीनरी सहायिकी (सब्सिडी) के लिए पात्र हैं।

क) भूनने की मशीन, पीसने की मशीन और पैकेजिंग मशीन।

ख) भूनने की मशीन और पैकेजिंग मशीन।

ग) पीसने की मशीन और पैकेजिंग मशीन।

इस वर्ष, इस घटक के तहत 11 इकाइयों को सहायिकी (सब्सिडी) प्रदान की गई।

भारत की कॉफ़ी की रूपरेखा तैयार करने और इण्डिया कॉफ़ी फ्लेवर व्हील विकसित करने के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों और उपजकर्ताओं से प्राप्त कुल 1702 नमूनों का कप की गुणता के लिए मूल्यांकन किया गया। पोषण संबंधी मापदंडों का मूल्यांकन जारी रखा गया है। कार्यात्मक पेय तैयार करने के विकल्प के रूप में पौधे-आधारित दूध पर अध्ययन किए गए। एस्प्रेसो पेय पदार्थों के लिए पौधे-आधारित दूध के साथ गाय के दूध सम्मिश्रण का तुलनात्मक विश्लेषण यह दर्शाता है कि पौधे-आधारित दूध एस्प्रेसो पेय पदार्थों में एक मलाईदार रूप और अधिक संतुलित स्वाद प्रदान करता है, जबकि गाय का दूध एक अनोखा स्वाद जबरदस्त रूप प्रदान करता है।

भारतीय कॉफ़ी पर निष्कर्षण अध्ययन - पीसने के आकार और ब्रूईंग विधि की भूमिका: भारतीय फ़िल्टर कॉफ़ी विधि का उपयोग कर, किए गए निष्कर्षण अध्ययनों के आँकडे से पता चलता है कि पीसने के आकार और निष्कर्षण दक्षता के बीच का संबंध भूनने के स्तर से प्रभावित होता है। अरेबिका कॉफ़ी के रासायनिक विश्लेषण और संवेदी मूल्यांकन पर विभिन्न प्रसंस्करण विधियों के प्रभाव ने संकेत दिया कि प्रसंस्करण के विभिन्न तरीकों ने भुनी हुई और हरी कॉफ़ी के रासायनिक विश्लेषण को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया, साथ ही भुनी हुई कॉफ़ी में इंद्रीयग्राही गतिविधि को भी प्रभावित किया।

संरचना और संवेदी विशेषताओं के लिए कॉफ़ी और चिकोरी मिश्रणों के मूल्यांकन ने संकेत दिया कि विकसित मिश्रणों में चिकोरी सामग्री का प्रतिस्थापन विश्लेषणात्मक परिणामों से स्पष्ट है, विशेष रूप से पीएच, ब्रिक्स, टीडीएस और कैफीन सामग्री संरचनागत परिवर्तनों के समान भिन्न होती है।

एआईसी-सीसीआरआई-सीईडी, कॉफ़ी बोर्ड

एआईसी-सीसीआरआई-सीईडी (अटल इनक्यूबेशन सेंटर - केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान - उद्यमिता विकास केंद्र), यह एक तकनीकी व्यापार प्रशिक्षण केंद्र है, जिसे बेंगलूरु स्थित कॉफ़ी बोर्ड के मुख्यालय में केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान (सीसीआरआई) तथा अटल नवाचार मिशन (एआईएम) के सहयोग से कॉफ़ी क्षेत्र में स्टार्टअप्स को समर्थन एवं संवर्धन देने के लिए स्थापित किया गया है।

उद्देश्य:

- उद्यमियों के लिए एक सहायक वातावरण प्रदान करना ताकि वे व्यावसायिक नवाचार चला सकें।
- नवोन्मेषी स्टार्टअप्स को प्रशिक्षित करना और उन्हें स्नातक करना।
- युवा उद्यमियों तथा युवाओं के लिए अवसर सृजित करना।
- भारत की उच्च गुणता एवं मात्रा वाली कॉफ़ी को बढ़ावा देने के लिए कॉफ़ी उद्योग की चुनौतियों का समाधान उद्यमिता के दृष्टिकोण से करना।

वर्ष 2023-24 के दौरान, हितधारकों एवं आकांक्षी उद्यमियों के लिए निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:

वर्त्तारंभ - कॉफ़ी एवं संबंधित क्षेत्रों में आकांक्षी तथा प्रारंभिक-चरण स्टार्टअप्स के लिए एक ऑनलाइन पूर्व-प्रशिक्षण (प्री-इनक्यूबेशन) कार्यक्रम, जिसमें 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विक्रयम - कॉफ़ी क्षेत्र के निर्यात वर्टिकल पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम। कुल 25 प्रतिभागियों को कॉफ़ी निर्यात पर प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें कॉफ़ी उद्योग के हितधारकों से जोड़ा गया।

आरोहण - एक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसमें स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, निधियों तक पहुँच, पेशेवर नेटवर्किंग और उत्पाद/सेवा विकास की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जो कॉफ़ी और संबंधित क्षेत्रों से संबंधित नवोन्मेषी एवं मापनीय व्यावसायिक मॉडलों पर काम कर रहे हैं।

कैफे कान्सेप्टर - एआईसी-सीसीआरआई-सीईडी में चार दिवसीय व्यक्तिगत कार्यक्रम, जो कॉफ़ी-केन्द्रित कैफे सेटअप करने के लिए आकांक्षी कैफे उद्यमियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं अनुभव प्रदान करता है। कुल 4 बैचों में 44 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम - इस कार्यक्रम के तहत, गुजरात के एकता नगर में लगभग 50 आदिवासी महिलाओं को कॉफ़ी ब्रूइंग एवं कैफे प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया गया; 200 से अधिक छात्रों ने एआईसी-सीसीआरआई-सीईडी का दौरा किया और कॉफ़ी क्षेत्र से संबंधित नवोन्मेषी स्टार्टअप विचारों से परिचित हुए; प्रशिक्षित स्टार्टअप्स को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रदर्शक के रूप में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ।

कॉफ़ी क्षेत्र से संबंधित नवाचार एवं उद्यमिता पर 20 वेबिनार आयोजित किए गए, जिसमें लगभग 750 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

5वां विश्व कॉफ़ी सम्मेलन

5वां विश्व कॉफ़ी सम्मेलन (डब्ल्यूसीसी) 25-28 सितंबर, 2023 को बेंगलूरु में **"चक्रीय अर्थव्यवस्था एवं पुनर्योजी कृषि स्थिरता"** विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन (आईसीओ) के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम भारत में पहली बार हुआ।

उद्घाटन समारोह में माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, भारत सरकार, श्री पीयूष गोयल, सहित अन्य सदस्य गणमाण्य जैसे कि श्री जो कुली, पापुआ न्यू गिनी के कॉफ़ी मंत्री, श्री मैसिमिलियानो फेबियान, अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी परिषद के अध्यक्ष, डॉ. वानूसिया नोघेरिया, अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन (आईसीओ) की कार्यकारी निदेशक, श्री सुरेश नारायणन, नेस्ले इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री सुनील ए.डी'सूजा, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के मु.का.अ एवं प्रबंध निदेशक, श्री चल्ला श्रीशांत, सीसीएल प्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री शिव कृष्णमूर्ति, हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड के दक्षिण एशिया फूड एंड बेवरेजेस के उपाध्यक्ष, श्री एन. सत्यापन, एसएलएन कॉफ़ी प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. के.जी. जगदीश, कॉफ़ी बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव, श्री एन.एन. नरेंद्र, कॉफ़ी बोर्ड के वित्त निदेशक तथा युनिडो, एफएओ, आईटीसी, अफ्रेक्सिमबैंक तथा आईएलओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सम्मेलन का शुभारंभ 25 सितंबर को एक भव्य उद्घाटन

समारोह के साथ हुआ, जिसमें उद्घाटन सत्र में आईसीओ की कार्यकारी निदेशक डॉ. वानूसिया नोघेरिया, अर्थशास्त्री एवं लेखक प्रो. गुंटर पाउली तथा एयूरोमॉनिटर इंटरनेशनल के फूड व बेवरेजेस के इनसाइट्स मैनेजर श्री मैथ्यू बैरी द्वारा मुख्यभाषण दिए गए।

26 से 27 सितंबर तक सम्मेलन में 11 विषयगत सत्रों में 42 विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें 76 वक्ताओं और पैनलिस्टों ने भारत तथा विदेशों से कॉफ़ी के परिप्रेक्ष्य पर समृद्ध चर्चाओं में भाग लिया।

साथ ही, 13 तकनीकी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिसमें 24 वक्ताओं सहित नौ अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं ने विभिन्न विषयों जैसे कि वैकल्पिक दूध का उगम, भूनाई एवं कैफे व्यवसाय पर कार्यशालाओं में संकाय की भूमिका निभाई।

28 सितंबर को ग्रोवर्स कॉन्क्लेव की ओर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्घाटन श्री अमरदीप सिंह भाटिया भा.प्र.से. अपर सचिव, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार, ने किया। उद्घाटन के बाद, नौवें संस्करण का कॉफ़ी गाइड और इंडिया कॉफ़ी ऐप, कॉफ़ी समुदाय के लाभ के लिए विमोचन किया गया। उस दिन के कार्यक्रम में कॉफ़ी उपजकर्ताओं के लिए आवश्यक तकनीकी उन्नति, गुणता प्रबंधन तथा ग्रीन कॉफ़ी पैकेजिंग के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें सात उच्च प्रभावी सत्रों के तहत 15 वक्ताओं ने व्यवसाय प्रक्रिया एवं उत्पाद नवाचारों से लेकर स्थिरता व जलवायु परिवर्तन तक के विविध विषयों पर चर्चा की। यह कॉन्क्लेव कॉफ़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार की भावना का उत्सव था।

प्रतियोगिताएँ

विश्व कॉफ़ी सम्मेलन 2023 में प्रतिस्पर्धाओं का क्षेत्र केवल कॉफ़ी प्रतिस्पर्धाओं तक सीमित नहीं था; यह एक ऐसा मंच था जो कॉफ़ी ब्रूइंग में उत्कृष्टता को प्रेरित करता और बारिस्ताओं को उनके कौशल को उन्नत करने की प्रेरणा देता था। इन प्रतिस्पर्धाओं ने उत्साह पैदा किया और प्रतिभागियों को अपनी सीमाओं को चुनौती देने का अवसर दिया, जिससे विकास तथा नवाचार का वातावरण निर्मित हुआ। इन प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को न केवल सम्मान प्राप्त हुआ, बल्कि उन्हें वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव भी प्राप्त हुआ, जहाँ उन्होंने अपने देश की कॉफ़ी संस्कृति एवं कौशल को प्रदर्शित किया।

प्रतिस्पर्धाओं के क्षेत्र में एक समर्पित ग्रॉवर्स विलेज था, जहाँ उपजकर्ता अपनी उपज को सुंदर रूप से डिज़ाइन की गई गाड़ियों में प्रदर्शित कर रहे थे। प्रतिस्पर्धाओं के क्षेत्र में एक रोस्टर्स विलेज एक कॉफ़ी-बू बार, एक समर्पित कपिंग रूम और स्टॉल्स भी था, जो आगंतुकों और उद्योग जगत द्वारा सर्वाधिक पसंद किया गया।

वर्ल्ड कॉफ़ी एक्सपो:

5वें विश्व कॉफ़ी सम्मेलन के दौरान एक वर्ल्ड कॉफ़ी एक्सपो भी आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया भर से कॉफ़ी मूल्य श्रृंखला को प्रदर्शित किया गया, जिसमें ग्लोबल कॉफ़ी, कॉफ़ी प्रोसेसर्स, प्रमुख कॉफ़ी कॉर्पोरेट्स, सरकारी एजेंसियाँ, उपकरण निर्माता (फार्म से कप तक), स्टार्टअप्स तथा कॉफ़ी से संबंधित क्षेत्र शामिल थे। इसने प्रदर्शकों को विश्व कॉफ़ी सम्मेलन में पंजीकृत प्रतिनिधियों तथा दुनिया भर से 17,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुकों से मिलने और नेटवर्किंग करने का अवसर प्रदान किया, जो कॉफ़ी उपजकर्ता और कॉफ़ी क्रय किए जाने वाले राष्ट्र, निर्यातकों, आयातकों, प्रमुख कॉफ़ी संघों, वैश्विक कॉफ़ी विशेषज्ञों, रोस्टर्स और एच.ओ.आर.ई.सी.ए. से थे। यह एक स्टार-स्टडेड आकर्षण था, जिसमें पूरी कॉफ़ी मूल्य श्रृंखला को बीज से कप तक प्रदर्शित किया गया। कुल मिलाकर, एक्सपो में 253 प्रदर्शकों ने भाग लिया। इसमें उपकरण कंपनियाँ, कॉफ़ी मशीनें, सॉल्युबल कॉफ़ी ब्रांड्स और कैफे चेन शामिल थे। इसके अतिरिक्त, प्रदर्शनी में खूबसूरती से डिज़ाइन किए गए थीम पविलियन्स थे, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते थे।

*****

अध्याय V

विस्तार एवं विकास

1. परंपरागत क्षेत्र

परंपरागत कॉफ़ी उपजाने वाले क्षेत्रों में तीन दक्षिणी राज्यों यथा, कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु शामिल हैं। परंपरागत क्षेत्रों में कॉफ़ी की कुल रोपित क्षेत्र 3,70,813 हेक्टेयर है, जो देश की कुल कॉफ़ी क्षेत्र 4,89,619.64 हेक्टेयर का 76% है। परंपरागत क्षेत्रों में जोतों की कुल संख्या 1,77,752 है, जो देश की कुल 4,40,748 जोतों का लगभग 40.33% है।

1.1. परंपरागत क्षेत्र में कॉफ़ी के अधीन क्षेत्र

वर्ष 2023-24 के दौरान, तीन परंपरागत कॉफ़ी उपजाने वाले राज्यों में कॉफ़ी के रोपित क्षेत्र, फलन क्षेत्र तथा जोतों की संख्या का विवरण निम्नानुसार हैं :

परंपरागत क्षेत्र में रोपित क्षेत्र, फलन क्षेत्र तथा जोतों की संख्या

राज्य	रोपित क्षेत्र (हे.)			फलन क्षेत्र (हे.)			जोतों की संख्या		
	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	<10 हे.	>10 हे.	कुल
कर्नाटक	1,05,219	1,43,723	**2,48,942**	97,749	1,35,904	**2,33,653**	79,508	2,208	**81,716**
केरल	4,238	81,719	**85,957**	3,957	81,087	**85,044**	77,584	277	**77,861**
तमिलनाडु	29,642	6,272	**35,914**	28,077	5,952	**34,029**	17,830	345	**18,175**
कुल	**1,39,099**	**2,31,714**	**3,70,813**	**1,29,783**	**2,22,943**	**3,52,726**	**1,74,922**	**2,830**	**1,77,752**

1.2. वर्ष 2023-24 में मौसम परिस्थिति तथा फसल उत्पादन

वर्ष 2023 के दौरान, ग्रीष्मकाल उच्च तापमान सहित गर्म तथा शुष्क था। परंपरागत क्षेत्रों के कॉफ़ी उपजाने वाले सभी क्षेत्रों में पुष्पण एवं समर्थन बौछार की प्राप्ति विलम्ब से हुई, लेकिन संतोषजनक रही। आगे, मौसम स्थिति सामान्य थी जिससे कॉफ़ी बागानों में नए पौधों को रोपित करने और मृदा की सामान्य नमी बचाने के लिए सहायता मिली। जहाँ भी उपजकर्ताओं के पास शिरोपरी (ओवरहेड) सिंचाई की सुविधा थी, उन्होंने सुनिश्चित फसल लगने के लिए रोबस्टा को पुष्पण एवं समर्थन बौछार जैसी सिंचाई उपलब्ध कराया। जून 2023 के प्रथम पखवाड़े के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून मंद रूप से प्रारंभ होकर जुलाई महीने में मूसलाधार बारिश का रूप लिया तथा सितंबर के दौरान अनिरंतर रूप से वर्षा होती रही। परंपरागत क्षेत्रों में वर्ष 2022 की संगत अवधि की तुलना में प्रस्तुत मानसून अवधि के दौरान 30% कम वर्षा प्राप्त हुई थी हालाँकि जल टंकियाँ एवं झरनें बह निकलें, बोरवेलों में अंतर्जल का भराव हुआ। समग्र रूप से इस मानसून में मृदा की नमीयता बनी रही और वानस्पतिक वृद्धि भी हुई। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कोई महत्वपूर्ण फसल हानि, बाढ़ या भूस्खलन नहीं हुआ था।

उत्तर-पूर्वी मानसून अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े के दौरान शुरू हुआ तथा पूरे मौसम में मध्यम से उच्च तेज़ हवा के साथ

सक्रिय रहा। इसके अलावा, दिसंबर महीने के दौरान हुई वर्षा के कारण कॉफ़ी की कटाई एवं प्रसंस्करण में बाधा उत्पन्न हुई, जिससे कुछ हद तक गुणवत्ता में गिरावट आई। कुल मिलाकर, स्वस्थ पौधों व फसलों के लिए प्रचलित वर्ष 2023-24 की मौसमी परिस्थितियाँ अनुकूलतम रहीं।

परंपरागत कॉफ़ी उपजाने वाले क्षेत्रों में 2023-24 मौसम के लिए फसल प्राक्कलन 3,47,665 मीट्रिक टन रखा गया था जिसमें अरेबिका का 88,795 मीट्रिक टन एवं रोबस्टा का 2,58,870 मीट्रिक टन शामिल है। राज्यवार विवरण निम्नानुसार है :-

परंपरागत क्षेत्र में कॉफ़ी उत्पादन का प्राक्कलन (2023-24)

राज्य	उत्पादन प्राक्कलन (मीट्रिक टन)		
	अरेबिका	रोबस्टा	कुल
कर्नाटक	72,945	1,81,630	2,54,575
केरल	2,000	71,750	73,750
तमिलनाडु	1,850	5,490	19,340
कुल	**88,795**	**25,8870**	**3,47,665**

1.3 कीट एवं रोग

स्थानिक क्षेत्रों में अरेबिका का प्रमुख कीट सफेद तना छेदक का आपतन सामान्यतया निम्न से मध्यम स्तर तक था। कॉफ़ी उपजाने वाले अधिकांश क्षेत्रों में भी कॉफ़ी बेरी बोरर का आपतन कम से मध्यम स्तर तक पाया गया।

रोबस्टा को ग्रसित करने वाले शॉट होल बोरर तथा चूषक पीड़क जैसे अन्य कीटों का आपतन सामान्यत: कम पाया गया। इसके अलावा, कॉफ़ी उपजाने वाले क्षेत्रों में, भीमकाय अफ्रिकन घोंघा (जीएएस) की संख्या कम पाई गई।

रोगों में से अरेबिका का प्रमुख रोग, कॉफ़ी पत्ती किट्ट का आपतन निम्न से मध्यम स्तर तक था। ब्लैक रॉट, स्टॉक रॉट, पश्चमारी एवं जड़ रोगों का आपतन भी निम्न से मध्यम स्तर पर थे।

सामान्यतया, कीटों एवं रोगों के प्रबंधन के लिए अपेक्षानुसार आवश्यक उपचारात्मक उपायों की सलाह दी जाती है।

1.4 विस्तार गतिविधियाँ

समस्त विस्तार कार्यालय, अनुसंधान निदेशक, कॉफ़ी बोर्ड के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्य करते हैं। अनुसंधान निदेशक, कॉफ़ी बोर्ड, विकास समर्थन योजनाओं के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करते हैं। संयुक्त निदेशक (विस्तार), हासन, कर्नाटक के चार उप निदेशक (विस्तार), सात वरिष्ठ संपर्क अधिकारी तथा सभी कनिष्ठ संपर्क अधिकारियों के विस्तार / विकास गतिविधियों का पर्यवेक्षण करते है। संयुक्त निदेशक (विस्तार), कल्पेट्टा, केरल एवं तमिलनाडु के दो उप निदेशक (विस्तार), सात वरिष्ठ संपर्क अधिकारी तथा सभी कनिष्ठ संपर्क अधिकारियों की विस्तार गतिविधियों का पर्यवेक्षण करते हैं।

कॉफ़ी कृषि की वैज्ञानिक पद्धतियों पर ज्ञान एवं कुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से तथा प्रौद्योगिकी के अंतरण के लिए कॉफ़ी बोर्ड के विस्तार कर्मियों ने कॉफ़ी उपजकर्ताओं के साथ निकट संपर्क स्थापित करना जारी रखा। सामान्यत: उपजकर्ताओं को एवं विशेषत: छोटे उपजकर्ताओं को कॉफ़ी के उत्पादन, उत्पादकता तथा गुणता सुधारने के लिए विकास समर्थन प्रदान करने के अलावा, प्रौद्योगिकी के अंतरण करने हेतु व्यक्ति एवं सामूहिक विभिन्न विस्तार पहुंच तथा साधनों को कार्य में लाया गया।

अवधि के दौरान, केंद्रित नियोजित दृष्टिकोण तथा क्रियान्वयित गतिविधियों से संबंधी विधि निदर्शन का आयोजन के लिए आदर्श एस्टेटों का चयन / कृषि प्रचालनों को प्रभावी ढ़ंग से निष्पादित करने के लिए कौशल सुधारने हेतु प्रक्षेत्रगत निदर्शन; मुद्रण/ इलेक्ट्रॉनिक/ सोशल मीडिया के जरिए सलाह प्रदान करना; कॉफ़ी उपजकर्ताओं तथा कर्मियों के ज्ञान एवं कौशल स्तरों को सुधारने के उद्देश्य से ग्राम स्तरीय समूह बैठकें, संगोष्ठियाँ एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन सम्मिलित है।

कॉफ़ी बोर्ड, अगले-स्तरीय प्रौद्योगिकी सक्षम विस्तार सेवा - "कॉफ़ी कृषि तरंगा" का क्रियान्वयन कर रहा है। जो कॉफ़ी उपजकर्ताओं के लिए एक आई.वी.आर.एस. आधारित मोबाइल फोन सलाह सेवा है, जो कॉफ़ी उत्पादन प्रौद्योगिकी, मौसम तथा मूल्य से संबंधित जानकारी के बारे में सलाह प्रसारित करती है।

विस्तार कार्मिकों ने प्राकृतिक विपदा के दौरान फसल हानि पर सर्वेक्षण, फसलों का आवधिक मूल्यांकन, कीट एवं रोगों के आपतन का अनुवीक्षण तथा प्रबंधन और कॉफ़ी बीज का अधिप्राप्ति एवं वितरण जैसे गतिविधियों पर भी कार्य किया हैं।

वर्ष 2023-24 के दौरान सम्पन्न विभिन्न विस्तार गतिविधियों का विवरण निम्नलिखित हैं:

क्र.सं.	गतिविधियाँ	उपलब्धियाँ (सं.)
1.	एस्टेट दौरा	21861
2.	आदर्श एस्टेटों का चयन	154
3.	फील्ड निदर्शन	1185
4.	ग्राम स्तरीय बैठकें	150
5.	संगोष्ठियाँ	11
6.	प्रौ.मू.केंद्रों में कॉफ़ी कृषि पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम	59
7.	सलाह सेवा	
	क) मुद्रण मीडिया	37
	ख) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (रेडियो परिचर्चा/ टी वी कार्यक्रम)	12
	ग) सोशल मीडिया	1041
8.	प्रदर्शन दौरा	13
9.	कृषकों का फील्ड स्कूल	29
10.	महिला मजदूर/उपजकर्ताओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	14

1.5 प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टीईसी)

उत्पादन तथा उत्पादकता को सुधारने के उद्देश्य से प्रत्येक टीईसी के लिए बनाई गई वार्षिक कार्य-योजना के अनुसार परंपरागत क्षेत्रों के विभिन्न कृषि जलवायवीय अंचलों में स्थित कॉफ़ी बोर्ड के दस प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्रों (टी.ई.सी.) ने कृषि प्रचालनों को यथासमय चालू रखा है। इन प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्रों ने क्षेत्र/स्थान विशिष्ट कृषि विज्ञानियाँ पैकेज पद्धतियों को अपनाने द्वारा विभिन्न पौधा सामग्रियों के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए प्रशिक्षण केंद्र तथा बीज उत्पादन केंद्रों के रूप में कार्यरत हैं।

प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्रों का विवरण (2023-24)

प्रौ.मू.कें. का नाम		कार्यारंभ वर्ष	रोपित क्षेत्र हे. में			फलन क्षेत्र हे. में.			उत्पादन (कि.ग्रा.)		उत्पादकता (कि.ग्रा./हे.)	
			अरे.	रोब.	कुल	अरे.	रोब.	कुल	अरे.	रोब.	अरे.	रोब.
कर्नाटक												
1	अरसिनगुप्पे चिक्कमगलूरु	1980	6.50	0.00	6.50	4.80	0.00	4.80	2,421	0	504	0
2	हेस्गल, मूडिगेरे	1977	8.83	0.98	9.81	8.83	0.42	9.25	3,404	226	386	538
3	मठसागर सकलेशपुरा	1959	5.23	1.25	6.48	4.53	1.25	5.78	2,265	907	500	726
4	गोनिकोप्पलु	1958	0.00	10.56	10.56	0.00	10.56	10.56	0	12113	0	1147
केरल												
1	कल्पेट्टा	1958	0.07	7.13	7.20	0.07	6.63	6.70	98	5,700	1400	860
2	मानंतवाडी	1979	0.50	8.30	8.80	0.50	8.18	8.68	80	6,000	160	733
3	वाषावरा	1998	0.60	1.94	2.54	0.60	1.94	2.54	454	3,156	757	1627
तमिलनाडु												
1	गुडलूरु	1985	2.13	3.44	5.57	1.60	2.80	4.40	575	2,250	359	804
2	बोडिनायकनूर	1983	5.65	0.00	5.65	3.18	0.00	3.18	1,100	0	346	0
3	येरकाड	1986	10.00	0.00	10.00	10.0	0.00	10.00	4,515	0	452	0

1.6 परंपरागत क्षेत्रों में कॉफ़ी का विकास समर्थन

विकास समर्थन स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु कॉफ़ी बोर्ड के विस्तार कर्मियों ने पंजीकरण, जाँच-पड़ताल, सहायिकी (सब्सिडा) आवेदन/दावों की प्रक्रिया तथा सहायिकी (सब्सिडा) वितरण का कार्य संभाला है। उत्पादन, उत्पादकता तथा कॉफ़ी गुणता को सुधारने हेतु पुनर्रोपण तथा जल आवर्धन तथा गुणता उन्नयन गतिविधियों के लिए परंपरागत क्षेत्रों के कॉफ़ी उपजकर्ताओं की सहायिकी (सब्सिडी) बढ़ा दी गई थी।

2023-24 (एमटीएफ अवधि) के दौरान विकास समर्थन उपलब्धियाँ

क्र. सं.	घटक/कार्य	लाभार्थियों की सं./एककों की सं.	लाभान्वित क्षेत्र (हे.में)
1.	पुनर्रोपण	1370	853.39
2.	जल आवर्धन	3968/4329	8224.62
3.	गुणता उन्नयन*	712/766	614.73

(केवल *अ.जा./अ.ज.जा. के उपजकर्ताओं के लिए)

2. गैर-परंपरागत क्षेत्र (एनटीए) - (आंध्र प्रदेश एवं ओड़िशा)

आंध्र प्रदेश (एपी) एवं ओड़िशा राज्यों में कॉफ़ी की कृषि के लिए उपयुक्त क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए कॉफ़ी बोर्ड ने वर्ष 1950 के प्रारम्भ में तकनीकी-व्यवहार्यता का सर्वेक्षण किया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट की सिफारिशों पर, आंध्र प्रदेश के वन विभाग ने 1961 में विशाखपट्टणम के एजेंसी क्षेत्रों में पहली बार वाणिज्यिक कॉफ़ी कृषि करना प्रारंभ किया। बाद में, आंध्र प्रदेश वन विकास निगम लिमिटेड (ए.पी.एफ.डी.सी.) को इन बागानों का अनुरक्षण के लिए सौंप दिया गया था। वर्ष 1976 में, एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरण (आई.टी.डी.ए.) ने जनजातीय समूह में प्रचलित 'पोडू' या झूम खेती पद्धति को समाप्त करने हेतु विकास पहल के रूप में कॉफ़ी से परिचित कराया। गैर-परंपरागत क्षेत्र में कॉफ़ी की खेतीबाड़ी की संभाव्यता को समझकर कॉफ़ी बोर्ड ने IX वीं पंचवर्षीय योजना से आंध्र प्रदेश तथा ओड़िशा में कॉफ़ी विकास के लिए समर्थन प्रदान किया।

2.1. गैर-परंपरागत क्षेत्र में क्षेत्रों का वितरण:

आंध्र प्रदेश एवं ओड़िशा में कॉफ़ी के अधीन क्षेत्र एवं जोतों की संख्या का विवरण निम्नानुसार हैं:-

गैर-परंपरागत क्षेत्र में रोपित क्षेत्र, फलन क्षेत्र तथा जोतों की संख्या

संपर्क क्षेत्र	रोपित क्षेत्र (हे.)			फलन क्षेत्र (हे.)			जोतों की संख्या		
आंध्र प्रदेश	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	<10हे	>10हे	कुल
मिनुमुलूरू	46088.41	1.02	**46089.43**	36147.01	1.02	**36148.03**	119636	2	**119638**
चिंतपल्ली (पूर्व व पश्चिम)	41870.23	234.17	**42104.40**	33127.60	234.17	**33361.77**	79258	3	**79261**
अरकू वैली	19169.06	0.00	**19169.06**	14649.06	0.00	**14649.06**	46897	1	**46898**
आंध्र प्रदेश का कुल	**107127.7**	**235.19**	**107362.89**	**83923.67**	**235.19**	**84158.86**	**245791**	**6**	**245797**
ओड़िशा	5342.88	0.55	**5343.43**	4245.73	0.55	**4246.28**	6425	18	**6443**
छत्तीसगढ़ *	8.00	0	**8.00**	8.00	0	**8.00**	1	0	**1**
कुल	**112478.58**	**235.74**	**112714.32**	**88177.40**	**235.74**	**88413.14**	**252217**	**24**	**252241**

* सीएचआरएस, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (आईजीएयू, रायपुर) के अधीन दरभा ब्लॉक, बस्तर जिला, छत्तीसगढ़ में वर्ष 2018-19 के दौरान कॉफ़ी की खेती शुरु की गई थी।

2.2. मौसम परिस्थिति एवं फसल उत्पादन

वर्ष 2023-24 के दौरान, आंध्र प्रदेश का मौसम कॉफ़ी के उत्पादन के लिए संतोषजनक व अनुकूलतम था। मार्च 2023 के दूसरे पखवाड़े के दौरान प्राप्त पुष्पण बौछार तथा अप्रैल 2023 के दौरान प्राप्त समर्थन बौछार से बेहतर पुष्पण एवं फल लगने में सहायता हुई। जून 2023 में दूसरे सप्ताह के दौरान दक्षिण-पश्चिमी मानसून शुरु होकर सक्रिय रहा। इसके अलावा, दिसंबर में उत्तर-पूर्वी मानसून अवधि के दौरान मिचांग चक्रवात के प्रभाव से इस क्षेत्र में छायादार वृक्षों तथा कॉफी के पौधों को क्षति पहुँची तथा फल गिर गए।

ओड़िशा में, मार्च 2023 के दौरान हल्की सी बौछार से कलियों की आवाजाही शुरू हुई तथा बाद में अप्रैल 2023 के दौरान हुई वर्षा ने अधिकांश कॉफ़ी उपजाने वाले क्षेत्रों में पुष्पण तथा समर्थन बौछार की भूमिका निभायी। आगे, 4 जुलाई 2023 से दक्षिण-पश्चिमी मानसून शुरु होकर अक्टूबर प्रथम सप्ताह तक सक्रिय रहा।

इन बौछारों से वानस्पतिक वृद्धि होने के साथ साथ मृदा की नमी बनाए रखने में सहायता होती है जिससे अगले वर्ष के लिए कॉफ़ी बेरी के विकास, वानस्पतिक वृद्धि तथा फसलन काष्ठ में सुधार होता है। पूरे मौसम में वर्षा का फैलाव संतोषजनक था।

संपूर्ण परिस्थिति को देखते हुए, 2023-24 मौसम का उत्पादन प्राक्कलन 12,675 मीट्रिक टन है, जिसमें अरेबिका का 12,635 मीट्रिक टन तथा रोबस्टा का 40 मीट्रिक टन सम्मिलित है।

2.3. कीट एवं रोग

वर्ष 2023-24 के दौरान, आंध्र प्रदेश एवं ओड़िशा में कीटों एवं रोगों के अधिक पैमाने में फैलने की रिपोर्ट नहीं मिली। कीट एवं रोगों के प्रभावात्मक नियंत्रण के लिए कॉफ़ी उपजकर्ताओं को प्रबंधन पद्धतियों से अवगत कराने हेतु सभी संभाव्य माध्यमों द्वारा नियमित सलाह सेवाएँ प्रदान की गई थी।

2.4. विस्तार गतिविधियाँ

आंध्र प्रदेश तथा ओड़िशा के विस्तार कर्मियों द्वारा कार्यान्वित विस्तार गतिविधियाँ, जनजाति प्रदेश की कॉफ़ी के उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणता में सुधार लाने के लिए संपर्क स्थापना एवं कॉफ़ी जोतों में अनुवर्ती दौरे के जरिए प्रौद्योगिकी का अंतरण; क्षेत्र निदर्शन, समूह विचार-विमर्शों का आयोजन, सलाह पत्र जारी करना आदि पर केंद्रित थे।

वर्ष 2023-24 के दौरान गैर-परंपरागत क्षेत्रों में कार्यान्वित विभिन्न विस्तार गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार हैं :

क्र. सं.	गतिविधियाँ	उपलब्धियाँ (संख्या)
1	एस्टेट दौरा (संख्या)	5091
2	पद्धति निदर्शन (संख्या)	1180
3	ग्राम स्तरीय कार्यशालाएँ (संख्या)	190
4	टीईसी में क्षमता निर्माण कार्यक्रम (संख्या)	30
5	प्रदर्शन दौरा (संख्या)	39
6	गुणता जागरूकता कार्यक्रम (संख्या)	25
7	अध्ययन दौरा (संख्या)	3

2.5. प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टी ई सी)

गैर-परंपरागत क्षेत्र में दो प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र कार्यरत हैं, एक मिनिमूलूरु (आंध्र प्रदेश) तथा दूसरा कोरापुट (ओड़िशा) में है। ये दोनों निदर्शन-सह-प्रशिक्षण केंद्रों के रूप में तथा गुणता बीज कॉफ़ी के लिए बीज उत्पादन केंद्रों के रूप में भी कार्य कर रहे हैं।

प्रौ.मू.कें. का नाम		कार्यारंभ वर्ष	रोपित क्षेत्र हे. में			फलन क्षेत्र हे. में.			उत्पादन (कि.ग्रा.)		उत्पादकता (कि.ग्रा./हे.)	
			अरे.	रोब.	कुल	अरे.	रोब.	कुल	अरे.	रोब.	अरे.	रोब.
1	प्रौ मू कें, मिनुमूलूर	1971	8.15	0.52	8.67	6.75	0.52	7.27	1495	448	221	862
2	प्रौ मू कें, कोरापुट	1978	9.99	0.55	10.54	9.99	0.55	10.54	5019	316	502	574

2.6. मिनी कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स

वर्ष 2004-05 के दौरान आंध्र प्रदेश के चिंतपल्ली में स्थापित मिनी कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स ने आंध्र प्रदेश तथा ओड़िशा के **जनजातीय उपजकर्ताओं** की कच्ची कॉफ़ी के प्रसंस्करण कार्य को जारी रखा। वर्ष 2023-24 में 28,638 कि.ग्रा. कॉ. फी को क्यूरिंग की गई।

2.7. गैर-परंपरागत क्षेत्र में कॉफ़ी विकास कार्यक्रम

वर्ष 2023-24 के दौरान, गैर परंपरागत क्षेत्र (एनटीए) में कार्यान्वित विभिन्न सहायिकी (सब्सिडी) स्कीमों के अधीन प्रत्यक्ष उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं :

2023-24 के दौरान, कॉफ़ी विकास कार्यक्रम के अधीन उपलब्धियाँ

गतिविधियाँ	(लाभार्थी इकाईयों की संख्या)
कॉफ़ी विस्तार (लाभार्थी / क्षेत्रफल हेक्टेयर. में)	15609 / 6883.9
समेकन (लाभार्थी / क्षेत्रफल हेक्टेयर. में)	12871 / 5199.6
पुनर्रोपण (लाभार्थी / क्षेत्रफल हेक्टेयर. में)	13 / 13.63
जल आवर्धन (लाभार्थी / इकाईयों की संख्या)	2 / 2
गुणता उन्नयन	
क) ड्राइंग यार्ड (लाभार्थी / इकाईयों की संख्या)	1395 / 1395
ख) बेबी पल्पर्स (लाभार्थी / इकाईयों की संख्या)	144 / 144
ईको प्रमाणन (लाभार्थी इकाईयों की संख्या)	2/2

3. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एन ई आर)

वर्ष 1953 में असम के कछार जिले में कॉफ़ी कृषि शुरु की गई थी। प्रारंभ में, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न राज्यों के निगमों/ विभागों द्वारा कॉफ़ी विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कॉफ़ी कृषि को बढ़ावा मिलने पर कॉफ़ी बोर्ड ने, वर्ष 1982-1990 के दौरान व्यापक सर्वेक्षण किया और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में कॉफ़ी की कृषि हेतु उपयुक्त क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। तदनंतर, बोर्ड, IX वीं योजना अवधि (1997-2002) से कॉफ़ी का विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में प्रत्यक्ष रूप में जुड़ गया।

3.1. वितरण क्षेत्र

उत्तर-पूर्वी राज्यों में कॉफ़ी के अधीन क्षेत्र तथा जोतों की संख्या से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैं :

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में रोपित क्षेत्र, फलन क्षेत्र तथा जोतों की संख्या

क्र. सं.	संपर्क क्षेत्र/ राज्य	रोपित क्षेत्र (हे.)			फलन क्षेत्र (हे.)			जोतों की संख्या		
		अरेबिका	रोबस्टा	कुल	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	<10 हे.	>10 हे.	कुल
1	अरुणाचल प्रदेश	2.50	558.85	561.35	0.00	312.00	312.00	674	2	676
2	असम	332.73	245.42	578.15	141.43	97.15	238.58	1369	1	1370
3	मणिपुर	183.45	38.60	222.05	14.05	0.00	14.05	322	0	322
4	मेघालय	266.70	1053.72	1320.42	164.59	268.62	433.21	2712	0	2712
5	मिज़ोरम	1427.35	75.85	1503.20	374.22	13.90	388.12	2411	1	2412
6	नगालैण्ड	1296.65	208.45	1505.10	510.00	31.00	541.00	2517	0	2517
7	त्रिपुरा	140.35	261.70	402.05	127.20	39.85	167.05	746	0	746
	कुल	**3649.73**	**2442.59**	**6092.32**	**1331.49**	**762.52**	**2094.01**	**10751**	**4**	**10755**

3.2. मौसम परिस्थिति एवं फसल उत्पादन

उत्तर-पूर्वी राज्यों में सामान्य जलवायु - लंबे दिन, मूसलधार वर्षा, दैनिक तापमान में परिवर्तन आदि विशिष्ट विशेषताओं के साथ अधिकांश उष्णकटिबंधीय एवं उप-उष्णकटिबंधीय है।

अप्रैल-जून महीने के दौरान हुई बारिश से नए पौधों की लगना और मृदा में नमी का स्तर बनाए रखने के अलावा पुष्पण एवं समर्थन बौछार में सहायता मिली। जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान प्रचलित मौसम बेरियों की वृद्धि तथा विकास के साथ-साथ नए अंकुरों को निकलने के लिए अनुकूल था। अक्टूबर-दिसंबर महीने के दौरान मौसम की स्थिति बेरीयों को परिपक्व बनाने, फल बनने में सहायक होती है।

मौसम 2023-24 के लिए अंतिम फसल प्राक्कलन 160 मीट्रिक टन रखा गया था जिसमें अरेबिका का 70 मीट्रिक टन तथा रोबस्टा का 90 मीट्रिक टन सम्मिलित है।

3.3. कीट एवं रोग

कोलासिब और हाफलांग में सफेद तना छेदक हल्के आपतन तथा कुमारघाट संपर्क क्षेत्रों के कुछ स्थानों में कॉफ़ी पत्ती किट्ट के उच्च आपतन के अलावा, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कॉफ़ी एस्टेटों में सामान्यत:, कीट एवं रोग का अधिक आपतन नहीं पाया गया।

3.4. विस्तार गतिविधियाँ :

विस्तार कर्मियों द्वारा कार्यान्वित विस्तार गतिविधियाँ, जनजाति प्रदेश की कॉफ़ी के उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणता में सुधार लाने के लिए संपर्क स्थापना और कॉफ़ी जोतों में अनुवर्ती दौरे के जरिए प्रौद्योगिकी का अंतरण; फील्ड निदर्शन, समूह परिचर्चा, गुणता जागरूकता अभियान का आयोजन आदि पर केंद्रित थे।

वर्ष 2023-24 के दौरान उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में की गई गतिविधियाँ

क्र.सं.	गतिविधियाँ	उपलब्धियां (सं.)
1	एस्टेट दौरा	3676
2	फील्ड निदर्शन	2616
3	समूह बैठकें/संगोष्ठियाँ	236
4	प्रौ.मू.कें. में क्षमता निर्माण कार्यक्रम	2
5	गुणता जागरुकता अभियान	31
6	प्रक्षेत्रगत प्रशिक्षण	64
7	अध्ययन दौरा - आंतरिक	13
8	सलाह पत्र	1408

3.5. प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टी ई सी)

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में चार प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र कार्यरत हैं यथा, देवमाली (अरुणाचल प्रदेश), हाफलांग (एन.सी.हिल्स, असम), बुआलपुई (मिज़ोरम) तथा तुलाकोणा (अगरतला, त्रिपुरा)। मिज़ोरम के बुआलपुई में स्थित प्रौ.मू.कें., कॉफ़ी बीज के उत्पादन केंद्र के साथ-साथ निदर्शन-सह-प्रशिक्षण केंद्र के रूप में सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

प्रौ.मू.कें. का नाम	कार्यारंभ के वर्ष	रोपित क्षेत्र हे. में			फलन क्षेत्र हे. में.			उत्पादन (कि.ग्रा.) पुष्पणोत्तर		उत्पादकता (कि.ग्रा./हे.)	
		अरे.	रोब.	कुल	अरे.	रोब.	कुल	अरे.	रोब.	अरे.	रोब.
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र											
देवमाली	1983	0.00	13.00	13.00	0.00	13.00	13.00	0.0	7000	0.0	538.0
हाफलांग	1980	2.98	6.62	9.60	2.08	4.40	6.48	471	1792	226	407.0
बुआलपुई	1988	10.50	0.00	10.50	8.40	0.0	8.40	2550	0	303	0.0
तुलाकोणा	1986	0.00	8.40	8.40	0.00	6.00	6.00	0.0	405	0.0	67.5

3.6. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कॉफ़ी विकास कार्यक्रम के अधीन सहायता

वर्ष के दौरान, कॉफ़ी के उत्पादन एवं गुणता सुधारने के समग्र उद्देश्य से कॉफ़ी बोर्ड ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कॉफ़ी विकास कार्यक्रम के अधीन कॉफ़ी का विस्तारण, समेकन एवं गुणता प्रोन्नयन जैसे विभिन्न गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की। वर्ष के दौरान, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों के लिए सहायता में बढ़ोत्तरी संबंधी प्रत्यक्ष उपलब्धियों का विवरण नीचे दिया गया है :

गतिविधियाँ	लाभार्थी / क्षेत्र / इकाई
कॉफ़ी का विस्तारण (लाभार्थी /हेक्टेयर में)	869 / 447.15
कॉफ़ी का समेकन (लाभार्थी /हेक्टेयर में)	20 / 16.9
जल आवर्धन (लाभार्थी / इकाईयों की संख्या)	116 / 116
ड्राइंग यार्ड (लाभार्थी / इकाईयों की संख्या)	154 / 154
समूह नर्सरी (संख्या /पौदों की संख्या)	11 / 12,16,700

उपरोक्त गतिविधियों के लिए बढ़ाए गए वित्तीय सहायता के अलावा, कॉफ़ी बोर्ड ने कॉफ़ी का विस्तारण एवं समेकन कार्यों को सुविधा प्रदान करने के लिए समूह नर्सरियों के द्वारा कॉफ़ी पौदों को उगाने के लिए और उनकी आपूर्ति के लिए भी समर्थन दिया है।

3.7. मिनी कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स

कॉफ़ी बोर्ड द्वारा बुआलपुई में स्थापित मिनी कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स में मिज़ोरम और त्रिपुरा राज्यों के उपजकर्ताओं द्वारा पूलित कच्ची कॉफ़ी का प्रसंस्करण कार्य जारी रखा गया।

4. हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, कॉफ़ी उद्योग के हितधारकों के क्षमता निर्माण के एक भाग के रूप में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित किए गए जिनका विवरण निम्नानुसार है :

- कॉफ़ी बोर्ड के प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्रों में कॉफ़ी उपजकर्ताओं, एस्टेट कामगारों और पर्यवेक्षी स्टाफ को लाभ पहुँचाने हेतु कॉफ़ी कृषि के विभिन्न पहलुओं पर लगभग 798 प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।
- कृषि विश्वविद्यालय / आई.सी.ए.आर. के कृषि विज्ञान केंद्रों के सहयोग से 273 महिला उपजकर्ताओं / कामगारों को लाभ पहुँचाने हेतु चौबीस व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

*****

अध्याय-VI

बाज़ार विकास एवं प्रसंस्करण हेतु समर्थन

घरेलू कॉफ़ी उपभोग में वृद्धि, समुचित ढंग से संरचित घरेलू कॉफ़ी बाजार विकसित करने तथा अंतर्राष्ट्रीय मूल्य में कमी के दौरान उपजकर्ताओं को विशेषतया छोटे उपजकर्ताओं को बेहतर प्रतिलाभ उपलब्ध कराने की दृष्टि से और मूल्य वर्धन का अवसर प्रदान करने हेतु निम्नलिखित दो घटक को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था :

क) बाज़ार विकास

ख) मूल्य वर्धन हेतु समर्थन

क) बाज़ार विकास

इस घटक के तीन उप-घटक हैं - यथा (i) बाजार अनुसंधान एवं आसूचना, (ii) घरेलू कॉफ़ी प्रोन्नयन एवं (iii)लघु उपजकर्ता समूह / स्वयं सहायता समूह/ कॉफ़ी विपणन हेतु सहकारी संघों को समर्थन।

(i) बाजार अनुसंधान एवं आसूचना

यह घटक, उपजकर्ताओं को वेब के माध्यम से बाजार प्रवृत्ति का विश्लेषण प्रदान करने एवं बाजार में उपजकर्ताओं को बेहतर मूल्य प्राप्त कराए जाने हेतु बोर्ड के विस्तार नेटवर्क के जरिए उसका प्रचार-प्रसार कार्य पर केंद्रित है। बाजार आसूचना एकक द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों में से वार्षिक फसल प्राक्कलन के द्वारा आपूर्ति प्राक्क्लन, बाजार प्रवृत्तियों को विश्लेषण, कॉफ़ी पर डेटाबेस का अनुरक्षण, घरेलू सूचकांक मूल्य रिपोर्ट, घरेलू उपभोग एवं मनोवृत्ति सर्वेक्षण के साथ-साथ आवधिक अनुसंधान रिपोर्ट प्रस्तुत करना भी सम्मिलित है।

(ii) घरेलू कॉफ़ी प्रोन्नयन

कॉफ़ी बोर्ड नियमित रूप से देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित प्रतिष्ठित घरेलू प्रदर्शनियों में भाग लेता है। इन प्रदर्शनियों में सभी कॉफ़ी उपज क्षेत्रों की विभिन्न श्रेणियों की कॉफ़ी, विशिष्ट कॉफ़ीस भारतीय कॉफ़ी पर साहित्य प्रदर्शन तथा आम जनता को कॉफ़ी सेवन के फायदे के बारे में साहित्य वितरित करते हुए जनता को जागरूक किया जाता है तथा प्रदर्शनियों में आगंतुकों को शुद्ध कॉफ़ी भी परोसी जाती है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, कॉफ़ी बोर्ड ने उपभोक्ता जागरूकता एवं मानव स्वास्थ्य पर कॉफ़ी सेवन के सकारात्मक प्रभावों के बारे में शिक्षा के माध्यम से कॉफ़ी उपभोग को बढ़ावा देने के लिए देश में आयोजित घरेलू प्रदर्शनियों में भाग लिया। इन कार्यक्रमों के दौरान, एक बेहतरीन कप कॉफ़ी तैयार करने के तरीकों पर निदर्शन भी आयोजन किया गया तथा कॉफ़ी क्षेत्र में करियर या रोजगार के अवसरों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया।

उपरोक्त के अलावा, कॉफ़ी बोर्ड ने इंडिया कॉफ़ी हाउस तथा इंडिया कॉफ़ी केंद्रों के माध्यम से शुद्ध और उच्च गुणवत्ता वाली भारतीय कॉफ़ीस की बिक्री द्वारा कॉफ़ी उपभोग को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखा। वर्तमान में, देश भर में ग्यारह ऐसे इकाइयाँ कार्यरत हैं।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान घरेलू कार्यक्रमों में भागीदारी का विवरण

क्र.सं	कार्यक्रम एवं स्थान	तिथियाँ
1	अप्पाचेत्तोलंडा हॉकी कार्निवल 2023, नापोक्लु	15-18 अप्रैल 2023
2	अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता सम्मेलन, ए.ए.यू., जोरहाट, असम	20-30 अप्रैल 2023
3	फ्लावर शो कोडाइकनाल तमिलनाडु	26-28 मई 2023
4	ग्लोबल फूड रेगुलेटरी समिट, नई दिल्ली	20-21 जुलाई 2023
5	चाय और कॉफ़ी एक्सपो, अहमदाबाद, गुजरात	11-13 अगस्त 2023
6.	यू.पी.ए.एस.आई. (उपासी) जनरल बॉडी, कूनूर, तमिलनाडु	13-14 सितंबर 2023
7	वर्ल्ड चाय और कॉफ़ी एक्सपो, नई दिल्ली	4-6 अक्टूबर 2023
8	वर्ल्ड खाद्य भारत, नई दिल्ली	3-5 नवंबर 2023
9	फुड एवं बिवरेजस शो, पुणे, महाराष्ट्र	3-5 नवंबर 2023
10	कृषि मेला, गाँधी कृषि विज्ञान केंद्र, बेंगलूरु, कर्नाटक	17-20 नवंबर 2023
11	तीसरा फूड एक्सपो, चेन्नई, तमिलनाडु	24-26 नवंबर 2023
12	14वीं ओणाटुकरा एग्री फेस्ट, चारुम्मूडु, केरल	27-31 दिसंबर 2023
13	प्रथम कॉफ़ी फेस्टिवल, फिज़ा नेक्सस मॉल, मंगलूरु, कर्नाटक	29-31 दिसंबर 2023
14	आत्मनिर्भर भारत, नई दिल्ली	3-10 जनवरी 2024
15	प्लांटर्स मीट, सकलेशपुरा, कर्नाटक	6 जनवरी 2024
16	इंडस फूड, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश	8-10 जनवरी 2024
17	क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन-दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र, बेंगलूरु, कर्नाटक	19 जनवरी 2024
18	केरल प्लांटेशन एक्सपो, कोच्चि, केरल	20-22 जनवरी 2024
19	फ्लावर एंड हॉर्टिकल्चरल शो, मडिकेरी, कर्नाटक	26-28 जनवरी 2024
20	5वीं चंदनवना फिल्म क्रिटिक्स अकादमी अवाड्र्स, बेंगलूरु, कर्नाटक	28 जनवरी 2024
21	वायनाड एग्रो-बायोडाइवर्सिटी स्टार्ट-अप मीट, एम.एस.एस.आर.एफ., वायनाड, केरल	1-2 मार्च 2024
22	आहार 2024, नई दिल्ली	7-11 मार्च 2024
23	महिला दिवस कार्यक्रम (इस्ट्रैक-इसरो), बेंगलूरु, कर्नाटक	12 मार्च 2024
24	कुंडियोलंडा हॉकी कार्निवल, नापोक्लु,मडिकेरी, कर्नाटक	30-31 मार्च 2024

डिजिटल मीडिया के माध्यम से कॉफ़ी की प्रोन्नयन पर भी जोर दिया गया है, जिसमें भारतीय कॉफ़ी की खूबियाँ जैसे पर्यावरण-हितैषी (इको-फ्रेंडली), छाया में उगाई गई तथा संधारणीय कॉफ़ी पर ध्यान केंद्रित करते हुए युवाओं के बीच कॉफ़ी को पसंदीदा पेय के रूप में लोकप्रिय बनाया जा रहा है।

कॉफ़ी गुणता प्रभाग के तहत किए गए कार्यक्रम

वर्ष 2023-24 के दौरान, कॉफ़ी गुणता प्रभाग द्वारा निम्नलिखित अनुसंधान कार्य किए गए :

- इंडिया कॉफ़ी फ्लेवर व्हील विकसित करने की दिशा में भारतीय कॉफ़ी की रूपरेखा विकसित करना।
- एक्सेलसा कॉफी भूनने के तापमान एवं समय का भौतिक-रासायनिक तथा संवेदी गुणों पर प्रभाव।
- पौधा आधारित दूध : प्रकार्यात्मक पेय तैयार करने का एक विकल्प।
- घनत्व, अशुद्धि, नमी तथा जल गतिविधि जैसे हरी फलियों की भूमिका के आधार पर रोस्टिंग के लिए प्रोफ़ाइल सेट किया जाएगा।
- भारतीय कॉफ़ी एवं कैस्केरा पर निष्कर्षण अध्ययन – पीसने हेतु बीन का आकार तथा कॉफ़ी पेय बनाने की विधि की भूमिका।
- अरेबिका कॉफ़ी (कॉफ़िया अरेबिका) के रासायनिक विश्लेषण एवं संवेदी मूल्यांकन पर विभिन्न प्रसंस्करण विधियों का प्रभाव।
- कॉफ़ी एवं चिकोरी ब्लेंड्स की संयोजन तथा संवेदी विशेषताओं का मूल्यांकन।
- एक्रिलामाइड के लिए एलसीएमएस-एमएस विधि का सत्यापन तथा कॉफ़ी चिकोरी मिश्रण के लिए मैट्रिक्स मिलान विधि का अनुकूलन।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, कुल 1314 कॉफ़ी नमूनों (238 लाभार्थियों से 817 वाणिज्यिक नमूने तथा 497 अनुसंधान नमूने) का भौतिक एवं कप गुणता मापदंडों के लिए मूल्यांकन किया गया।

उपजकर्ताओं / क्यूरर्स / व्यापारियों / निर्यातकों / अनुसंधानकर्ताओं से प्राप्त हुए 55 लाभार्थियों से प्राप्त कुल 147 नमी मापक यंत्रों को विश्लेषण प्रयोगशाला में अंशांकन (कैलिब्रेशन) में अंशांकन करके रिपोर्ट जारी की गई।

इसके अतिरिक्त, 23 लाभार्थियों से प्राप्त 65 नमूनों का पोषण संबंधी, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफ.एस.एस.ए.आई. मापदंडों, ओक्राटॉक्सिन-ए, कैफ़ीन एवं क्लोरोजेनिक एसिड के लिए विश्लेषण किया गया। यह मूल्यांकन, विश्लेषण प्रयोगशाला में किया गया एवं रिपोर्ट जारी की गई।

वर्ष 2023-24 के दौरान, तीन "कापी शास्त्र" प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे 65 प्रतिभागी लाभान्वित हुए। ग्यारह बैरिस्टा प्रशिक्षण कार्यक्रम देश के विभिन्न भागों में आयोजित किए गए, जिनमें 124 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स इन कॉफ़ी क्वालिटी मैनेजमेंट के वर्ष 2022-23 बैच के 15 छात्रों ने सफलतापूर्वक यह पाठ्यक्रम पूर्ण किया, जबकि 2023-24 में शामिल 15 छात्रों ने प्रथम त्रैमासिक सत्र पूर्ण की है।

कॉफ़ी कार्यक्रम में मूल्य वर्धन के लिए आर एण्ड जी इकाईयों को दी गई सहायता के तहत, ग्यारह आर एण्ड जी इकाइयों को सहायिकी (सब्सिडी) तथा समर्थन दिया गया। वर्ष 2023-24

के दौरान, भौगोलिक उपदर्शन पंजीकरण प्राप्त कर चुके चार कॉफ़ीस के लिए अधिकृत उपयोगकर्ता पंजीकरण प्रगति पर है।

राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशालाओं (एन.ए.बी.एल.) के अधीन आंतरिक लेखापरीक्षा तथा प्रबंधन समीक्षा के बाद आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया। दिनांक 16 व 17 मार्च 2024 को एन.ए.बी.एल. का मुख्य मूल्यांकन भी पूरा किया गया और मूल्यांकन के दौरान उठाए गए गैर-अनुपालन मुद्दों के दस्तावेज़ तैयार किए जा रहे हैं।

कॉफ़ी बोर्ड द्वारा 2022-23 के दौरान आयोजित किया गया एक विशेष कप गुणता मूल्यांकन कार्यक्रम है "नो योर कापी (के.वाई.के.)"। वर्ष 2023-24 के दौरान प्रप्त कप गुणवत्ता मूल्यांकन के समापन के पश्चात छह विभिन्न श्रेणियों के तहत शीर्ष अंक प्राप्त किए कॉफ़ीस को "फ्लेवर ऑफ इंडिया द फाइन कप अवार्ड - 2023-24" में सम्मानित किया गया।

वर्ल्ड कॉफ़ी कॉन्फ्रेंस एवं एक्सपो 2023, बेंगलूरु में, भारतीय विशेष कॉफ़ी संघ (एस.सी.ए.आई) एवं यूनाइटेड कॉफ़ी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (यू.सी.ए.आई.) के सहयोग से कॉफ़ी हितधारकों की व्यापक भागीदारी तथा समर्थन के साथ 22वें राष्ट्रीय बैरिस्टा चैंपियनशिप (एन.बी.सी.) का आयोजन किया गया। मेसर्स कापी मशीन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रथम आधिकारिक नेशनल लाट्टे आर्ट चैंपियनशिप (एन.एल.ए.सी) की शुरुआत तथा आयोजन किया गया।

*****

अध्याय VII

निर्यात प्रोन्नयन

कॉफ़ी का निर्यात

निर्यातक पंजीकरण एवं नवीनीकरण

31 मार्च 2024 को यथास्थिति कॉफ़ी बोर्ड में पंजीकृत निर्यातकों की कुल संख्या 2,265 थी, जबकि 31 मार्च 2023 को यथास्थिति यह 1,911 थी। इसमें, वर्ष 2023-24 के दौरान बने 231 नए पंजीकरण तथा 123 पंजीकरणों के नवीनीकरण शामिल हैं।

निर्यात परमिट तथा आईसीओ मूल प्रमाणपत्र

कॉफ़ी बोर्ड, कॉफ़ी अधिनियम की धारा 20 के अधीन कॉफ़ी के निर्यात के लिए निर्यात परमिट जारी करता है। लंदन के अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन समझौता 2007, के अनुच्छेद 33 के अनुसार, कॉफ़ी बोर्ड भी कॉफ़ी के पंजीकृत निर्यातकों को कॉफ़ी के निर्यात के लिए अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन मूल प्रमाणपत्र जारी करता है।

निर्यात: कॉफ़ी बोर्ड ई-परमिट पोर्टल

https://www.coffeeboard.gov.in/permit पर ऑनलाइन आवेदन फाइल करने पर निर्यात परमिट तथा आईसीओ मूल प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं। सभी पंजीकृत निर्यातकों को प्रयोगकर्ता आई डी एवं पासवर्ड देते हुए भारतीय एवं पुनर्निर्यातित कॉफ़ी दोनों के लिए निर्यात परमिट का ऑनलाइन फाइल करने और निर्यात की पुष्टि की विवरणी प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान की गई है। वर्ष 2023-24 में कुल 12,984 निर्यात परमिट तथा आईसीओ मूल प्रमाणपत्र कॉफ़ी के 308 पंजीकृत निर्यातकों को जारी किए गए हैं, जबकि वर्ष 2022-23 के दौरान 12,470 निर्यात परमिट जारी किए गए थे। कुल 12,984 परमिट में से, 10,376 परमिट भारतीय मूल के कॉफ़ी के निर्यात के लिए जारी किए गए थे और 2,608 परमिट मूल्य वर्धन के बाद आयातित कॉफ़ी के पुनर्निर्यात के लिए जारी किए गए थे।

निर्यातकों के साथ संवाद

वर्ष के दौरान, कॉफ़ी निर्यातक तथा निर्यातक संघ/स्पेशालिटी कॉफ़ी संघ तथा लाइन विभागों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में निर्यात प्रोन्नयन योजना, अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम, व्यापार मेलों में सहभागिता, गुणता संबंधी मामले, वित्तीय सहायता आदि से संबंधित कई पणधारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किए गए। सभी संगत मुद्दों को समुचित मध्यस्थता एवं समर्थन हेतु मंत्रालय तथा लाइन विभाग में प्रस्तुत किया गया।

रिपोर्ट एवं विवरणियाँ

निर्यातक समुदाय को, उनकी गतिविधियों में सहायता कर उन्हें जानकारी देने के अलावा, कॉफ़ी निर्यात पर आवधिक रिपार्ट एवं विवरणी तैयार कर मंत्रालय तथा अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन को भेजी गई हैं। अवधि के दौरान, भेजी गई प्रमुख रिपोर्ट एवं विवरणियाँ निम्नानुसार हैं :

क) निर्यात निष्पादन पर दैनिक रिपोर्ट

ख) मंत्रालय को मासिक रिपोर्ट

ग) कॉफ़ी के प्राथमिक निर्यात पर गंतव्य-स्थान के अनुसार मूल्य एवं अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन (आईसीओ) को पुस्तक रुप में मासिक रिपोर्ट

घ) भारत से निर्यातित कॉफ़ी के लिए आईसीओ मूल प्रमाणपत्र के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन को मासिक आधार पर सांख्यिकीय आँकड़ों का प्रेषण

उपरोक्त रिपोर्टों के अलावा, निर्यातक-वार, देश-वार, प्रकार एवं श्रेणीवार रिपोर्ट निर्यात पर तैयार की गई हैं

कॉफ़ी के निर्यात योग्य प्रकार तथा श्रेणियाँ

अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन (आईसीओ) के कॉफ़ी गुणता सुधार कार्यक्रम के अनुसार बोर्ड द्वारा पहचाने गए निर्यात योग्य कॉफ़ी के प्रकार तथा श्रेणियों (संकल्प संख्या 420 तथा मॉनसूनीकृत कॉफ़ी के वर्तमान मानकों में संशोधन के बाद परिचालित पत्र सं. मार्च/निर्यात/33.बी/2010-11/790 दिनांक 18/08/2010 देखें) का विवरण निम्नानुसार हैं :

कॉफ़ी के निर्यात योग्य प्रकार तथा श्रेणियाँ

प्रकार	प्रीमियम श्रेणी	वाणिज्यिक श्रेणी	स्पेशालिटी कॉफ़ी
हरी कॉफ़ी अरेबिका पार्चमेंट (प्लांटेशन) (धुली अरेबिका)	पीबी बोल्ड ए ए	पीबी, ए,बी,सी* बल्क	मैसूर नग्गेट्स ई.बी
अरेबिका चेरी (अनधुली अरेबिका)	पीबी बोल्ड एए, ए.	पीबी, एबी., सी** बल्क***	मानसून्ड मालाबार-एएए मानसून्ड मालाबार-एए मानसून्ड मालाबार-ए मानसून्ड मालाबार अरेबिका ट्राइएज#
रोबस्टा पार्चमेंट (धुली रोबस्टा)	पीबी बोल्ड, ए	पीबी, एबी, सी, बल्क	रोबस्टा कापी रोयाल
रोबस्टा चेरी (अनधुली रोबस्टा)	पी बी बोल्ड एएए, एए, ए	पीबी, एबी, सी, बल्क, क्लीन बल्क	मानसून्ड मालाबार रोबस्टा- एए मानसून्ड मालाबार रोबस्टा ट्राइएज#
विविध श्रेणी लाइबेरिया एक्सेलशिया		बल्क ## बल्क ##	
इंस्टैंट कॉफ़ी			
भुनी कॉफ़ी बीज			
भुनी व पिसी कॉफ़ी			

* आईसीओ संकल्प 407/420 के पाद टिप्पणी में दिए गए समतुल्य का विवरण में सूचित किए अनुसार, प्लांटेशन-सी इसके लिए अपवाद है

** अरेबिका चेरी 'सी' - ब्लैक्स, ब्राउन्स एवं बिट्स रहित हो

*** अरेबिका चेरी बल्क में 10% से कम ब्लैक्स, ब्राउन्स एवं बिट्स हो

मानसून्ड अरेबिका ट्राइएज व मानसून्ड रोबस्टा ट्राइएज ब्लैक्स, ब्राउन्स एवं बिट्स रहित हो

रोबस्टा के समान दोष माना जाना

टिप्पणी: मानसून्ड कॉफ़ी के लिए नमी स्तर 13.0-14.5% है

कॉफ़ी के निर्यात

कॉफ़ी बोर्ड द्वारा जारी की गई निर्यात परमिट के आधार पर वर्ष 2023-24 के दौरान, भारत ने लगभग 3,83,653 मीट्रिक टन कॉफ़ी का निर्यात किया (1,10,367 मीट्रिक टन पुन: निर्यात सहित), जिसकी कुल कीमत ₹10,380 करोड़ रही (प्रति मीट्रिक टन ₹2,70,557 की औसत मूल्य प्राप्ति), जो कि अमेरिकी डॉलर में $1,254 मिलियन के समतुल्य है (प्रति मीट्रिक टन $3,269 मिलियन की औसत मूल्य प्राप्ति)। वर्ष 2022-23 के दौरान, ₹8,985 करोड़ मूल्य की 3,96,386 मीट्रिक टन कॉफ़ी (98,057 मीट्रिक टन पुनर्निर्यात सहित) के निर्यात के लिए निर्यात परमिट जारी किए गए, जो $1,120 मिलियन के समतुल्य है तथा इकाई मूल्य 2,26,673 रुपये प्रति मीट्रिक टन ($2,826 मिलियन प्रति मीट्रिक टन के समतुल्य) है। वर्ष 2023-24 के दौरान, निर्यात के लिए 113 देशों को निर्यात परमिट जारी किए गए हैं जबकि पिछले वर्ष 118 देशों को निर्यात परमिट जारी किए गए थे, जिनमें से इटली, जर्मनी, रुस संघ, संयुक्त अरब अमीरात एवं बेल्जीयम 5 अग्रणी आयातक देश थे।

वर्ष 2023-24* में निर्यातित कॉफ़ी के प्रकार (अनंतिम)

कॉफ़ी के प्रकार	मात्रा टन में* (जीबीई)	कुल निर्यात का प्रतिशत
रोबस्टा चेरी	162682	42.40%
इंस्टैंट/घुलनशील कॉफ़ी	147481	38.44%
अरेबिका पार्चमेंट	35705	9.31%
रोबस्टा पार्चमेंट	28459	7.42%
अरेबिका चेरी	8877	2.31%
भुनी व पिसी कॉफ़ी	393	0.10%
भुनी कॉफ़ी बीन्स	54	0.01%
कुल	**383653**	**100.00**

टिप्पणी : ग्रीन बीन समतुल्य मात्रा। *जारी निर्यात परमिट पर आधारित



टिप्पणी - ग्रीन बीन समतुल्य मात्रा। *जारी निर्यात परमिट पर आधारित

2023-24 में सर्वकालिक उच्च निर्यात रिकार्ड

2023-24 के दौरान, कॉफ़ी निर्यात लगातार तीसरे वित्तीय वर्ष में 1286 मिलियन अमेरिकी डॉलर [**निर्यात (NIRYAT)** के अनुसार] के साथ एक बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है, जबकि सरकार ने 1,249 मिलियन अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य निर्धारित किया था, जो मूल्य प्राप्ति के मामले में अब तक का उच्चतम स्तर है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कॉफ़ी निर्यात में वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 12% की वृद्धि हुई है [**निर्यात (NIRYAT)** के अनुसार] 1,146 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।

वर्ष 2023-24* के दौरान कॉफ़ी के निर्यातों का श्रेणीवार विवरण
(भारतीय व पुनर्निर्यातित कॉफ़ी दोनों)

क्र. सं.	श्रेणी	मात्रा (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)	इकाई मूल्य (₹/टन) में	इकाई मूल्य ($/टन में)
1	अरेबिका चेरी - ए	25	101.05	1.23	404200	4920
2	अरेबिका चेरी - एए	469	1745.11	21.10	372092	4499
3	अरेबिका चेरी - एबी	2256	6801.20	82.44	301472	3654
4	अरेबिका चेरी - बल्क	62	343.65	4.16	554274	6710
5	अरेबिका चेरी - सी	815	2247.60	27.22	275779	3340
6	अरेबिका चेरी - पीबी	271	740.78	9.03	273351	3332
7	इंस्टैंट कॉफ़ी	147481	367571.34	4437.91	249233	3009
8	लिबेरिया बल्क	117	333.98	4.04	285453	3453
9	मानसून्ड मालाबार अरेबिका- एएए	64	329.90	3.98	515469	6219
10	मानसून्ड मालाबार अरे.ट्राइएज	38	109.06	1.31	287000	3447
11	मानसून्ड मालाबार अरेबिका- ए	345	1370.33	16.54	397197	4794
12	मानसून्ड मालाबार अरेबिका- एए	4415	19565.00	235.88	443148	5343
13	मानसून्ड मालाबार रोबस्टा- एए	1024	2866.24	34.60	279906	3379
14	मैसूर नग्गेट्स - ईबी	3271	13765.41	166.42	420832	5088
15	प्लांटेशन - ए	12527	49378.56	597.52	394177	4770
16	प्लांटेशन - एए	8725	34637.01	418.64	396986	4798
17	प्लांटेशन - बी	6280	22247.18	268.90	354254	4282
18	प्लांटेशन - बल्क	2428	11873.04	143.90	489005	5927
19	प्लांटेशन - सी	1993	6689.32	81.31	335641	4080
20	प्लांटेशन - पीबी	482	1839.68	22.26	381676	4618
21	भुनी व पिसी कॉफ़ी	393	1913.69	23.11	486944	5880
22	भुनी कॉफ़ी बीज	54	310.61	3.74	575204	6926
23	रोबस्टा चेरी एएए	5965	16568.92	200.04	277769	3354

क्र. सं.	श्रेणी	मात्रा (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)	इकाई मूल्य (₹/टन) में	इकाई मूल्य ($/टन में)
24	रोबस्टा चेरी -ए	38022	97380.91	1176.84	256117	3095
25	रोबस्टा चेरी -एए	23022	59527.67	718.92	258569	3123
26	रोबस्टा चेरी -एबी	73382	186081.46	2248.35	253579	3064
27	रोबस्टा चेरी-बल्क	1974	5063.78	60.97	256524	3089
28	रोबस्टा चेरी - सी	80	204.78	2.49	255975	3113
29	रोबस्टा चेरी - पीबी	7868	19831.09	239.41	252047	3043
30	रोबस्टा चेरी क्लीन बल्क	11345	26675.67	322.22	235132	2840
31	रोबस्टा कापी रोयाले	7631	21716.61	262.71	284584	3443
32	रोबस्टा पार्चमेंट - ए	1237	3701.00	44.80	299192	3622
33	रोबस्टा पार्चमेंट - एबी	13131	37261.26	450.15	283766	3428
34	रोबस्टा पार्चमेंट - सी	1381	3339.38	40.46	241809	2930
35	रोबस्टा पार्चमेंट - पीबी	1357	3597.23	43.59	265087	3212
36	रोबस्टा पार्चमेंट बल्क	3677	10170.75	122.87	276605	3342
37	रोबस्टा पार्चमेंट पीबी -बोल्ड	45	103.97	1.26	231044	2800
	कुल	**383653**	**1038004**	**12540**	**270558**	**3269**

टिप्पणी - ग्रीन बीन के समतुल्य मात्रा *जारी किए गए निर्यात परमिट के आधार पर

वर्ष 2023-24* के दौरान कॉफ़ी निर्यात का देशवार विवरण (भारतीय और पुनर्निर्यातित कॉफ़ी दोनों)

क्र.सं.	देश का नाम	मात्रा (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
1	इटली	63998.53	167511.67	2022.92
2	जर्मनी	37151.27	104795.18	1266.10
3	रूसी संघ	25256.61	62900.82	760.63
4	संयुक्त अरब अमीरात	21478.07	58063.33	700.92
5	बेल्जियम	18755.58	51927.93	628.16
6	तुर्की	16508.00	35700.95	431.35
7	पोलैंड	14814.16	35222.26	425.61
8	मलेशिया	11728.89	22741.62	274.38
9	लीबिया	10970.85	27813.90	335.53
10	जॉर्डन	10843.61	37480.63	453.75

क्र.सं.	देश का नाम	मात्रा (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
11	यू.एस.ए.	9040.06	34948.94	421.98
12	यूनाइटेड किंगडम	7567.06	25134.65	303.83
13	कुवैत	7235.42	26551.06	321.02
14	ग्रीस	6182.80	17147.72	207.42
15	सऊदी अरब	6092.78	21078.88	254.27
16	दक्षिणी कोरिया गणराज्य	5719.56	15779.46	190.86
17	ऑस्ट्रेलिया	5594.65	16756.76	202.66
18	स्पेन	5192.28	13544.30	163.77
19	नीदरलैंड्स	5120.25	13868.48	167.85
20	मिस्र	4697.99	13416.61	161.86
21	यूक्रेन	4487.74	10177.32	122.95
22	पुर्तगाल	3849.49	9261.27	111.97
23	क्रोएशिया	3516.06	8400.38	101.57
24	इराक	3515.97	8694.95	104.81
25	स्विट्जरलैंड	3416.64	13177.73	159.21
26	स्लोवेनिया	3152.50	7693.84	92.99
27	वियतनाम	3073.05	6156.35	74.40
28	बांग्लादेश	2868.26	7527.59	90.88
29	लेबनान	2721.36	5702.18	69.01
30	इज़राइल	2660.94	7094.08	85.79
31	सेनेगल	2657.41	8467.36	102.17
32	घाना	2620.54	8678.06	104.63
33	ताइवान	2614.21	5784.19	69.83
34	फ्रांस	2510.82	8033.94	97.17
35	नाइजीरिया	2453.94	5137.76	61.95
36	सीरिया	2400.50	5249.96	63.58
37	इंडोनेशिया	2088.45	4277.76	51.20
38	ईरान, इस्लामिक आर/ओ	2063.85	5254.52	63.54
39	नाइजर	2051.58	4822.28	58.36
40	अल्जीरिया	1964.38	5575.29	67.26
41	माली	1925.83	4945.15	59.53
42	मॉरिटानिया	1765.90	5179.05	62.43
43	टोगो	1643.47	4313.11	52.04

क्र.सं.	देश का नाम	मात्रा (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
44	रोमानिया	1558.40	3789.62	45.72
45	अल्बानिया	1556.60	4331.04	52.39
46	ट्यूनीशिया	1404.09	2861.70	34.56
47	नेपाल	1379.70	6085.64	73.40
48	मोरक्को	1285.16	3585.08	43.22
49	फ़िनलैंड	1237.25	2959.47	35.88
50	मोंटेनेग्रो	1141.72	2417.03	29.22
51	जॉर्जिया	1107.02	2557.89	30.96
52	कांगो	1064.18	2931.97	35.39
53	लातविया	941.03	2562.69	30.95
54	म्यांमार	901.62	1814.05	21.89
55	कनाडा	895.58	2880.83	34.76
56	मेक्सिको	862.91	1669.33	20.22
57	गिनी	858.57	2811.34	33.92
58	जापान	799.10	2972.73	35.95
59	बुल्गारिया	761.85	1908.36	23.02
60	चीन, पीपुल्स आर/ओ	756.13	1603.96	19.38
61	स्वीडन	713.43	2614.66	31.72
62	आर्मेनिया	636.15	1777.58	21.53
63	एस्टोनिया	617.39	1473.70	17.85
64	सिंगापुर	541.96	1592.11	19.23
65	कैमरून	521.39	1316.20	15.89
66	ओमान	483.29	1393.42	16.84
67	गाम्बिया	446.88	1506.32	18.14
68	न्यूज़ीलैंड	393.70	1253.50	15.15
69	थाईलैंड	389.87	933.37	11.28
70	तुर्कमेनिस्तान	373.67	1023.89	12.40
71	आइवरी कोस्ट	367.59	1103.85	13.18
72	उज़बेकिस्तान	358.42	766.66	9.27
73	बुर्किना फ़ासो	321.36	722.43	8.70
74	दक्षिण अफ्रिका	244.11	689.07	8.32
75	बेनिन	226.94	564.54	6.82
76	गैबॉन	193.36	414.81	5.01

क्र.सं.	देश का नाम	मात्रा (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
77	केन्या	187.57	420.19	5.09
78	साइप्रस	174.57	424.48	5.14
79	पेरू	163.09	738.05	8.89
80	श्रीलंका	147.03	430.08	5.19
81	लिथुआनिया	146.19	400.82	4.82
82	कजाखस्तान	135.44	321.27	3.89
83	नॉर्वे	132.87	657.34	7.96
84	चेक गणराज्य	130.64	329.64	3.99
85	कतर	101.50	474.83	5.73
86	ओमान सल्तनत	99.70	328.34	3.96
87	सूडान	96.00	253.07	3.06
88	अज़रबैजान	91.45	189.03	2.30
89	आयरलैंड	77.98	288.15	3.48
90	एल साल्वाडोर	67.08	183.03	2.20
91	तंजानिया	62.74	194.92	2.35
92	फ्रेंच पोलिनेशिया	61.70	177.18	2.14
93	कोसोवो	61.18	119.25	1.44
94	चाड	50.73	106.53	1.28
95	अंगोला	50.41	125.07	1.52
96	फ़िलीपींस	46.81	69.28	0.84
97	भूटान	46.33	190.65	2.31
98	स्लोवाकिया	39.00	83.12	1.00
99	हांगकांग	30.01	118.94	1.43
100	इक्वेटोरियल गिनी	26.52	60.17	0.73
101	मालदीव	22.37	55.23	0.67
102	मध्य अफ्रिका	20.54	71.11	0.85
103	लक्समबर्ग	19.30	140.38	1.69
104	मोल्दोवा	12.44	46.64	0.57
105	मॉरीशस	10.16	25.90	0.31
106	बहरीन	10.02	50.12	0.61
107	ताजिकिस्तान	9.10	25.37	0.31
108	फ़िजी	8.96	21.28	0.26
109	मेडागास्कर	0.34	0.63	0.01

क्र.सं.	देश का नाम	मात्रा (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
110	कोमोरोस	0.31	0.97	0.01
111	सेशेल्स	0.30	2.27	0.03
112	ब्रुनेई दारुस्सलाम	0.29	1.53	0.02
113	होंडुरास	0.27	1.28	0.02
कुल		**383653**	**1038004**	**12540**

टिप्पणी : ग्रीन बीन के समतुल्य मात्रा। *जारी किए गए निर्यात परमिट के आधार पर

वर्ष 2023-24* के दौरान पुन-निर्यातित कॉफ़ी का देशवार विवरण

क्र.सं.	देश का नाम	परिमाण (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
1	रूसी संघ	19786.59	48667.11	588.55
2	पोलैंड	11835.82	27310.42	330.02
3	मलेशिया	10684.72	19984.91	241.15
4	तुर्की	9233.67	18780.70	226.63
5	यूनाइटेड किंगडम	5161.11	17293.67	209.07
6	संयुक्त अरब अमीरात	4680.58	11773.76	141.97
7	यू.एस.ए.	4049.38	18531.07	223.55
8	इटली	3775.60	8484.16	102.39
9	यूक्रेन	3748.96	7750.81	93.62
10	बांग्लादेश	2224.85	6093.83	73.57
11	वियतनाम	2094.40	3818.71	46.08
12	इंडोनेशिया	2088.45	4277.76	51.20
13	सेनेगल	1947.14	6430.64	77.56
14	ताइवान	1847.15	3720.10	44.94
15	घाना	1804.44	6346.69	76.49
16	स्विट्जरलैंड	1647.65	6480.43	78.40
17	लेबनान	1317.77	2103.23	25.39
18	नीदरलैंड्स	1305.43	3214.57	38.89
19	जर्मनी	1212.78	2487.99	30.11
20	मॉरिटानिया	1135.85	3705.88	44.69
21	फ़िनलैंड	1103.91	2570.91	31.18
22	बेल्जियम	1064.83	2563.48	31.01

क्र.सं.	देश का नाम	परिमाण (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
23	इराक	972.68	2475.84	29.82
24	जॉर्डन	931.89	1500.36	18.15
25	ट्यूनीशिया	926.17	1897.96	22.88
26	जॉर्जिया	908.44	2106.71	25.48
27	मेक्सिको	842.40	1612.65	19.54
28	सऊदी अरब	842.02	2444.83	29.44
29	स्पेन	763.93	1932.96	23.33
30	ऑस्ट्रेलिया	751.21	2296.64	27.75
31	कांगो	723.95	1974.18	23.83
32	टोगो	687.03	1958.94	23.69
33	रोमानिया	672.83	1618.16	19.53
34	माली	608.36	1439.65	17.33
35	नाइजीरिया	562.71	1385.18	16.70
36	गिनी	466.98	1747.07	21.08
37	जापान	397.95	1245.84	15.06
38	थाईलैंड	389.48	929.93	11.23
39	उज़बेकिस्तान	358.42	766.66	9.27
40	कोरिया गणराज्य	350.74	878.97	10.62
41	आइवरी कोस्ट	318.19	989.24	11.79
42	ग्रीस	301.60	657.83	7.92
43	चीन, पीपुल्स आर/ओ	244.27	585.06	7.07
44	कैमरून	241.70	647.08	7.83
45	फ्रांस	209.04	583.06	7.08
46	नाइजर	206.39	519.84	6.31
47	गाम्बिया	205.40	745.62	8.99
48	म्यांमार	194.74	411.05	4.97
49	आर्मेनिया	192.76	494.35	6.00
50	केन्या	187.57	420.19	5.09
51	लातविया	179.71	497.98	6.03
52	अल्जीरिया	158.26	389.77	4.70
53	साइप्रस	155.37	378.24	4.58
54	पेरू	138.93	616.22	7.42

क्र.सं.	देश का नाम	परिमाण (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
55	दक्षिण अफ्रीका	126.86	367.46	4.44
56	चेक गणराज्य	110.50	223.50	2.70
57	नेपाल	101.14	287.46	3.47
58	बेनिन	95.00	249.30	3.02
59	लीबिया	91.48	326.46	3.97
60	अज़रबैजान	91.45	189.03	2.30
61	ईरान, इस्लामिक आर/ओ	91.00	205.27	2.48
62	कज़ाकिस्तान	72.17	150.96	1.82
63	एल साल्वाडोर	67.08	183.03	2.20
64	क्रोएशिया	66.46	151.67	1.83
65	मिस्र	52.05	118.11	1.42
66	श्रीलंका	48.58	111.81	1.35
67	इज़राइल	47.81	149.47	1.81
68	फिलीपींस	46.80	69.15	0.83
69	बुर्किना फ़ासो	45.12	107.31	1.29
70	आयरलैंड	44.93	181.13	2.18
71	कोसोवो	41.18	78.12	0.94
72	तंजानिया	37.44	113.84	1.37
73	बुल्गेरिया	36.62	99.08	1.20
74	अंगोला	33.77	69.11	0.83
75	सिंगापुर	27.34	62.38	0.75
76	इक्वेटोरियल गिनी	26.52	60.17	0.73
77	गैबॉन	24.24	56.11	0.68
78	मध्य अफ्रिका	20.54	71.11	0.85
79	न्यूज़ीलैंड	20.28	64.88	0.78
80	स्लोवाकिया	19.50	43.05	0.52
81	कनाडा	17.00	55.20	0.66
82	मॉरीशस	10.16	25.90	0.31
83	तुर्कमेनिस्तान	9.67	21.64	0.26
84	मालदीव	1.95	3.56	0.04
	कुल	**110367**	**274434**	**3314**

टिप्पणी : ग्रीन बीन समतुल्य मात्रा। *जारी निर्यात परमिट पर आधारित

वर्ष 2023-24* के दौरान 10 अग्रणी निर्यातक
[भारतीय और पुनर्निर्यातित कॉफ़ी दोनों]

क्र.सं.	निर्यातक का नाम	मात्रा (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
1	सीसीएल प्रोडक्टस् इंडिया लिमिटेड	40223.33	118996.72	1437.02
2	विद्या हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड	31715.33	80414.38	970.93
3	ओलम फुड़ इंग्रिडीएंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	25982.06	77617.76	938.13
4	एन.के.जी. इंडिया कॉफ़ी प्राइवेट लिमिटेड	23619.34	67814.43	819.86
5	इंडस कॉफ़ी प्राइवेट लिमिटेड	22031.47	51197.30	618.54
6	अल्लानासन्स प्राइवेट लिमिटेड	21476.57	64559.57	780.34
7	टाटा कॉफ़ी लिमिटेड	17015.24	45873.28	554.81
8	लुइस ड्रेफस कंपनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	16343.30	47433.96	573.85
9	सक्डेन कॉफ़ी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	15267.30	41375.73	499.33
10	ईकाम कमॉडिटीस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	14894.10	41086.29	497.21
11	अन्य	155084.59	401634.87	4850.36
	कुल	**383653**	**1038004**	**12540**

टिप्पणी: ग्रीन बीन के समतुल्य मात्रा। *जारी निर्यात परमिट पर आधारित

वर्ष 2023-24* के दौरान श्रेणीवार कॉफ़ी निर्यात
(भारतीय एवं पुनः निर्यातित कॉफ़ी)

क्र. सं.	कॉफ़ी के प्रकार	मात्रा (टन में)	मूल्य (लाख ₹ में)	मूल्य (लाख $ में)
1	ग्रीन कॉफ़ी (ग्रीन स्पेशालिटी कॉफ़ी को छोड़कर)	218935	608486	7354
2	ग्रीन स्पेशालिटी कॉफ़ी	16788	59723	721
3	घुलनशील, भुनी व पिसी एवं ग्राउंड कॉफ़ी	147929	369796	4465
कुल		**383653**	**1038004**	**12540**

टिप्पणी - ग्रीन बीन समतुल्य मात्रा।



*जारी निर्यात परमिट पर आधारित

निर्यात प्रोन्नयन स्कीम - कॉफ़ी के निर्यात के लिए पारगमन/माल ढुलाई सहायता देना।

मध्यमावधि ढाँचे (एमटीएफ) की अवधि के दौरान कॉफ़ी के निर्यात के लिए पारगमन/माल ढुलाई की सहायता प्रदान करने के लिए तौर-तरीकों की अधिसूचना संख्या.MAR/EXPORTS/MTF/2018-19/499, दिनांक 13.07.2018 के अनुसार निर्यात प्रोन्नयन स्कीम को दि.13.07.2018 से जो लागू की गई है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइट पर प्रसारित किया गया है। स्कीम का उद्देश्य है कि महत्वपूर्ण उच्च मूल्य अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में इंडिया ब्रांड बनाने और उच्च मूल्य विभेदित कॉफियों द्वारा मूल्य वर्धित कॉफियों के मार्केट अंश (शेयर) की वृद्धि करने द्वारा निर्यात आय को बढ़ाना है।

पारगमन/माल ढुलाई सहायता का पैमाना

i) यू.एस.ए., कनाडा, जापान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड तथा नार्वे जैसे दूरवर्ती उच्च मूल्य बाज़ारों को उच्च मूल्य ग्रीन कॉफ़ी के निर्यात के लिए ₹2/- प्रति कि.ग्रा.।

ii) "इंडिया ब्रांड" के रूप में निर्यातित खुदरा उपभोक्ता पैक में मूल्य वर्धित कॉफ़ी के निर्यात के लिए ₹3/- प्रति कि.ग्रा., इसकी विनिर्माण/तैयारी के लिए उपयोग की जाने वाली ग्रीन कॉफ़ी के अधार पर की जाती है, जो इंस्टैंट/घुलनशील कॉफ़ी के लिए अधिकतम 2.6 कि.ग्रा. और भुनी हुई कॉफ़ी बीज और आर एण्ड जी कॉफ़ी के लिए 1.19 कि.ग्रा. की दर से होगी।

वर्ष 2023-24 के दौरान वितरित निर्यात प्रोत्साहन इस प्रकार हैं :

क्र.सं.	घटक	मात्रा टनों में	मूल्य (लाख ₹ में)
1	दूरवर्ती बाज़ारों पर उच्च मूल्य ग्रीन कॉफ़ी के निर्यात के लिए ₹2/- कि.ग्रा. की दर से दिए गए प्रोत्साहन	13791	276
2	"'इंडिया ब्रांड" के रुप में रिटेल पैक में मूल्य वर्धित कॉफ़ी के निर्यात के लिए ₹3/-कि.ग्रा. की दर पर दिए गए प्रोत्साहन	10760	323
	कुल	**24551**	**599**

टिप्पणी - ग्रीन बीन समतुल्य मात्रा।

भारतीय कॉफ़ी की ब्रांडिंग के लिए लोगो

कॉफ़ीस ऑफ़ इंडिया - मातृ लोगो

कॉफ़ीस आफ़ इंडिया - निर्यात लोगो

भारतीय कॉफ़ी बोर्ड ने इंडिया ब्रांड के रुप में मूल्य वर्धित कॉफ़ी के निर्यात को बढ़ाने और छाया में उगाए, धारणीय एवं आभायुक्त भारतीय कॉफ़ी का चित्रण कॉफ़ीज़ ऑफ़ इंडिया लोगो में दर्शाकर भारतीय कॉफ़ी की पहचान सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। वास्तव में लोगो प्रतीकात्मक रूप से यह बोध कराता है कि भारतीय कॉफ़ी छाया में उगाई जाती है, भारत के कॉफ़ी उगाने वाले क्षेत्र विश्व के 25 जैव-विविधतायुक्त महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है और भारत में उगाए जाने वाली कॉफ़ी की विविधता पर भी प्रकाश डालता है।

निर्यात प्रोन्नयन

कॉफ़ी बोर्ड द्वारा विभिन्न निर्यात प्रोन्नयन गतिविधियों को प्रचलित किया जा रहा है जैसे कॉफ़ी केन्द्रित व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों, क्रेता-विक्रेता बैठकों (बीएसएम) एवं उत्क्रम क्रेता-विक्रेता बैठकों (आरबीएसएम) में भाग लेना, कॉफ़ी स्वादन के सत्रों का आयोजन करना, प्रमुख कॉफ़ी आयातक देशों में भारतीय दूतावासों एवं विदेशी संघों के साथ सहयोग करना, डिजिटल मीडिया के माध्यम से ब्रांड निर्माण तथा प्रचार अभियान चलाना, गॉरमेट कॉफ़ी गिफ्ट बॉक्स उपलब्ध कराना आदि। वर्ष के दौरान बोर्ड ने निम्नलिखित कुल 5 भौतिकी कार्यक्रमों में भाग लिया तथा एक आभासी व्यवहार नेटवर्क बैठक (वर्चुअल बुसिनेस नेटवर्क मीट) का आयोजन किया जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है:

क्र.सं.	आयोजन एवं स्थान	स्थान / राष्ट्र	अवधि
1.	मेलबर्न इंटरनेशनल कॉफ़ी एक्सपो, बी.एस.एम. (क्रय-विक्रय बैठक) के साथ	मेलबर्न, आस्ट्रेलिया	17-19 अगस्त, 2023
2.	वर्ल्ड फूड मॉस्को	मॉस्को, रूस	19-22 सितंबर, 2023
3.	होस्ट मिलानो	मिलान, इटली	13-17 अक्टूबर, 2023
4.	सियोल कैफ़े शो, बी.एस.एम. (क्रय-विक्रय बैठक) के साथ	सियोल, दक्षिण कोरिया	08-11 नवंबर, 2023
5.	गल्फूड 2024, बी.एस.एम. (क्रय-विक्रय बैठक) के साथ	दुबई, यू.ए.ई.	19-23 फ़रवरी, 2024
	कॉफ़ी बोर्ड ने भारतीय दूतावास, बैंकॉक, थाईलैंड के सहयोग से मई, 2023 के महीने के दौरान एक वर्चुअल बिजनेस नेटवर्क मीट का आयोजन किया।		

******

अध्याय VIII

बाजार अनुसंधान एवं आसूचना

बोर्ड के बाज़ार अनुसंधान एवं आसूचना एकक द्वारा 2023-24 के दौरान निम्नलिखित कार्य निष्पादित किए गए हैं :

- एकक ने मूल्य, आपूर्ति, मांग और अन्य मूलभूत एवं तकनीकी कारकों से संबंधित दैनिक बाज़ार जानकारी (वैश्विक एवं भारत से संबंधित दोनों) के संग्रह एवं समेकन का कार्य जारी रखा जो बाज़ार विश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन सूचनाओं को उद्योग क्षेत्र के साथ-साथ सरकार को भी प्रेषित की गई। वर्ष 2023-24 के दौरान, कुल 216 दैनिक बाज़ार रिपोर्ट तैयार करके प्रसारित की गई।
- अवधि के दौरान दैनिक बाज़ार विश्लेषण से संबंधित दैनिक ई-मेल सूचना जारी रखी गई। इस सुविधा को विस्तार विभाग द्वारा उपजकर्ताओं तक बढ़ाई गई तथा वेबसाइट www.coffeeboard.gov.in में पोस्ट की गई।
- एकक ने भारतीय और वैश्विक कॉफ़ी आंकड़ों को कवर करते हुए एक व्यापक "कॉफ़ी पर डेटाबेस" प्रकाशित किया है जो नीति निर्माताओं और हितधारकों के लिए बहुत उपयोगी है।
- मौसम 2023-24 के लिए विभिन्न श्रेणी के जोतों एवं कॉफ़ी अंचल/क्षेत्रों भर स्तरीय अनियमित नमूना चयन तकनीकों का प्रयोग कर फसल प्राक्कलन तैयार किए गए।
  - 2023-24 के लिए पुष्पणोत्तर प्राक्कलन 3,74,200 मीट्रिक टन (अरेबिका का 1,13,000 मीट्रिक टन एवं रोबस्टा का 2,61,200 मीट्रिक टन) था।
  - 2023-24 के लिए मानसूनोत्तर प्राक्कलन 3,60,500 मीट्रिक टन (अरेबिका का 1,01,500 मीट्रिक टन एवं रोबस्टा का 2,59,000 मीट्रिक टन) था।
- एकक ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू टी ओ) और कॉफ़ी से संबंधित व्यापार नीति मामलों पर आर्थिक एवं विश्लेषणात्मक समर्थन प्रदान किया है। एकक ने विश्लेषण करके मुक्त व्यापार समझौतों के अधीन कॉफ़ी के लिए उत्पाद विशिष्ट नियम तैयार किया है तथा इसे मंत्रालय को भी प्रस्तुत किया है।
- एकक द्वारा निर्यात अनुभाग की गतिविधियों का समन्वय किया जाता है।
- एकक ने ज्यादा मध्यस्थों के बिना कॉफ़ी उपजकर्ताओं तथा उद्यमियों को सीधे निर्यात करने के लिए प्लैटफार्म प्रदान करते हुए 'विक्रयम" नाम से एक ऊष्मायन कार्यक्रम आयोजित किया।
- एकक ने अरेबिका और रोबस्टा कॉफ़ी दोनों की स्थापना लागत के आकलन पर कार्य किया है। इसे इकाई लागत का निर्धारण के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को प्रस्तुत किया गया है।
- घरेलू शुद्ध कॉफ़ी का उपभोग बढ़ाने तथा भारतीय उच्च गुणवत्ता वाली कॉफ़ी के प्रीमियमीकरण के लिए कॉफ़ी बोर्ड ने "इंडिया कॉफ़ी-टेस्ट नेचर", "कॉफ़ीस ऑफ़ इंडिया" एवं "इंडिया कॉफ़ी-हेरिटेज" ब्रांड के तहत ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों में लॉन्च किया। एकक द्वारा इन गतिविधियों का समन्वय किया जाता है।

